
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 239 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 08 जून 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में लू का अलर्ट, 11-12 जून से राहत के आसार

समाज जागरण

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मानसून देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर हिस्सों में तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन उत्तर भारत के लोगों को अभी भीषण गर्मी और लू का सामना करना पड़ेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई इलाकों में अगले कुछ दिनों तक लू चलने की चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब में 11 और 12 जून के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना है। हवाओं की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तथा झोंकों की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इसके बावजूद 8 से 11 जून तक इन क्षेत्रों में लू का प्रभाव बना रहने की आशंका है।




उत्तर प्रदेश में भी गर्मी का असर जारी रहेगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 10 से 12 जून के दौरान तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 11 और 12 जून को कुछ स्थानों पर बारिश होने की संभावना जताई गई है। हालांकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में 9 और 10 जून तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 9 से 11 जून तक लू चल सकती है।

राजस्थान में मौसम की स्थिति सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। पश्चिमी राजस्थान में धूल भरी आंधी के साथ 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं, जबकि झोंकों की गति 70 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना है। इसके बाद 8 से 12 जून तक पश्चिमी राजस्थान में भीषण लू का दौर जारी रह सकता है। वहीं पूर्वी राजस्थान में 6 से 12 जून तक कहीं-कहीं बारिश तथा 7 से 12 जून तक तेज हवाएं चलने की संभावना है।

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 7 से 12 जून तक रुक-रुक कर बारिश हो सकती है। हिमाचल प्रदेश में 6 से 8 जून और 11 से 12 जून के दौरान तथा उत्तराखंड में 6 से 12 जून तक हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ क्षेत्र में भी अगले कुछ दिनों तक बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इन क्षेत्रों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

इस बीच दक्षिण-पश्चिम मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है। आईएमडी के अनुसार मानसून अरब सागर, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, बंगाल की खाड़ी तथा पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों में मानसून महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पूर्वोत्तर भारत तथा उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के और क्षेत्रों में आगे बढ़ सकता है।

हालांकि उत्तर भारत में मानसून पहुंचने में अभी कुछ समय लग सकता है। ऐसे में लोगों को अगले कुछ दिनों तक गर्मी और लू से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। (इनपुट : आईएएनएस)

### जिम में फंसाया, दाढ़ी बढ़वाई, नमाज पढ़वाई...

समाज जागरण संवाददाता

शामली, 07 जून 2026: उत्तर प्रदेश के शामली जनपद में धर्मांतरण और पहचान बदलने के गंभीर आरोपों से जुड़ा मामला सामने आया है, जिसने पुलिस और खुफिया एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है।

आरोप है कि एक नामी दवा व्यापारी के उच्च शिक्षित बेटे आयुष मलिक को कथित रूप से एक साजिश के तहत प्रेम जाल में फंसाकर उसकी पहचान बदल दी गई और बाद में उसका नाम "मोहम्मद अली" रखा गया। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी महिला जिम ट्रेनर चांदनी कुरैशी और उसके पिता इस्लाम कुरैशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामले में पुलिस ने 3 मौलवियों समेत कुल 10 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि बाकी फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है।

## पीएम मोदी के दौरे का दिखा असर, गर्मी की छुट्टियों में पर्यटकों से भरा दमन

### देवका और जामपोर बीच बने पर्यटकों की पहली पसंद, 'मिनी गोवा' के रूप में उभर रहा दमन

समाज जागरण संवाददाता

दमन, 07 जून 2026: दक्षिण गुजरात से सटा केंद्र शासित प्रदेश दमन इन दिनों पर्यटकों की भारी भीड़ से गुलजार है। गर्मी की छुट्टियों के अंतिम दिनों में भी यहां देशभर से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग विशेष रूप से दमन के समुद्री तटों का रुख कर रहे हैं, जहां देवका बीच और जामपोर बीच जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

समुद्र तटों की स्वच्छता, बेहतर व्यवस्थाएं और सुरक्षित वातावरण पर्यटकों को खासा आकर्षित कर रहा है। परिवारों के साथ पहुंचे पर्यटक यहां प्राकृतिक सुंदरता के बीच सुकून और मनोरंजन दोनों का आनंद ले रहे हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अपने दमन दौरे के दौरान कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया था। उन्होंने अपने संबोधन में दमन की तुलना सिंगापुर से करते हुए इसे तेजी से विकसित हो रहा पर्यटन केंद्र बताया था।



प्रधानमंत्री के दौरे और विकास परियोजनाओं के बाद यहां पर्यटन गतिविधियों में तेजी देखी जा रही है। पर्यटकों का कहना है कि दमन अब ह्यमिनी गोवाह्ल के रूप में उभर रहा है, जहां कम बजट में बेहतर, सुरक्षित और मनोरंजन से भरपूर अनुभव मिल रहा है।

पर्यटक खुशबू महिडा ने बताया कि यहां का वातावरण गर्मी के मुकाबले काफी ठंडा और आरामदायक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दौरे और विकास कार्यों की चर्चा सुनकर उन्होंने परिवार के साथ दमन आने का निर्णय लिया।

वहीं पर्यटक कल्पेश बारिया ने बताया कि एयरपोर्ट उद्घाटन के बाद यहां पर्यटन को नई गति मिली है। देवका बीच और जामपोर बीच का विकास उल्लेखनीय है और नाइट शो सहित विभिन्न मनोरंजन गतिविधियां पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। दिन में समुद्री लहरों का आनंद लेने के बाद रात में डीजे नाइट, आकर्षक लाइटिंग और एडवेंचर गतिविधियों ने दमन के पर्यटन अनुभव को और भी खास बना दिया है। आने वाले दिनों में यहां पर्यटकों की संख्या और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

## आरबीआई के फैसले से राहतः जून में ईएमआई स्थिर, होम लोन बाजार में नहीं होगा कोई बदलाव

### रेपो रेट 5.25% पर बरकरार, सरकारी और निजी बैंकों में होम लोन की दरों में प्रतिस्पर्धा जारी

समाज जागरण संवाददाता

नई दिल्ली, 07 जून 2026: भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने के फैसले से होम लोन लेने वालों को बड़ी राहत मिली है। इस निर्णय के बाद जून महीने में ईएमआई बढ़ने की कोई संभावना नहीं है, जिससे मौजूदा और नए दोनों तरह के कर्जदारों को फायदा मिलेगा।

रेपो रेट वह दर होती है जिस पर आरबीआई बैंकों को अल्पकालिक ऋण देता है। इसमें बदलाव होने पर बैंकों की उधारी लागत प्रभावित होती है, जिसका सीधा असर होम लोन की ब्याज दरों और ईएमआई पर पड़ता है। इस बार आरबीआई ने नीतिगत रुख को तटस्थ रखते हुए दरों में कोई बदलाव नहीं किया है।



#### सरकारी बैंकों की दरें

सरकारी बैंकों में होम लोन की दरों में प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) में होम लोन 7.25% से शुरू होकर 9.05% तक जाता है। बैंक ऑफ बड़ौदा 7.20% से 9.25% के बीच लोन दे रहा है। वहीं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया में शुरूआती दर 7.10% है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया 7.15% से लोन उपलब्ध करा रहा है, जबकि केनरा बैंक में दर 7.25% से शुरू होती है। इंडियन ओवरसीज बैंक नौकरीपेशा ग्राहकों को 7.10% की शुरूआती दर पर होम लोन दे रहा है।

#### निजी बैंकों की स्थिति

निजी क्षेत्र के बैंकों में भी होम लोन को लेकर प्रतिस्पर्धा बनी हुई है। आईसीआईसीआई बैंक में दरें 7.50% से शुरू होती हैं, जबकि कोटक महिंद्रा बैंक 7.60% से लोन ऑफर कर रहा है। एचडीएफसी बैंक की शुरूआती दर 7.75% है। वहीं एक्सिस बैंक में ब्याज दरें 8% से शुरू होकर ग्राहक की प्रोफाइल के आधार पर 11.90% तक पहुंच सकती हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि होम लोन लेते समय केवल ब्याज दर ही नहीं, बल्कि प्रोसेसिंग फीस, प्री-पेमेंट चार्ज, फोरक्लोजर चार्ज, लोन अवधि और क्रेडिट स्कोर जैसे पहलुओं पर भी ध्यान देना जरूरी है। कई बार थोड़ी अधिक ब्याज दर वाला लोन बेहतर शर्तों के कारण अधिक लाभदायक साबित हो सकता है।

यदि ग्राहक का क्रेडिट स्कोर अच्छा है, तो उन्हें कम ब्याज दर पर लोन मिलने की संभावना अधिक रहती है। आरबीआई के फैसले के बाद फिलहाल होम लोन बाजार में स्थिरता बनी हुई है, जिससे घर खरीदने की योजना बना रहे लोगों को राहत मिली है।

डिस्क्लेमरः होम लोन की ब्याज दरें समय-समय पर बदल सकती हैं और यह ग्राहक की प्रोफाइल, आय, क्रेडिट स्कोर तथा बैंक की नीतियों पर निर्भर करती हैं। किसी भी वित्तीय निर्णय से पहले संबंधित बैंक की आधिकारिक जानकारी अवश्य जांच लें। (इनपुट-आईएएनएस)

## सबसे कम उम्र में भारतीय क्रिकेट टीम में चयनः वैभव सूर्यवंशी को मिली बधाई, देशभर में खुशी की लहर

### साधारण किसान परिवार से निकलकर राष्ट्रीय टीम तक पहुंचा बिहार का युवा, रवि शंकर प्रसाद ने दी शुभकामनाएं

समाज जागरण संवाददाता

नई दिल्ली, 07 जून 2026: भारतीय क्रिकेट टीम में सबसे कम उम्र में चयनित होने पर बिहार के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को देशभर से बधाइयों का सिलसिला जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इसे देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है।

रवि शंकर प्रसाद ने अपने संदेश में कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने वाले युवाओं के लिए वैभव का यह सफर एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि बिहार के समस्तीपुर



जिले के एक साधारण किसान परिवार से निकलकर भारतीय क्रिकेट टीम तक पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि प्रतिभा उम्र और परिस्थितियों की मोहताज नहीं होती।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। विश्वास जताते हुए उन्होंने कहा कि वैभव सूर्यवंशी अपने प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे और विश्व मंच पर तिरंगे का मान बढ़ाएंगे। युवा खिलाड़ी के चयन के बाद उनके गांव और जिले में खुशी का माहौल है और लोग इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत मान रहे हैं।

### जंतर-मंतर प्रदर्शन में 93 मोबाइल चोरी के दावे को DCP ने बताया गलत, अफवाह न फैलाने की अपील

समाज जागरण संवाददाता

नई दिल्ली, 07 जून 2026 दिल्ली के जंतर-मंतर पर हाल ही में हुए एक प्रदर्शन के दौरान 93 मोबाइल फोन चोरी होने के दावे को दिल्ली पुलिस ने सिरे से खारिज कर दिया है।

डीसीपी न्यू दिल्ली की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर स्पष्ट किया गया कि यह दावा पूरी तरह से तथ्यहीन और भ्रामक है कि 06 जून 2026 को हुए प्रदर्शन के दौरान इतनी बड़ी संख्या में मोबाइल फोन चोरी हुए थे।

## राम मंदिर चढ़ावे पर सियासत तेजः अखिलेश यादव के गायब करोड़ों" दावे से मचा हड़कंप, ट्रस्ट ने आरोपों को बताया निराधार

### सपा प्रमुख ने कोर्ट से संज्ञान लेने की मांग की, राम मंदिर ट्रस्ट ने कहा— "कोई अनियमितता नहीं, ऑडिट जारी"

समाज जागरण संवाददाता

अयोध्या, 07 जून 2026 अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की राशि को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया है कि मंदिर में आए चढ़ावे की "करोड़ों रुपये की राशि गायब" है और इस मामले में न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह मामला श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा हुआ है और इसकी गंभीरता को देखते हुए जांच जरूरी है। उन्होंने सरकार पर चुप्पी साधने का भी आरोप लगाया। उनके इस बयान के बाद राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से प्रतिक्रिया सामने आई है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने लिखित बयान में कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का नियमित आंतरिक ऑडिट किया जा रहा है और अब तक किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता सामने नहीं आई है।

वहीं ट्रस्ट के सदस्य और निर्मोही अखाड़ा से जुड़े महंत दिनेंद्र दास ने भी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ट्रस्ट पूरी निष्ठा और पारंपरिक प्रक्रिया के अनुसार कार्य कर रहा है और रामलला पर सभी सदस्यों का पूर्ण विश्वास है। इस पूरे मामले के बाद राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है और दोनों पक्षों के बयानों के चलते मुद्दा चर्चा में बना हुआ है।

## दिल्ली में 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आए तूफान से हड़कंप

समाज जागरण संवाददाता

नई दिल्ली, 07 जून 2026 राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार शाम अचानक आए तेज तूफान ने इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। लगभग 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आए इस तूफान के कारण एयरपोर्ट पर खड़े भारी



ग्राउंड सपोर्ट उपकरण अपनी जगह से खिसक गए, जिससे परिचालन व्यवस्था प्रभावित हुई। जानकारी के अनुसार, ये उपकरण खिसककर एयर इंडिया के तीन विमानों से टकरा गए, जिससे तीनों फ्लाइट्स को नुकसान पहुंचा है।

## टीएमसी नेता के साथ मारपीट का मामला गरमायाः हावड़ा में कथित घटना के बाद प्रशासन सतर्क, जांच के आदेश की संभावना

### स्थानीय लोगों की भीड़ ने नेता को घेरा, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल; राजनीतिक तनाव बढ़ा

समाज जागरण संवाददाता

हावड़ा, 07 जून 2026: पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले से एक गंभीर और विवादित घटना सामने आई है, जिसमें तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थानीय नेता संन्यासी मन्ना के साथ कथित रूप से मारपीट और दुर्व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया है और प्रशासनिक स्तर पर भी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार, रविवार देर शाम स्थानीय लोगों का एक समूह हावड़ा के एक इलाके में इकट्ठा हुआ और टीएमसी नेता को घेर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भीड़ आक्रोशित थी और स्थिति तेजी से तनावपूर्ण हो गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला और गंभीर हो गया है।

बताया जा रहा है कि भीड़ ने नेता को रोका और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, जिसके बाद स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। हालांकि, इस घटना को लेकर प्रशासन या पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि और विस्तृत बयान का इंतजार है।

राजनीतिक हलकों में इस घटना को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं और इसे कानून-व्यवस्था पर सवाल के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच शुरू करने के संकेत दिए हैं।



# क्या पुतिन ने एक वाक्य में बदलती दुनिया का सच कह दिया ?

**रिश्तों की असली मुद्रा भरोसा होती है, रूस ने वही निवेश किया**

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

इतिहास के कठिन दौर ही रिश्तों की असली परीक्षा लेते हैं। ऐसे समय में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत को "दुनिया के सबसे भरोसेमंद साझेदारों में से एक" बताना महज कूटनीतिक वाक्य नहीं है। 4 जून 2026 को सेंट पीटर्सबर्ग में दिया गया उनका बयान ऐसे समय आया, जब यूक्रेन



युद्ध के बाद दुनिया नए राजनीतिक खाँचों में बँटती दिख रही है। प्रतिबंधों से घिरा रूस अपने विश्वसनीय मित्रों को पहचान रहा है और भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति से अलग सम्मान पा रहा है। पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए भारत पर पश्चिमी दबाव को ह्लनिष्फल और प्रतिकूलह्व बताया। यह केवल मित्रता की प्रशंसा नहीं, बल्कि बदलती विश्व व्यवस्था में भारत के बढ़ते महत्व की स्वीकारोक्ति है।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में शब्द अक्सर परिस्थितियों का आईना होते हैं। पुतिन की भारत-प्रशंसा को भी इसी संदर्भ में पढ़ा जाना चाहिए। यूक्रेन संघर्ष के बाद रूस पश्चिमी प्रतिबंधों और राजनीतिक दबाव का सामना कर रहा है। ऐसे समय में भारत उन विरले देशों में रहा, जिसने अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार रूस से संबंध बनाए रखे। न उसने किसी दबाव के आगे झुकना स्वीकार किया, न अपनी विदेश नीति का मार्ग बदला। पुतिन भलीभांति समझते हैं कि भारत जैसा मित्र केवल आर्थिक सहयोगी नहीं, बल्कि कूटनीतिक संबल भी है। इसलिए उनका यह बयान प्रशंसा से अधिक उस विश्वास की अभिव्यक्ति है, जिस पर रूस भविष्य की अपनी रणनीति का एक महत्वपूर्ण आधार देखता है।

पुतिन के बयान का एक संभावित संकेत चीन की ओर भी है। रूस और चीन भले ही अटूट साझेदारी का दावा करें, लेकिन उनके संबंधों में रणनीतिक सतर्कता बनी रहती है। चीन की बढ़ती आर्थिक, तकनीकी और सैन्य शक्ति ने एशिया का शक्ति-संतुलन बदल दिया है। मॉस्को समझता है कि बीजिंग पर अत्यधिक निर्भरता उसकी स्वतंत्र भूमिका को सीमित कर सकती है। ऐसे में भारत के साथ मजबूत संबंध उसे संतुलन देते हैं। यही कारण है कि पुतिन ने ब्रह्मोस, रक्षा सहयोग और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी साझेदारी का विशेष उल्लेख किया। इसे मुख्य रूप से चीन के विरुद्ध संदेश न मानकर, एशिया में शक्ति-संतुलन साधने की रूस की दीर्घकालिक कूटनीतिक रणनीति के रूप में देखा जाना चाहिए।

भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी पहचान उसकी स्वतंत्रता है। यही कारण है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत पर पड़ रहे अमेरिकी दबाव के बीच उसकी नीति की सराहना की। अमेरिका लंबे समय से रूस से जुड़े ऊर्जा और रक्षा संबंधों को लेकर भारत को अपने अधिक निकट लाने का प्रयास करता रहा है। इसके बावजूद नई दिल्ली ने स्पष्ट किया है कि उसके निर्णय राष्ट्रीय हितों से संचालित होंगे, किसी बाहरी दबाव से नहीं। पुतिन ने इसी आत्मविश्वास की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत जैसे उभरते राष्ट्र पर दबाव डालना उलटा पड़ सकता है। उनका संदेश केवल वाशिंगटन के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए था कि भारत अब अपनी राह स्वयं तय करने वाली शक्ति है।

आज भारत की सबसे बड़ी कूटनीतिक शक्ति उसका संतुलित और स्वतंत्र दृष्टिकोण है। भारत एक ओर रूस से ऊर्जा, रक्षा उपकरण और सामरिक सहयोग प्राप्त कर रहा है, तो दूसरी ओर अमेरिका के साथ तकनीक, निवेश और सुरक्षा साझेदारी भी मजबूत कर रहा है। चीन से प्रतिस्पर्धा के बावजूद व्यापारिक संबंध भी बने हुए हैं। यही संतुलन भारत को वैश्विक राजनीति में अलग पहचान देता है। पुतिन ने मोदी सरकार की आर्थिक उपलब्धियों और तेज विकास दर की सराहना करते हुए संकेत दिया कि भारत अब किसी शक्ति-गुट का अनुसरण करने वाला देश नहीं, बल्कि विश्व राजनीति का एक स्वतंत्र और प्रभावशाली शक्ति केंद्र बन चुका है।

भारत-रूस संबंध अब केवल कूटनीति तक सीमित नहीं, बल्कि आर्थिक क्षेत्र में भी नई मजबूती हासिल कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में दोनों देशों का व्यापार लगभग 68.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें रूसी तेल, गैस और कोयले की प्रमुख भूमिका रही। पुतिन द्वारा 100 अरब डॉलर के व्यापार लक्ष्य का उल्लेख इस बात का संकेत है कि रूस भारत को केवल मित्र नहीं, बल्कि दीर्घकालिक आर्थिक साझेदार मानता है। ऊर्जा, अंतरिक्ष, परमाणु सहयोग, रक्षा उत्पादन और उन्नत प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग लगातार विस्तार पा रहा है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच दोनों देश एक-दूसरे की क्षमताओं को अपने विकास का महत्वपूर्ण आधार मान रहे हैं।

मित्रता जितनी गहरी होती है, उसकी चुनौतियां भी उतनी ही वास्तविक होती हैं। भारत-रूस संबंधों के सामने भी व्यापार असंतुलन, भुगतान व्यवस्था की बाधाएं, रक्षा खरीद में भारत की नई प्राथमिकताएं और रूस-चीन की बढ़ती निकटता जैसे प्रश्न मौजूद हैं। इसलिए पुतिन ने भारत-चीन सीमा पर तनाव कम करने के प्रयासों का स्वागत किया। यह केवल एक टिप्पणी नहीं, बल्कि रूस का यह संदेश था कि वह एशिया में स्थिरता और संतुलन का पक्षधर है। साथ ही, वह यह भरोसा भी दिलाना चाहता है कि चीन से उसके संबंध भारत के हितों की कीमत पर नहीं हैं। भारत के लिए यह आश्वासन महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसकी विदेश नीति का आधार केवल राष्ट्रीय हित हैं।

विश्व राजनीति में कुछ वक्तव्य तत्कालीन घटनाओं से आगे जाकर भविष्य की दिशा भी बताते हैं। पुतिन का भारत को ह्लभरोसेमंद साझेदारह्व कहना ऐसा ही संकेत है। यह केवल भारत-रूस संबंधों की निकटता नहीं, बल्कि आकार ले रही नई वैश्विक व्यवस्था की झलक है। एकध्रुवीय प्रभुत्व का दौर पीछे छूट रहा है और नई शक्तियां उभर रही हैं। ब्रिक्स का विस्तार, वैश्विक दक्षिण का बढ़ता प्रभाव और भारत की भूमिका इसी परिवर्तन के संकेत हैं। रूस का यह सार्वजनिक विश्वास एक स्पष्ट संदेश देता है–भारत अब किसी समीकरण का हिस्सा नहीं, बल्कि स्वयं एक निर्णायक समीकरण है। इसलिए पुतिन का यह बयान केवल कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं, बल्कि बदलती विश्व व्यवस्था की स्पष्ट स्वीकारोक्ति है।

# नरेंद्र मोदी के नाम दर्ज होने जा रहा एक नया रिकॉर्ड

**- महेन्द्र तिवारी**

भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है। यहाँ जनता समय-समय पर अपने नेताओं का चयन करती है और सत्ता परिवर्तन के माध्यम से लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत बनाती है। स्वतंत्रता के बाद से देश ने अनेक प्रधानमंत्रियों को देखा, लेकिन कुछ नेता ऐसे रहे जिन्होंने केवल शासन नहीं किया बल्कि भारतीय राजनीति की दिशा और स्वरूप को भी गहराई से प्रभावित किया। जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं के बाद यदि किसी प्रधानमंत्री ने सबसे अधिक प्रभाव छोड़ा है तो वह नरेंद्र मोदी हैं। 10 जून 2026 का दिन इसी कारण राजनीतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसे रिकॉर्ड के साथ चर्चा के केंद्र में होंगे जो भारतीय राजनीति में उनके लंबे और प्रभावशाली सफर का प्रतीक माना जा रहा है।

नरेंद्र मोदी ने पहली बार 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उस समय भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत प्राप्त किया था। यह जीत इसलिए ऐतिहासिक थी क्योंकि लगभग 30 वर्षों बाद किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत मिला था। उस दौर में देश भ्रष्टाचार, आर्थिक सुस्ती और राजनीतिक अस्थिरता जैसे मुद्दों से जूझ रहा था। जनता एक ऐसे नेतृत्व की तलाश में थी जो निर्णायक दिखाई दे और देश को नई दिशा दे सके। नरेंद्र मोदी ने विकास, सु-शासन और मजबूत नेतृत्व के नारों के साथ चुनाव अभियान चलाया और जनता ने उन्हें भारी समर्थन दिया।

2014 की जीत केवल एक चुनावी विजय नहीं थी बल्कि भारतीय राजनीति में एक बड़े बदलाव का संकेत थी। लंबे समय तक राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में रहने वाली कांग्रेस पार्टी पहली बार इतनी कमजोर स्थिति में पहुँच गई। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय राजनीति की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरी। नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व इस परिवर्तन का मुख्य केंद्र बन गया। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनकी पहचान पहले से ही एक विकासवादी नेता की बन चुकी थी और उसी छवि को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार मिला।

इसके बाद 2019 का लोकसभा चुनाव आया। सामान्यतः किसी सरकार के 5 वर्षों के बाद सत्ता विरोधी लहर देखी जाती है, लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने पहले से भी अधिक सीटें जीत लीं। इस विजय ने यह स्पष्ट कर दिया कि मोदी केवल एक लोकप्रिय नेता नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्व बन चुके हैं। 2019 की जीत के बाद उनकी राजनीतिक स्थिति और मजबूत हुई। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना, तीन तलाक कानून और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर उनकी सरकार ने कई ऐसे फैसले लिए जिनका व्यापक राजनीतिक प्रभाव पड़ा।
2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी लगातार




तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह उपलब्धि अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। लगातार तीन बार सत्ता में लौटना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में आसान नहीं होता। इसके लिए केवल चुनावी रणनीति ही नहीं बल्कि व्यापक जनसमर्थन, मजबूत संगठन और प्रभावी नेतृत्व की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि मोदी की तीसरी पारी को भारतीय राजनीति के बड़े घटनाक्रमों में गिना जाता है।

10 जून 2026 को नरेंद्र मोदी के राजनीतिक जीवन को लेकर चर्चा इसलिए तेज है क्योंकि वे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री बने रहने वाले नेताओं की सूची में और अधिक मजबूत स्थिति प्राप्त करेंगे। भारतीय राजनीति में लंबे कार्यकाल का विशेष महत्व माना जाता है क्योंकि लोकतंत्र में जनता हर चुनाव में सरकार को बदलने का अधिकार रखती है। ऐसे में यदि कोई नेता लगातार वर्षों तक जनता का समर्थन बनाए रखता है तो यह उसकी राजनीतिक क्षमता और जनस्वीकार्यता को दर्शाता है।

स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू लगभग 16 वर्ष 286 दिन तक लगातार प्रधानमंत्री रहे। यह रिकॉर्ड आज भी सबसे लंबा लगातार प्रधानमंत्रित्व माना जाता है। नेहरू ने 15 अगस्त 1947 से लेकर 27 मई 1964 तक देश का नेतृत्व किया। उनके सामने विभाजन की त्रासदी, आर्थिक कमजोरी, संस्थाओं के निर्माण और अंतरराष्ट्रीय पहचान जैसी अनेक चुनौतियाँ थीं। उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थाओं की नींव मजबूत करने, सार्वजनिक क्षेत्र के विकास और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास किया। आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण माना जाता है।

दूसरी ओर नरेंद्र मोदी ऐसे समय में प्रधानमंत्री बने जब भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका था। उनके सामने चुनौती थी कि भारत को आर्थिक, सामरिक और तकनीकी दृष्टि से और अधिक शक्तिशाली बनाया जाए। मोदी ने राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पहचान और मजबूत नेतृत्व को अपनी राजनीति का मुख्य आधार बनाया। उन्होंने विदेश नीति में भी सक्रियता दिखाई। अमेरिका, फ्रांस, रूस, जापान और खाड़ी देशों के साथ भारत के संबंधों को नई गति मिली। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की भूमिका पहले की तुलना में अधिक प्रभावशाली दिखाई देने लगी।

मोदी सरकार के दौरान अनेक कल्याणकारी योजनाएँ भी शुरू की गईं। जन धन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों के बैंक खाते खोले गए। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। आयुष्मान योजना के जरिए गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने का प्रयास हुआ। स्वच्छ भारत अभियान ने स्वच्छता को राष्ट्रीय मुद्दा बनाया। कोरोना महामारी के दौरान मुफ्त राशन योजना ने करोड़ों लोगों को राहत दी। इन योजनाओं ने गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के बीच मोदी सरकार की लोकप्रियता बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाई।
हालांकि विपक्ष लगातार सरकार की आलोचना भी करता रहा है। बेरोजगारी, महंगाई, कृषि संकट और सामाजिक तनाव जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश की गई। कई विश्लेषकों का मानना है कि आर्थिक असमानता अभी भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराना आने वाले समय में सरकार के सामने सबसे कठिन कार्यों में से एक होगा। किसान आंदोलन ने भी यह दिखाया कि बड़े जनसमूह सरकार की नीतियों का विरोध कर सकते हैं। लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद नरेंद्र मोदी की राजनीतिक लोकप्रियता लंबे समय तक बनी रही।

भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक शक्ति भी मोदी की सफलता का एक बड़ा कारण रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा का विशाल कार्यकर्ता तंत्र बूथ स्तर तक सक्रिय रहता है। चुनाव प्रबंधन, प्रचार अभियान और मतदाताओं तक सीधा संपर्क भाजपा की विशेषता बन चुके हैं। इसके अलावा विपक्ष की एकजुटता की कमी ने भी भाजपा को लाभ पहुँचाया। कई राज्यों में विपक्षी दल आपसी मतभेदों के कारण मजबूत चुनौती प्रस्तुत नहीं कर सके।
आधुनिक राजनीति में संचार माध्यमों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो चुकी है। नरेंद्र मोदी ने डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया। सोशल मीडिया पर उनकी सक्रियता ने उन्हें युवाओं और नए मतदाताओं से सीधे जोड़ने में सहायता की। रेडियो कार्यक्रमों, वीडियो संदेशों और विशाल जनसभाओं के माध्यम से उन्होंने लगातार जनता के साथ संवाद बनाए रखा। यह शैली पहले के प्रधानमंत्रियों से अलग मानी जाती है। नेहरू के समय में संचार के साधन सीमित थे, जबकि आज राजनीति का बड़ा हिस्सा डिजिटल मंचों पर भी संचालित होता है।

इतिहास केवल आँकड़ों से नहीं बनता बल्कि जनमानस की स्मृतियों से भी बनता है। जवाहर लाल नेहरू को आधुनिक भारत की संस्थाओं के निर्माण के लिए याद किया जाता है। इंदिरा गांधी को निर्णायक नेतृत्व और राजनीतिक साहस के लिए जाना जाता है। अटल बिहारी वाजपेयी को संवाद और सहमति की राजनीति का प्रतीक माना जाता है। नरेंद्र मोदी की छवि एक ऐसे नेता की बनी है जिसने भारतीय राजनीति को अत्यधिक केंद्रीकृत नेतृत्व की दिशा दी और राष्ट्रवाद को राजनीतिक विमर्श के केंद्र में स्थापित किया।

10 जून 2026 का महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह दिन भारतीय राजनीति में नेतृत्व की निरंतरता और बदलते जनादेश दोनों का प्रतीक बन रहा है। लोकतंत्र में लंबे समय तक सत्ता में बने रहना असाधारण उपलब्धि माना जाता है। यह केवल चुनावी जीत नहीं बल्कि जनता के विश्वास का संकेत भी होता है। नरेंद्र मोदी के समर्थक इसे मजबूत नेतृत्व की विजय मानते हैं, जबकि आलोचक इसे भारतीय राजनीति में व्यक्तित्व आधारित राजनीति के बढ़ते प्रभाव के रूप में देखते हैं। लेकिन दोनों पक्ष इस बात से सहमत दिखाई देते हैं कि पिछले एक दशक से अधिक समय में भारतीय राजनीति का केंद्र नरेंद्र मोदी ही रहे हैं।

भविष्य में इतिहास नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का मूल्यांकन कई आधारों पर करेगा। आर्थिक विकास, सामाजिक समरसता, लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थिति, विदेश नीति की उपलब्धियाँ और आम नागरिक के जीवन में आए बदलाव इन सबके आधार पर उनके शासन को परखा जाएगा। यदि आने वाले वर्षों में भारत आर्थिक और तकनीकी शक्ति के रूप में और मजबूत होता है तो मोदी के कार्यकाल को विशेष महत्व दिया जाएगा। वहीं यदि बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक असंतोष जैसी समस्याएँ बढ़ती हैं तो आलोचनाएँ भी तेज होंगी। यही लोकतंत्र की विशेषता है कि किसी भी नेता का अंतिम मूल्यांकन इतिहास और जनता दोनों मिलकर करते हैं।

इस प्रकार 10 जून 2026 केवल एक तारीख नहीं बल्कि भारतीय राजनीति के एक महत्वपूर्ण दौर का प्रतीक बनने जा रही है। यह दिन उस राजनीतिक यात्रा की याद दिलाता है जिसमें एक साधारण परिवार से निकला व्यक्ति देश का सबसे प्रभावशाली नेता बनता है और लगातार वर्षों तक सत्ता में बना रहता है। नेहरू से मोदी तक की यह यात्रा भारतीय लोकतंत्र की शक्ति, जनता के बदलते विश्वास और नेतृत्व की निरंतर बदलती परिभाषा को भी दर्शाती है। भारतीय राजनीति में रिकॉर्ड बनते और टूटते रहेंगे, लेकिन कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो इतिहास में स्थायी रूप से दर्ज हो जाते हैं। 10 जून 2026 को लेकर चल रही चर्चा भी भारतीय लोकतंत्र के ऐसे ही एक ऐतिहासिक क्षण की ओर संकेत करती है।

**मायूस होकर लौट रहे दर्शक, सचिव ने किया बौद्ध सर्किट व पर्यटन स्थल से जोड़ने की मांग**

# प्रशासनिक उपेक्षा की भेंट चढ़ी भारत में सातवां स्थान रखनेवाला पुस्तकालय सह संग्रहालय

**समाज जागरण / वेद प्रकाश**

## राष्ट्रीय धरोहरों में एक है गोपाल नारायण पुस्तकालय सह संग्रहालय

पटना/ 12 दिसम्बर सन 1912 में स्थापित अनेको पुरातात्विक व ऐतिहासिक धरोहरों को अपने में समेटे गोपाल नारायण पुस्तकालय सह संग्रहालय भरतपुरा राष्ट्रीय धरोहरों में एक है। यह पुस्तकालय सह संग्रहालय पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल से मात्र तीन किलोमीटर पूरब पालीगंज - मसौढ़ी मुख्य सड़क पर दुल्हिन बाजार प्रखण्ड के भरतपुरा गांव में स्थित है। अभिलेखागार बिहार सरकार के सर्वे के अनुसार इस पुस्तकालय सह संग्रहालय का स्थान पूरे भारत देश मे सातवां है। उसके बावजूद भी सरकार तथा प्रशासन के उदासीन रवैये के कारण यह पुस्तकालय सह संग्रहालय उचित रख रखाव तथा मेंटेनेंस के अभाव में आंसू बहा रहा है। साथ ही अबतक पर्यटन स्थल से नही जुड़ पाया है।

**इतिहास:--------**
बताया जाता है कि इस पुस्तकालय सह संग्रहालय की स्थापना 12 दिसम्बर सन 1912 में स्थानीय जमींदार गोपाल नारायण सिंह ने करवाया था। सन 1934 में आए भयानक भूकम्प से इसकी भवन ध्वस्त हो गया था पर स्व0 रघुराज नारायण के कठिन प्रयास से यह पुनः जीवंत हो उठी है। वही शताब्दी वर्ष के अवसर पर 9 दिसम्बर 2012 को आये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सहयोग से इसके भवन को भव्यता व बौद्धिष्ट कला के रूप में विक-सित किया गया है। वही 12 फरवरी 2016 को पहुंचे केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने इसे बौद्धिष्ट सर्किट व पर्यटन स्थल से जोड़ने का आश्वासन दिया था लेकिन आजतक नही जुड़ पाया। ज्ञात हो कि सन 1973 में असमाजिक तत्वों के लोगो द्वारा चार बहुमूल्य पाण्डुलिपियाँ चुरा ली गयी थी। जिसमें से तिन को कुछ समय बाद केंद्रीय जाँच ब्यूरो द्वारा अनुसन्धान कर प्राप्त किया गया। तब से राज्य सरकार इस धरोहर की शुरक्षा को देखते हुए यहां स्थाई रूप से पुलिस कैम्प लगवा रखी है। वही



**फोटो:- दुल्हिन बाजार के भरतपुरा गांव स्थित गोपाल नारायण पुस्तकालय सह संग्रहालय। वहां पहुंचे दर्शक। कौवे की पंख पर निर्मित 1200 AD का मानव युगल की तस्वीर व प्राचीन सिक्को का संग्रह।**

संग्रहालय सह पुस्तकालय के भवनों के अंदर महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाई गई है।

**क्या है पुस्तकायल सह संग्रहालय में:--------**

वही आज भी यहाँ 8426 सचित्र पाण्डुलिपियाँ, एक हजार दुर्लभ मुगलकालीन चित्रक, दो सौ प्राचीन पालकालीन मूर्तियों सहित एक हजार प्राचीन पंचमार्क सिक्के व दस हजार मुद्रित पुस्तकें है। इस पुस्तकालय सह संग्रहालय में 780 अ.ऊमें ताड़ के पत्ते पर लिखी गयी महाभारत ब्रह्मिलिपि का उदाहरण है। वहीं हजारो वर्ष पूर्व अरबी भाषा में लिखी गयी स्वर्णचित्रित शाहनामा का मूलप्रति यहां मौजूद है। इसके अलावे यहां स्वर्णचित्रित सिकन्दरनामा में सोने व नीलम का समायोजन दिखाई पड़ता है। वही अकबर के समकालीन नवरत्नों में से एक बसावन के द्वारा चित्रित साधु का पेंटिंग के अलावे 1200 अ.ऊ में कौवे के पंख पर निर्मित मानव युगल का चित्र व 800 अ.ऊका पीपल के पत्ते पर आलिंगन के स्थिति में स्त्री- पुरुष का चित्र है। स्वर्णचित्रित गीतगोविंद, गुलचिराग, त्रिपुटसुन्दरी पट्टलम् के साथ प्राचीन मुगलकालीन शाहजहाँ से लेकर फरुखशाह तक का दस्तावेज यहाँ सुरक्षित है। जबकि गांधीजी के द्वारा सव्हस्तलिखित 30 पत्रक भी है जो स्वतन्त्रता संग्राम की याद दिलाती है। इस पुस्तकालय सह संग्रहालय में सूर्य, विष्णु, उमा महेश्वर,तथा गणेश की पाषाण प्रतिमाएँ, सिक्के, मृदभांड, कास्य प्रतिमाएँ मृण्मुर्तियाँ तथा अभिलेख मौजूद है। जिनमे अधिकांश मूर्तियाँ 8वीं से 12वीं सदी की अर्थात पालकालीन है। वही सूर्य की प्रतिमा से बोध होता है की समस्त देव प्रतिमाओं में सूर्य ही एक मात्र देवता है जिन्हें पैरो में जूता पहने हुए दिखाया गया है। शंख, चक्र,गदा एवं पदम् से अलंकृत विष्णु के प्रतिमा में पैरों के दोनों ओर एक पुरुष व एक महिला का अंकन है जिसे चक्र पुरुष व गदा देवी के रूप में जाना जाता है। वही पंचमार्क सिक्के के अलावे गुप्तकालीन स्वर्ण सिक्के संग्रहालय की शोभा बढ़ाती है जो बिड़ले ही संग्रहालयों में देखने को मिलते है। जबकि यहां मौजूद मध्यकालीन पांडुलिपियों के साथ मध्यकालीन सिक्के इतिहासकारों व पुरातत्वविदों को हमेशा आकर्षित करती रही है।

**क्या कहते है दर्शक तथा आसपास के लोग:-
-----**

वही लाइब्रेरी सह पुस्तकालय का भर्मण करने पहुंचे दर्शकों ने बताया कि इसकी ख्याति सुनकर यहां आया था। लेकिन अधिकांश दुर्लभ वस्तुएं नही दिखलाई जाती है। यहां तक कि गर्मी के मौसम में पेयजल भी उपलब्ध नही है। आरओ फेल है, एसी फेल है, दीवार में लगे टाइल्स गिर रही है किवाड़ टूट रही है। जिसका मेंटेनेंस भी नही हो पा रही है। जबकि आसपास के लोगो ने बताया कि प्रत्येक माह में एक बार यहां कार्यकारणी की बैठक होती थी। इस दौरान महत्वपूर्ण बातो पर चर्चा होती थी व बैठक में इसके विकास हेतु लिए गए निर्णयों के अनुसार कार्य भी कराई जाती थी। लेकिन अब मेंटेनेंस तो दूर मासिक कार्यकारिणी की बैठक तक नही कराई जाती है।

**क्या कहते है जिम्मेबार लोग:-----------**

पुस्तकालय सह संग्रहालय में गाइड के रूप में कार्यरत आर्चना सिन्हा व कम्प्यूटर संचालिका सौम्या कुमारी ने बताई की प्रतिदिन यहां पांच सौ से अधिक पर्यटक राज्य व देश के बिभिन्न इलाके से आते है. जबकि दिन प्रतिदिन पर्यटकों की संख्या में बृद्धि हो रही है। वही उनका मानना है कि यदि इसे पर्यटन स्थल से जोड़ा जाए तो यहां काफी संख्या में बिदेशी पर्यटक आएंगे व यहां का बाजार काफी विकसित होगा। वही उन्होंने बताई की यहां मौजूद दुर्लभ वस्तुओं को दिखलाने के लिए प्रोजेक्टर भी लगाई गई है।

इस पुस्तकालय सह संग्रहालय के सचिव मुकेश धारी सिंह ने बताया कि इसकी ख्याति काफी बढ़ चुकी है। यहां हमेशा काफी संख्या में कई राज्यो व निकटवर्ती इलाके के अलावे देश के बिभिन्न कोने से लोग इसे देखने के लिए आते है। जिसे देखते हुए मैं सरकार से यथाशीघ्र इस धरोहर को बौद्ध सर्किट से जोड़ने व पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का मांग करता हूँ। वही उन्होंने बताया कि यहां के पदेन अध्यक्ष पटना डीएम तथा कार्यकारिणी अध्यक्ष पालीगंज एसडीओ है। पिछले 22 फरवरी 2026 को कार्यकारिणी की बैठक हुई थी। जल्द ही बैठक कराने की मांग एसडीओ से करूंगा। उन्होंने कहा कि पेयजल के लिए लगाए गए समरसेबल फेल हो चुकी है। कुछ आवश्यक कार्य भी लंबित है। अगले बैठक में उन विषयों पर चर्चा की जाएगी।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# सेक्टर-37 में 10.30 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक हॉकी ग्राउंड, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने किया शिलान्यास

## 9 माह में पहले चरण का कार्य पूरा होने का लक्ष्य

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

ग्रेटर नोएडा (संवाददाता): ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-37 में राष्ट्रीय खेल हॉकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आधुनिक हॉकी ग्राउंड का निर्माण जल्द शुरू होने जा रहा है। इस परियोजना का शिलान्यास रविवार को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह द्वारा किया गया।




करीब 10.30 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस हॉकी ग्राउंड का निर्माण दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में मुख्य खेल मैदान विकसित किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में पवेलियन और दर्शक दीर्घा का निर्माण प्रस्तावित है। यह परियोजना ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से स्वीकृत की गई है। स्थानीय विधायक की पहल पर तैयार हुए प्रस्ताव के बाद निविदा प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है।

शिलान्यास कार्यक्रम रविवार सुबह लगभग 10:30 बजे शुरू होकर दोपहर 12:30 बजे तक चला। इस अवसर पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-5 के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश निम, स्थानीय जनप्रतिनिधि, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी तथा सेक्टर-37 और आसपास के कई निवासी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह हॉकी ग्राउंड क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करेगा और राष्ट्रीय खेल हॉकी को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने प्राधिकरण के इस निर्णय की सराहना भी की। प्राधिकरण के अनुसार, पहले चरण का निर्माण कार्य लगभग 9 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# अवैध शराब तस्करी में एक आरोपी गिरफ्तार, 104 टैट्रा पैक बरामद

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा (संवाददाता): थाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मन्नू यादव पुत्र रामनाथ के रूप में हुई है, जिसे एफ-24, सेक्टर-8 नोएडा के पास से पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 104 अवैध टैट्रा पैक देशी शराब बरामद किए गए हैं।




जानकारी के मुताबिक अभियुक्त मन्नू यादव, जे-जे कॉलोनी सेक्टर-9 थाना फेस-1 क्षेत्र का रहने वाला है और उसकी उम्र लगभग 22 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही विभिन्न थानों में 7 से अधिक संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिससे वह एक शातिर किस्म का अपराधी माना जा रहा है।

पुलिस ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### सेक्टर-39 पुलिस की कार्रवाई: शराब तस्करी में 01 आरोपी गिरफ्तार, 106 पव्वे बरामद

नोएडा (संवाददाता): थाना सेक्टर-39 नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजकुमार मंडल पुत्र नित्यानंद मंडल के रूप में हुई है, जिसे सेक्टर-105 स्थित एक निमार्णाधीन मॉल के पास से पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 106 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार अभियुक्त मूल रूप से ग्राम हरिपुर कला, थाना भरगवां, जिला अररिया (बिहार) का निवासी है और वर्तमान में सेक्टर-105, थाना सेक्टर-39 क्षेत्र, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था। उसकी उम्र लगभग 36 वर्ष बताई जा रही है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बरामद शराब को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जारचा पुलिस की कार्रवाई: जानलेवा हमले के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा (संवाददाता): थाना जारचा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से जानलेवा हमले के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी शेर सिंह उर्फ शेरू पुत्र विजय कुमार को ग्राम छौलस की ओर जाने वाले रास्ते से पकड़ा गया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक पेचकस बरामद किया गया है।

मामले के अनुसार, वादी द्वारा दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अभियुक्त ने जान से मारने की



नीयत से नुकीली चीज (पेचकस) से गर्दन और सिर पर हमला किया था। साथ ही परिजनों के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। इस संबंध में थाना जारचा पर मु0अ0सं0 104/2026 धारा 109(1)/352/351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शेर सिंह उर्फ शेरू पुत्र विजय कुमार निवासी ग्राम फुलपुर, थाना जारचा, गौतमबुद्धनगर (उम्र लगभग 35 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त पेचकस अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस कमिश्नर ने फोनरवा के साथ की विस्तृत गोष्ठी, नागरिक समस्याओं की समीक्षा कर दिए कड़े निर्देश

## जनसुविधाओं, यातायात व्यवस्था एवं पुलिस-जन संवाद को मजबूत करने पर जोर

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा (संवाददाता): पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह द्वारा फोनरवा (नोएडा निवासियों की आवासीय कल्याण संघों की महासंघ) के कार्यालय, सेक्टर-52, नोएडा में विभिन्न सेक्टरों की आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ एक विस्तृत गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी के दौरान आवासीय सेक्टरों एवं कॉलोनियों से संबंधित नागारक समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

पुलिस कमिश्नर ने विशेष रूप से यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने पर बल देते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में जाम की समस्या उत्पन्न होती है, वहां अतिरिक्त यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि आवागमन बाधित न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सोसाइटियों एवं सेक्टरों की सड़कों पर अनावश्यक रूप से खड़ी रहने वाली स्कूल बसों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए तथा मार्ग बाधित न होने दिया जाए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने लंबे समय से खड़े लावारिस वाहनों का शीघ्र सत्यापन कर नियमानुसार निस्तारण करने, साप्ताहिक बाजारों में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने तथा किरायेदारों के अनिवार्य




पुलिस सत्यापन के प्रति मकान मालिकों को जागरूक करने के



निर्देश दिए। साथ ही, सभी सेक्टरों में संचालित पेइंग गेस्ट (पीजी) आवासों का भी अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा गया।

पुलिस कमिश्नर ने यह भी निर्देशित किया कि आवासीय क्षेत्रों एवं सोसाइटियों के आसपास स्थित सुनसान एवं संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां नियमित गश्त एवं पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। साथ ही आवश्यकता अनुसार नवीन सीसीटीवी कैमरों की स्थापना भी सुनिश्चित की जाए, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे FONRWA एवं आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ नियमित संवाद स्थापित करें तथा–

प्रत्येक जोन के पुलिस उपायुक्त प्रत्येक माह एक बार

प्रत्येक थाना प्रभारी प्रत्येक पंद्रह दिन में एक बार

प्रत्येक चौकी प्रभारी प्रत्येक सात दिन में एक बार

**आरडब्ल्यूए के साथ गोष्ठी एवं संवाद बैठक अवश्य करें, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।**

इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक पुलिस अधिकारी आरडब्ल्यूए के सहयोग से एक-एक पार्क को गोद लेकर उसके रखरखाव एवं विकास में योगदान देगा, जिससे पर्यावरण एवं सामुदायिक सौंदर्य में सुधार हो।

गोष्ठी के दौरान पुलिस व्यवस्था में लापरवाही एवं नागरिकों से समुचित संवाद न स्थापित करने पर सख्त कार्रवाई भी की गई। सेक्टर-110 के चौकी प्रभारी को निलंबित किया गया, सेक्टर-49 के थाना प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया तथा सेक्टर-24, सेक्टर-58 एवं फेस-2 के थाना प्रभारियों को कड़ी चेतावनी दी गई। इसके साथ ही कुछ अन्य अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी किए गए हैं।

गोष्ठी में अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र, पुलिस उपायुक्त नोएडा जोन साद मियां खान, पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह, यातायात एवं साइबर शाखा के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा सहित विभिन्न सेक्टरों के आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सलारपुर गांव में करोड़ों की विकास योजनाओं का होगा शिलान्यास एवं लोकार्पण

## 8 जून को विधायक-सांसद करेंगे कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरूआत

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा (संवाददाता): सलारपुर गांव में विकास कार्यों की बड़ी श्रृंखला के तहत 8 जून को करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं सांसद द्वारा कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की आधारशिला रखी जाएगी तथा कुछ पूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा।

विधायक पंकज सिंह ने बताया कि सात माह पूर्व आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में किए गए वादों को अब धरातल पर उतारा जा रहा है, जिसके तहत सलारपुर गांव में व्यापक स्तर पर विकास कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं।

प्रमुख योजनाओं में शामिल हैं–

3.77 करोड़ की लागत से 20 से अधिक आंतरिक सड़कों, नालियों, जालों एवं कलवर्ट का निर्माण

3.07 करोड़ की लागत से दो मंजिला सामुदायिक केंद्र का निर्माण

2.14 करोड़ की लागत से गांव के पीछे स्थित बड़े नाले पर आरसीसी सुरक्षा दीवार का निर्माण

विधायक निधि से 81 लाख की लागत से सड़कों एवं नालियों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

इसके साथ ही 4.02 करोड़ की लागत से सीवर एवं जल आपूर्ति लाइनों के विस्तार का कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। वहीं 9.92 करोड़ की लागत से जर्जर पुलों के स्थान पर दो नए बड़े पुलों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के औद्योगिक श्रमिकों एवं आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

आगामी योजनाओं में भट्टा कॉलोनी क्षेत्र में ₹1.64 करोड़ की लागत से सीवर लाइन सुधार कार्य, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्य भी शामिल हैं।

कार्यक्रम में प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इन विकास कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा। आयोजन स्थल पर मीडिया प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे सलारपुर गांव स्थित बारात घर के सामने, सरकारी विद्यालय के निकट, पुलिस चौकी के पास आयोजित किया जाएगा।

# डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने थाना बादलपुर का किया वार्षिक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

## पुलिस व्यवस्था, रिकॉर्ड और शिकायत निस्तारण में सुधार पर जोर

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा (संवाददाता): पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निदेर्शानुसार डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा थाना बादलपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने थाना कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, डाक कार्यालय, हवालात, मेस, बैरक एवं महिला हेल्प डेस्क सहित पूरे थाना परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया।

उन्होंने मालखाने में लंबित पड़े मामलों के शीघ्र निस्तारण, परिसर एवं बैरक की साफ-सफाई, आगंतुकों के बैठने की उचित व्यवस्था तथा लावारिस वाहनों की नियमानुसार नीलामी की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी रजिस्टरों के सही एवं पूर्ण रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। निरीक्षण के दौरान साइबर हेल्प डेस्क और महिला हेल्प डेस्क पर तैनात पुलिसकर्मियों को पीड़ितों की त्वरित सहायता करने तथा प्राप्त सभी शिकायतों को समय पर दर्ज कर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान डीसीपी द्वारा पुलिसकर्मियों से आर्म्स हैंडलिंग भी कराई गई और उन्हें सतर्कता एवं दक्षता के साथ ड्यूटी करने का प्रशिक्षणात्मक मार्गदर्शन दिया गया।

उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि सभी नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए, विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए तथा पुलिसकर्मी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और शालीन व्यवहार के साथ अपनी ड्यूटी निभाएं।

# जेवर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: चोरी करने वाले 3 अभियुक्त गिरफ्तार, तमंचा व चोरी का सामान बरामद

## मोटरसाइकिल चोरी और घर में सेंधमारी की घटनाओं का खुलासा

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा (संवाददाता): थाना जेवर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदातों में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई विभिन्न चोरी की घटनाओं के अनावरण के लिए गठित पुलिस टीमों और सीसीटीवी फुटेज व गोपनीय सूचना के आधार पर की गई।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसमें घर का ताला तोड़कर सोना-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी किए जाने की शिकायत थी। इस संबंध में मु0अ0सं0 192/2026 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस दर्ज किया गया।

इसके अतिरिक्त मोटरसाइकिल चोरी के एक अन्य मामले में मु0अ0सं0 193/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। जांच




के दौरान पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर तीन आरोपियों को सिरसा-माचीपुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान तेजपाल उर्फ छोटा बनिया पुत्र मनोज, कृष्ण उर्फ कुटनिया पुत्र चन्द्रपाल (दोनों निवासी भगत जी कॉलोनी, थाना कैंप पलवल, हरियाणा) तथा गौरव पुत्र प्रीतम निवासी ग्राम साहबनगर, थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है।

पुलिस ने इनके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल (स्प्लेंडर, रजि. नं. DL10AD4700), अवैध तमंचा .315 बोर मय एक जिंदा कारतूस, सोने-चांदी के आभूषण, नकदी तथा अन्य चोरी का सामान बरामद किया है। बरामद सामान में चेन, नाक की लोंग, लॉकेट, कमरबंद और कंगन सहित विभिन्न वस्तुएं शामिल हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ग्राम रामपुर बांगर और कस्बा जेवर क्षेत्र में कई घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस ने अन्य फरार साथियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया है।

अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जनगणना कार्य पूरा करने वाले प्रगणक सम्मानित

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

ग्रेटर नोएडा (संवाददाता): जनगणना 2027 के तहत निर्धारित कार्य को कम समय में पूर्ण करने वाले प्रगणकों और उनके सुपरवाइजरों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्राधिकरण के एसीईओ एवं जनगणना के नोडल अधिकारी सुमित यादव तथा ओएसडी एवं चार्ज अधिकारी मुकेश कुमार सिंह की ओर से प्रदान किया गया।

सम्मानित होने वाले प्रगणकों में नीतू (एचएलबी-0819), राजकुमार (एचएलबी-0818), रचना



(एचएलबी-0817), सपना (एचएलबी-0825) और शिवम (एचएलबी-0800) शामिल रहे।

इस अवसर पर ओएसडी रामनयन सिंह, ओएसडी अजय शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान एसीईओ सुमित यादव ने सभी प्रगणकों की सराहना करते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण सरकारी कार्य को समय पर पूर्ण करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अन्य कार्यरत प्रगणकों से भी समयबद्ध तरीके से दायित्व निर्वहन करने की अपील की।

### इकोटेक-3 पुलिस की कार्रवाई: अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद, आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज**

नोएडा (संवाददाता): थाना इकोटेक-3 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार



अभियुक्त की पहचान उज्जवल पुत्र बनी सिंह के रूप में हुई है, जिसे चौगानपुर गोल चक्कर से सीएनजी पंप की ओर जाने वाले सर्विस रोड से पकड़ा गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार अभियुक्त मूल रूप से ग्राम धूममानिकपुर, थाना बादलपुर, गौतमबुद्धनगर का निवासी है तथा वर्तमान में ऐमनाबाद, थाना बिसरख क्षेत्र में रह रहा था। उसकी उम्र लगभग 22 वर्ष बताई जा रही है।

पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है तथा बरामद अवैध शस्त्र एवं कारतूस को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विश्व हिंदू महासंघ ने धूमधाम से मनाया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस

## सेवा, समर्पण और संगठनात्मक कार्यक्रमों के साथ तीन दिवसीय आयोजन संपन्न

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा (संवाददाता): विश्व हिंदू महासंघ द्वारा गोरक्ष पीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस सेवा और समर्पण के रूप में धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम सेक्टर-75 स्थित मून क्लाउड बैंक्विट हॉल में आयोजित किया गया।



जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ. महेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ विश्व हिंदू महासंघ रुद्र कुमार पाठक, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष महिला आयोग बबीता चौहान, पूर्व अध्यक्ष महिला आयोग विमला बाथम, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, जिला अध्यक्ष एडवोकेट अभिषेक शर्मा, महामंडलेश्वर रेखानंद गिरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान तीन दिवसीय जन्मोत्सव के अंतर्गत 5 जून को 2100 वृक्षारोपण, 6 जून को रुद्राभिषेक तथा 7 जून को विशाल हिंदू सम्मेलन एवं हिंदू रत्न सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा कार्यों और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से जन्मदिवस को विशेष रूप से मनाना रहा।

# सेक्टर-12 में नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ

## विधायक पंकज सिंह ने किया उद्घाटन, स्वस्थ समाज को बताया विकसित भारत की नींव

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा (संवाददाता): सेक्टर-12 स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ नोएडा के विधायक एवं भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह द्वारा किया गया।



यह स्वास्थ्य शिविर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट की भावना को आगे बढ़ाते हुए नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

उद्घाटन अवसर पर विधायक पंकज सिंह ने कहा कि स्वस्थ समाज ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने नागरिकों से नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने की अपील करते हुए कहा कि समय पर जांच से बीमारियों की पहचान और उपचार संभव हो पाता है।

उन्होंने इस जनहितकारी पहल के लिए प्रकाश हॉस्पिटल, नोएडा का आभार व्यक्त किया तथा संस्थापक डॉ. बी.एस. चौहान को उनके सामाजिक सरोकारों एवं स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच, परामर्श, निःशुल्क औषधि वितरण तथा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सेक्टरवासी उपस्थित रहे।

# विश्व साइकिल दिवस पर 10 किलोमीटर साइकिल राइड का भव्य आयोजन

## फिट इंडिया अभियान के तहत फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता का संदेश

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

मुरादाबाद (संवाददाता): विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत 10 किलोमीटर लंबी भव्य साइकिल राइड का आयोजन किया गया। इस राइड का नेतृत्व फिट इंडिया एम्बेसडर जैनुल आबिदीन ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्मार्ट सिटी कार्यालय से हुआ, जहां सहायक पुलिस आयुक्त (एसपी सिटी) रणविजय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर राइड को रवाना किया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार यादव, समाजसेवी सरदार गुरविंदर सिंह, राज्य साइक्लिंग कोच सैयद खुर्शीद अली, सैयद मरदान तथा वरिष्ठ साइक्लिस्ट सैयद खालिद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

राइड स्मार्ट सिटी कार्यालय से प्रारंभ होकर वॉर मेमोरियल तक गई और पुनः स्मार्ट सिटी कार्यालय पर समाप्त हुई। प्रतिभागियों ने "देश बचाएंगे, साइकिल चलाएंगे" जैसे नारों के साथ पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया।

# "प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर संभल में ईवीमय हुई 24 कोसीय परिक्रमा, समिति अध्यक्ष ने ई-रिक्शा चलाकर दिया संदेश, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र चौधरी ने की सहभागिता"

**समाज जागरण**

संभल।24 कोसीय मासिक परिक्रमा समिति के तत्वावधान में आयोजित मासिक परिक्रमा इस बार आध्यात्मिक चेतना, पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत के विशेष संदेश के साथ संपन्न हुई। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ ऊर्जा एवं हरित परिवहन के आह्वान को धरातल पर उतारते हुए समिति के आह्वान पर सैकड़ों श्रद्धालु ई-रिक्शा, इलेक्ट्रिक स्कूटर, इलेक्ट्रिक कारों तथा पैदल यात्रा के माध्यम से प्रातः श्री वंशगोपाल तीर्थ, बेनीपुर पर एकत्रित हुए।



समिति ने इस अवसर पर संभल की पौराणिक एवं धार्मिक पहचान, पावन 68 तीर्थों और 19 प्राचीन कूपों के संरक्षण, संवर्धन और जनजागरण का संदेश भी प्रमुखता से दिया।

श्रद्धालुओं ने कहा कि जिस प्रकार तीर्थों और प्राचीन धरोहरों का संरक्षण आवश्यक है, उसी प्रकार प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण भी वर्तमान समय की आवश्यकता है।

श्रद्धालुओं ने वंशगोपाल तीर्थ पर स्थित शिवलिंग का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। महंत भगवद्प्रिय जी महाराज ने भव्य आरती के पश्चात परिक्रमा को रवाना किया। ई-रिक्शाओं में सवार महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन किए जाने से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

परिक्रमा भुवनेश्वर तीर्थ पहुँची, जहाँ श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। पंडित मुकेश शर्मा ने रुद्राष्टकम का पाठ कराते हुए पूजा-अर्चना संपन्न कराई। इसके बाद परिक्रमा फिरोजपुर स्थित चामुंडा मंदिर होते हुए क्षेमनाथ समाधि, नैमिषारण्य तीर्थ पहुँची, जहाँ बाल योगी दीनानाथ जी महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया।

इसके उपरांत परिक्रमा भवानीपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुँची। यहाँ भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की तथा मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र चौधरी ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों द्वारा आयोजित यह परिक्रमा आध्यात्मिकता और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण है। इससे एक ओर श्रद्धालु धार्मिक स्थलों से जुड़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे ई-रिक्शा चालकों को रोजगार मिलेगा और डीजल-पेट्रोल की खपत में कमी आएगी।

राम किशन ठकराल ने कहा कि खुले वातावरण में इलेक्ट्रिक वाहनों द्वारा परिक्रमा करने से श्रद्धालुओं को ब्रज क्षेत्र जैसी दिव्य अनुभूति प्राप्त होती है। इसके बाद परिक्रमा चंद्रेश्वर मंदिर, चंदायन पहुँची, जहाँ श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की।

अंत में परिक्रमा अपने समापन स्थल श्री वंशगोपाल तीर्थ पहुँची, जहाँ सामूहिक पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

समिति अध्यक्ष राज कुमार शर्मा ने स्वयं ई-रिक्शा चलाकर परिक्रमा रथ का नेतृत्व किया और आस्था, पर्यावरण संरक्षण तथा ईंधन बचत का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संभल की 68 पावन तीर्थों और 19 कूपों की धार्मिक विरासत को संरक्षित करना तथा आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना समिति का प्रमुख उद्देश्य है।

इसी के साथ स्वच्छ और हरित परिवहन को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है।

मुकेश शर्मा ने बताया कि इस विशेष परिक्रमा का उद्देश्य लोगों में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पेट्रोल-डीजल आधारित वाहनों के उपयोग को कम करने का संदेश देना था। जसपाल सिंह ने बताया कि इस बार परिक्रमा में शामिल विशेष रथ भी पूर्णतः इलेक्ट्रिक वाहन पर आधारित था, जो समाज को स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की प्रेरणा दे रहा है।

सरिता गुप्ता एवं सीमा आर्य ने कहा कि महिलाओं और बच्चों ने इलेक्ट्रिक वाहनों द्वारा की गई इस परिक्रमा का भरपूर आनंद लिया तथा पर्यावरण संरक्षण के इस संदेश का स्वागत किया।

इस अवसर पर राज कुमार शर्मा, सौरभ गुप्ता, जसपाल सिंह, मुकेश शर्मा, राम किशन ठकराल, शोभित गुप्ता, अंकित अग्रवाल, राजेंद्र सिंह, राजू टेंट, नितिन गुप्ता, राकेश वार्ष्णेय, अर्जुन सिंह, रवि, सरिता गुप्ता, सीमा आर्य, हेमा गुप्ता, अंशु शर्मा, शिव कुमार, अनंत अग्रवाल, विष्णु सिंह, विक्रम खुराना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# डॉ. बशीर बद्र की याद में भव्य मुशायरे का आयोजन

**समाज जागरण, मुरादाबाद।**

पीपलसाना स्थित फराज एकेडमी में विश्व प्रसिद्ध शायर डॉ. बशीर बद्र की याद में एक शानदार मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के नामचीन शायरों ने अपने कलाम और विचारों के माध्यम से डॉ. बशीर बद्र को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी अदबी सेवाओं को याद किया।




मुशायरे का आगाज नफीस पाशा "साहब" मुरादाबादी ने अपने अशआर से किया। तहसीन मुरादाबादी, फरहत अली फरहत पीपलसानवी, जुबैर मुरादाबादी, फरीद आलम कादरी, डॉ. आजम बुराक, सैफ उर रहमान और साबिर हुसैन माइल सहित अनेक शायरों ने अपनी गजलों और नज्मों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शाह आलम रौनक ने अपने प्रभावशाली कलाम से समां बांधा, जबकि अध्यक्षता कर रहे दावर मुरादाबादी ने अपनी शायरी के माध्यम से साहित्यिक संवेदनाओं को अभिव्यक्ति दी।

मुशायरे का सफल संचालन मशहूर शायर सरफराज हुसैन फराज पीपलसानवी ने किया। उन्होंने अपने विशिष्ट अंदाज में शेर पढ़कर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी, शायर और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. बशीर बद्र की शायरी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी तथा उर्दू अदब में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा।

# दंगा पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क स्थापित

**समाज जागरण, बहजोई।**

संभल जिला प्रशासन ने दंगा पीड़ित एवं प्रभावित व्यक्तियों और परिवारों को राहत, सहायता तथा पुनर्वास संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राहत एवं पुनर्वास सहायता हेल्प डेस्क की स्थापना की है।

प्रशासन के अनुसार यह हेल्प डेस्क दंगा प्रभावित व्यक्तियों एवं परिवारों के प्रकरणों का पंजीकरण, आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने, राहत एवं पुनर्वास संबंधी सहायता प्रदान करने तथा शिकायतों और समस्याओं के त्वरित निस्तारण का कार्य करेगी।

जिला प्रशासन ने पात्र नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति अथवा परिवार किसी दंगे से प्रभावित हुआ हो, या ऐसे किसी प्रभावित परिवार की जानकारी हो, तो सहायता प्राप्त करने के लिए हेल्प डेस्क से संपर्क करें।

हेल्प डेस्क पर आवेदन प्राप्त करने, प्रकरणों का पंजीकरण करने, आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने, राहत एवं पुनर्वास सहायता प्रदान करने तथा शिकायतों के समाधान की व्यवस्था की गई है। सहायता के लिए कलेक्ट्रेट संभल, बहजोई स्थित हेल्प डेस्क से कार्यालय समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। इसके लिए दूरभाष नंबर 05921-243443 जारी किया गया है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दंगा पीड़ित एवं प्रभावित परिवारों को न्याय, सम्मान और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

# फजलपुर रोड़ पर काटी गई अवैध कॉलोनी

## राजस्व विभाग की सुस्ती के कारण पशुचर की भूमि कब्जाई, मकान पर लिंटर डाला गया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर क्षेत्र के गांव दयालवाला से फजलपुर रोड़ पर एक कॉलोनी काटी गई थी। जिसमे लोगो को दुकान व मकान की जगह बेचीं गई लेकिन उसी जगह मे कुछ जमीन पशुचर की भी शामिल थी जिस पर पूर्व मे उप जिलाधिकारी रहे बिजनौर विक्रमादित्य द्वारा कार्यवाई करते हुए पशुचर की जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया गया था। लेकिन उसके कुछ समय के बाद ही उक्त जमीन को कॉलोनी काटने वालों ने बैनामा कर दिया जिस पर मकान बनाया जा रहा था। कुछ महीने पहले समाचार पत्रों मे खबर प्रकाशित होने पर काम रुक गया था लेकिन अब दोबारा फिर से काम चलाया गया। जब जानकारी लेखपाल दीपक से की तो उन्होंने बताया कि कार्यवाही मै आपको क्यू बताऊ जो रिपोर्ट होगी उच्च अधिकारी को दूंगा, इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे हलके का लेखपाल भूमाफियाओं की मिली भगत से निर्माण कराया जा रहा है जिससे वह मिडिया को कार्यवाही की सूचना देने बचते नजर आये

# बिजनौर में दो घरों से लाखों की चोरी: नकदी और सोने-चांदी के जेवर ले उड़े चोर, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा थाना क्षेत्र के मंडोरी गांव में देर रात दो घरों में चोरी की वारदात हुई। अज्ञात चोर लाखों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्वाट, सर्विलांस और फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने जल्द ही घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए हैंचोरों ने मंडोरी गांव निवासी कासिम पुत्र मुन्ने के घर को निशाना बनाया। गर्मी के कारण परिजन कमरों से बाहर बरामदे में सो रहे थे। चोरों ने घर मे 70 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए।साथ ही चोर पास में रहने वाले मुकीम पुत्र सलीम के घर पहुंचे। यहां से नगदी व कीमती सोनी जो चांदीके रुपये नकद लेकर फरार हो गए।सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो उन्होंने कमरों के ताले टूटे देखे। पीड़ित मुकीम ने बताया कि वह अपने भाई और माता- पिता के साथ बरामदे में सोए हुए थे, तभी चोरों ने उनके घर से लाखों का सामान चुरा लिया। पुलिस को सूचना दे दी गई है और उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस ने जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।उधर इस मामले में एएसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि थाना स्योहरा क्षेत्र के मंडोरी गांव में बीती रात दो चोरी घटनाएं प्रकाश में आई हैं। सूचना पर पुलिस, स्वाट और फील्ड यूनिट की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। दोनों घरों से तहरीर लेकर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम को लगाया गया।



# अटल पार्क में बह रही है योग की गंगा,15 दिवसीय विशेष योग शिविर के दूसरे दिन बताए योगासान के लाभ।

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। रविवार को योग हमारे शरीर को मन से,मन को बुद्धि से,बुद्धि को आत्मा से और आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है।यह विचार प्रधानाचार्य भगवानदास शंखवार ने अटल पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर चल रहे 15 दिवसीय विशेष योग शिविर के दूसरे दिन योग साधकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि योग हमारी शारीरिक फिटनेस के लिए आवश्यक है और स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक चिकित्सा के समान है ।



इस मौके पर योग प्रशिक्षक धर्मेंद्र ने ताड़ासन,वृक्षासन,नटराज आसन त्रिकोणासन,वीर भद्रासन सहित आदि का अभ्यास कराया और उसके लाभ गिनाए। इस अवसर पर श्री रामरूप बघेल, धनीराम गौतम,मीरा यादव, शालिनी वर्मा आदि व्यवस्थापक की भूमिका निभाई।

# चेकिंग में एक युवक को तमंचा सहित गिरफ्तार किया।

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

शिकोहाबाद। थाना पुलिस टीम ने रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कूटी सवार युवक को रोकलिया। स्कूटी चालक से ड्राइविंग लाइसेंस और स्कूटी के कागज मांगे तो वह नहीं दिखा सका। इसके बाद उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास एक तमंचा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजाहै।



थाना पुलिस ने बताया कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम जय निवासी डाक खाने के पास बड़ा बाजार बताया। पुलिस ने आरोपित को नारायण इण्टर कॉलेज के सामने से गिरफ्तार किया है ।उसके कब्जे से एक तमंचा और तीन कारतूस तथा एक इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद हुई है ।स्कूटी के कागज ना होने पर उसे सीज कर दिया है।

# राजा चंद्रसेन का किला और चंद्रवार का जैन मंदिर हमारी अमूल विरासत है- जिलाधिकारी

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ जनपद के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थलों को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की है।



जिलाधिकारी ने कहा है कि चंद्रसेन का किला और चंद्रवार का जैन मंदिर हमारी अमूल्य विरासत है, यह क्षेत्र भारत के गौरवशाली इतिहास का एक जीवंत अध्याय रहा है, इसमें यह बेहद जरूरी है की ऐतिहासिक स्थानों को हम पूरी तरह सुरक्षित और सम्बर्ध्धित करें।

जिलाधिकारी ने कहा है कि चंद्रवार के जैन मंदिर में सीधे डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी, ताकि यहां के इतिहास और संस्कृति का ज्ञान आधुनिक पीढीयो को कराया जा सके, साथ ही साथ पर्यटन की दृष्टि से आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का विकास करने और धरोहरों के मूल स्वरूप को बनाए रखते हुए इसके सौंदरीकरण का कार्य कराया जाएगा, उन्होंने जोर देकर कहा कि आने वाली पीढियों को अपने गौरवशाली इतिहास और संस्कृति से रूबरू कराने के लिए इन धरोहरों का जीवंत रहना आवश्यक है।

जिला प्रशासन इन ऐतिहासिक स्थलों की गरिमा को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए और उन्हें पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता से स्थापित करने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों और आगंतुकों से अपील की है कि वह इन ऐतिहासिक स्थलों की स्वच्छता और सुरक्षा बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सत्येंद्र कुमार उपस्थित रहे।

# फिरोजाबाद पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, विपक्ष पर बोला तीखा हमला।

**अहिल्याबाई होल्कर जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल, कहा- 2029 तक कांग्रेस और सपा और कमजोर होंगी**

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को फिरोजाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर उनके हेलीकॉप्टर के उतरने के बाद पुलिस अधिकारियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद वह कार से पालीवाल हॉल पहुंचे और कार्यक्रम में शामिल हुए।



कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में डिप्टी सीएम ने विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। इंडिया गठबंधन के भविष्य से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि यह गठबंधन वर्ष 2024 में ही बिखर चुका है और जनता इसका वास्तविक स्वरूप देख चुकी है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष अपनी भूमिका निभाने में पूरी तरह असफल रहा है। विपक्ष केवल नकारात्मक राजनीति और बयानबाजी तक सीमित है, जिसका जवाब देश की जनता समय-समय पर देती रही है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2029 के चुनाव तक कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की स्थिति और कमजोर हो जाएगी तथा जनता नया विकल्प तलाश लेगी।

समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा का इतिहास संतों और रामभक्तों के सम्मान का नहीं रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रामभक्तों पर गोली चलाने और संतों की उपेक्षा करने वाली पार्टी अब वोट बैंक की राजनीति के लिए अलग चेहरा दिखाने का प्रयास कर रही है, लेकिन जनता उनके चरित्र को भली-भांति जानती है।

हाईकोर्ट की टिप्पणी को लेकर भाजपा पर सवाल उठाने संबंधी अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा पर सवाल उठाए जा रहे हैं, उसी प्रकार विपक्ष भी अपनी भूमिका का आत्ममंथन करे। उन्होंने कहा कि जनता सब कुछ देख रही है और लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता ही करती है।

वहीं पुलिस पर भाजपा के एजेंट की तरह काम करने के आरोपों को उन्होंने सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह विपक्ष की मानसिकता और राजनीतिक दृष्टिकोण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आरोप निराधार हैं और जनता इन बातों पर विश्वास नहीं करती।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, विधायक प्रेमपाल धनगर, विधायक मनीष असीजा, डॉ. अमित गुप्ता, सतीश दिवाकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बघेल समाज के लोग मौजूद रहे।

# विवेक ने साइंस घर में कृषि में नमी मॉडल का किया प्रस्तुतिकरण।

**समाज जागरण**

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में समर में जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें सप्तम दिवस पर कक्षा 9 के छात्र विवेक गोस्वामी ने कृषि में नमी पर आधारित अपने मॉडल के प्रस्तुतिकरण में बताया कि इस मॉडल के अंतर्गत किसान की समस्या का हल किया गया है बार किसान अपनी फसल को सही समय से पानी नहीं दे पाते जिससे कि उनकी फसल सुख जाती है इस मॉडल के अंतर्गत यदि किसी खेत की नमी समाप्त होगी तो स्वचालित रूप से खेत में पानी लगने लगेगा जिससे किसान की फसल को समय रहते उपयुक्त जल प्राप्त होगा और उसकी फसल नष्ट होने से बचेगी।




अश्वनी कुमार जैन ने विवेक गोस्वामी के मॉडल के रचनात्मक एवं क्रियाशील प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण करेंगे। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# 32,679 पदों के लिए 28.86 लाख अभ्यर्थियों की परीक्षा 8 जून से

**– तीन दिनों तक प्रदेश के 75 जिलों में होगी आरक्षी भर्ती परीक्षा, 1183 केंद्रों पर कड़ी निगरानी**

**– प्रत्येक पाली में 4.81 लाख से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल, सुरक्षा और पारदर्शिता के व्यापक इंतजाम**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 7 जून। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी (सिपाही) नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा सोमवार से प्रारंभ हो रही है। यह परीक्षा 8, 9 एवं 10 जून 2026 को प्रदेश के सभी 75 जिलों में आयोजित की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 32,679 पदों के लिए 28,86,797 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए प्रदेशभर में 1,183 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संचालित की जाएगी। अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र हल करने के लिए निर्धारित समय के अतिरिक्त 5 मिनट अतिरिक्त भी दिए जाएंगे। तीन दिनों में कुल छह पालियों में परीक्षा संपन्न होगी।

**हर पाली में 4.81 लाख से अधिक परीक्षार्थी**

डीजी भर्ती बोर्ड एसबी शिरडकर ने बताया कि भर्ती परीक्षा में कुल अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए प्रत्येक पाली में लगभग 4,81,416 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन, पुलिस विभाग तथा जिला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है तथा अभ्यर्थियों की पहचान और प्रवेश प्रक्रिया के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

# ट्रामा सेंटर पर एस आर व जेआर मौजूद न रहने पर अकेले वरिष्ठ चिकित्सक ने किया रोगियों का परीक्षण।

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के ट्रॉमा सेंटर में रोगियों को उपचार देने के लिये रविबार को सुबह से ही एस0आर व जे0आर की उपस्थित न होने से एक वरिष्ठ चिकित्सक को ही संभालनी पड़ी जिम्मेदारी



रविवार सुबह से सरकारी ट्रॉमा सेंटर में उपचार के लिये आने वाले रोगियों व पुलिस मेडिकल कराने आये मुल्जिमो की भीड़ लग गयी। जिसका कारण था, आज सुबह से ही रोगियों के उपचार में मदद करने वाले एस0 आर व जे0 आर ड्यूटी पर नदारत रहे। जिसकी बजह से इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात मॉर्निंग ड्यूटी में डॉक्टर शैलेंद्र प्रताप सिंह इवनिंग ड्यूटी में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राहुल जैन मौजूद रहे।

सहायक चिकित्सको की गैरहाजिरी के कारण एक्सीडेंट, व अन्य घटनायों में घायल होकर आने वाले रोगियों व पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये मुल्जिमो का मेडिकल करवाने के लिए मुल्जिमो की भारी भीड़ ट्रॉमा सेंटर पर एकत्रित हो गयी। तब इमरजेंसी ड्यूटी करने वाले वरिष्ठ डॉक्टर राहुल जैन ने स्वयं मरीजो व मुल्जिमो का परीक्षण किया।

गौरतलब है, कि ईश्वर न करे। इस दौरान कोई बड़ा हादसा आदि हो जाये, तो एक डॉक्टर क्या उसमे घायल होने वाले रोगियों को इमरजेंसी में तैनात एक चिकित्सक उपचार दे सकता है। जिसके बारे में कॉलेज के प्राचार्य डॉ योगेश कुमार गोयल व सीएमएस डॉ नवीन जैन ने कोई जानकारी नही की।

**आखिर कहा गायब हो गये, एस आर व जेआर।**

जब ड्यूटी पर उपस्थित डॉ राहुल जैन से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि फोन करने पर एक जे आर ट्रॉमा सेंटर पर आये। और उन्होंने मरीजो के उपचार में सहायता की।

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सीएम ने अभ्यर्थियों के हित में लिया बड़ा फैसला

- भर्ती परीक्षा के लिए यात्रा करने वाले अभ्यर्थियों को बसों में मिलेगी 50 फीसदी की छूट
- सीएम ने पुलिस भर्ती परीक्षा को देखते हुए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र दिखाने पर बसों में 50 फीसदी छूट देने का लिया फैसला

**समाज जागरण**

लखनऊ, 07 जून:- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को राज्य परिवहन निगम की बसों में यात्रा के दौरान किराए में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुविधाजनक भर्ती प्रक्रिया उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। भर्ती परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के विभिन्न जनपदों में आवागमन को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिल सके और परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा 08, 09 एवं 10 जून को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में लगभग 29 लाख अभ्यर्थियों के सम्मिलित होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री के निर्णय के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र दिखाकर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में 50 प्रतिशत रियायती किराए का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। यह व्यवस्था परीक्षा अवधि के दौरान अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए लागू रहेगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि अभ्यर्थियों को सुरक्षित, सुगम और अनुकूल वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिल सके।

# बड़ौत में उमड़ा जनसैलाब , 'जन सम्मान पदयात्रा' का नगर भ्रमण ऐतिहासिक रहा

## चौधरी रामवीर सिंह का फूल-मालाओं से स्वागत, बोले- "बड़ौत ने मुझे बेटा-भाई का दर्जा दिया"

**समाज जागरण**

बागपत। 17 मई से ग्रामीण इलाकों में लोकसेवा के संकल्प के साथ निकली 'जन सम्मान पदयात्रा' ने रविवार को बड़ौत शहर में इतिहास रच दिया। समाजसेवी चौधरी रामवीर सिंह के नेतृत्व में चली इस यात्रा का नगर भ्रमण सुबह 8 बजे पीएन शर्मा पार्क से शुरू होकर देर शाम आवास विकास कॉलोनी पर जाकर संपन्न हुआ। करीब 8 घंटे तक चले इस भ्रमण में शहर के मुख्य मार्गों पर लोगों का ऐसा सैलाब उमड़ा कि बिजलीघर से लेकर अग्रसेन चौक तक जाम की स्थिति बन गई। यात्रा की शुरूआत होते ही पीएन शर्मा पार्क पर बड़ौत की जनता ने हाथों में फूल-मालाएं लेकर स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और "चौधरी रामवीर सिंह जिंदाबाद" के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। वहां से




निकलकर यात्रा बिजलीघर और फूस वाली मस्जिद पहुंची। गुराना रोड पर लॉर्ड महावीर एकेडमी और दून पब्लिक स्कूल के छात्रों ने पुष्प वर्षा की। नेहरू मूर्ति और अग्रसेन चौक पर व्यापार मंडल व अन्य सामाजिक संगठनों ने यात्रा का अभिनंदन किया। महावीर मार्ग स्थित जैन मंदिर पर श्रद्धालुओं ने आरती उतारी और रजवाहा पट्टी के मजदूरों वाला पुल पार करते हुए पदयात्रा एससी बॉस विद्यापीठ पहुंची। यहां दोपहर भोजन और विश्राम का कार्यक्रम रखा गया। विश्राम के दौरान क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों, बुजुर्गों और युवाओं ने चौधरी रामवीर सिंह से क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। दोपहर बाद यात्रा ने फिर रफ्तार पकड़ी। जाट कॉलेज के सामने युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। सगुन फार्म हाउस और बावली रोड चौराहे पर महिलाओं ने मंगल गीत गाकर यात्रा का अभिनंदन किया। चौरासी चौधरी आवास और विधायक केपी मलिक के आवास के सामने कार्यकताओं ने फूल बरसाए। सीओ कार्यालय होते हुए यात्रा छपरौली चुंगी रोड से गुजरी और अपने अंतिम पड़ाव आवास विकास कॉलोनी पहुंचकर गौरव के साथ समाप्त हुई। पूरे मार्ग में व्यापारियों, सामाजिक संस्थाओं और आम नागरिकों ने चौधरी रामवीर सिंह पर फूलों की बारिश की। समापन पर जनसभा को संबोधित करते हुए चौधरी रामवीर सिंह ने कहा कि बड़ौत की हर गली और हर चौराहे पर जो अपनापन और स्नेह मिला है, वह उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा, "बड़ौत की पावन माटी ने मुझे नेता नहीं, अपना बेटा और भाई माना है। यह सम्मान मेरे लिए सबसे बड़ा आशीर्वाद है। बड़ौत की सेवा और सम्मान ही मेरी पहचान है और मेरा जीवन हमेशा इस क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा को समर्पित रहेगा। चौधरी रामवीर सिंह ने यात्रा के सफल और शांतिपूर्ण समापन पर बड़ौत के सभी सम्मानित नागरिकों, व्यापारियों, माताओं-बहनों और ऊजार्वान युवा साथियों का दिल से आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनता का यह विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी के सहारे वे क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुवि धाओं के लिए संघर्ष करते रहेंगे। बड़ौत के लिए यह दिन ऐतिहासिक बन गया, जब पूरा शहर एकजुट होकर लोक-कल्याण की इस यात्रा का हिस्सा बना।

# लूम्ब में वीर बन्दा बैरागी की शहादत को सलाम, वैष्णव समाज ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित

## शिक्षा और संस्कार से ही बनेगा विकसित भारत" - पूर्व विधायक सहेंद्र सिंह चौहान

**समाज जागरण**

छपरौली। वीर बन्दा बैरागी की शहादत दिवस पर छपरौली क्षेत्र के गांव लूम्ब में वैष्णव बैरागी चतुः सम्प्रदाय स्वामी समाज की जिला कार्यकारिणी बागपत ने जोरदार सम्मेलन किया। मंच से शहादत की गाथा गूंजी तो कुर्सियों पर बैठी प्रतिभाओं के चेहरे दमक उठे। जिला कार्यकारिणी ने वीर बन्दा बैरागी की वीरता को याद करते हुए क्षेत्र के मेधावी छात्रों और खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष ठेकेदार सत्यप्रकाश वैष्णव ने मेहमानों को बुके, शाल, पटका और फूलमालाओं से लाद दिया। वक्ताओं ने एक सुर में कहा -




वीर बन्दा बैरागी ने तलवार से नहीं, त्याग से इतिहास लिखा। उनकी शहादत सिर्फ वैष्णव समाज की नहीं, पूरे सनातन धर्म की शान है। मुख्य अतिथि रिटायर नायब सूबेदार नरेशदास वैष्णव ने कहा कि बन्दा बैरागी ने साबित किया कि भगवा चोले के नीचे भी लोहे का कलेजा होता है। उनकी वीरता ने वैष्णव समाज का सिर ऊंचा किया। वरिष्ठ अतिथि पूर्व विधायक सहेंद्र सिंह चौहान बोले, "इस गांव में शिक्षा और संस्कार का जो संगम दिखा, वही असली राष्ट्र निर्माण है। प्रतिभाओं का सम्मान देखकर लगता है कि हमारा समाज अब सिर्फ परंपरा नहीं, प्रगति की राह पर है।" आर.एस. टेक्नोलॉजीज के डायरेक्टर शिवराम शर्मा ने तालियां बटोरीं। कहा कि वैष्णव समाज के बच्चे अब आईआईटी- एनआईटी से लेकर खेल के मैदान तक झंडा गाड़ रहे हैं। "ये सिद्ध कर दिया कि विकसित भारत में वैष्णव समाज भी कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है।" सम्मेलन को डीजीसी भूपेंद्र वरिष्ठ, भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय, विवेक चौधरी, विपुल वैष्णव, जितेंद्र कुमार वैष्णव और विजेंद्र वैष्णव ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता भूपाल सिंह स्वामी ने की, संचालन रविकुमार एडवोकेट ने संभाला। इस मौके पर सपना, पूजा, रूद्रा, प्रधान अनिल स्वामी धनौरा, भजनलाल, इंस्पेक्टर जगमेहर स्वामी, ब्रह्मपाल, रामेश्वर स्वामी, विकास करनावल, अजय स्वामी, प्रवेश स्वामी, कार्तिक, देवेंद्र वैष्णव, अमित हुड्डा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। मंच से एक ही आवाज उठी - "बन्दा बैरागी की शहादत तभी सार्थक होगी जब हमारी पीढ़ी कलम और कर्तव्य दोनों संभालेगी।"

# श्री अग्रसेन धाम में कॉफी टेबल बुक विकसित भारत 2047 का हुआ विमोचन

## श्री अग्रसेन धाम में कॉफी टेबल बुक विकसित भारत २047 का हुआ विमोचन

**समाज जागरण बागपत।**

केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और भविष्य के विजन पर आधारित एक विशेष कॉफी टेबल बुक विकसित भारत 2047 का भव्य विमोचन कुंडली स्थित श्री अग्रसेन धाम में संपन्न हुआ। इसमें बागपत से भी काफी लोगों ने भाग लिया। इस गरिमामयी समारोह में पुस्तक के लेखक अतुल सिंघल, श्री अग्रसेन धाम के प्रधान राजेंद्र अग्रवाल, मिनटेज स्टील के निदेशक एवं उद्योगपति राजीव बंसल, टीकाराम मित्तल, पवन अग्रवाल, विकास मंगला, राज कुमार जिंदल, अनिल गोयल, रश्मि सिंघल, दीपक मंगला, दीपक मित्तल सहित इस कॉफी टेबल बुक से जुड़े समाज के कई गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह पुस्तक भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं और नीतियों के विस्तृत विश्लेषण पर आधारित है। लेखक अतुल सिंघल ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि इस पुस्तक की सामग्री नमो इंपैक्ट टीवी पर उनके द्वारा किए गए विभिन्न साक्षात्कारों के गहन विश्लेषण से तैयार की गई है। इस कॉफी टेबल बुक को वैश्विक पटल पर पहुँचाने और अंतरराष्ट्रीय पाठकों तक इसकी पहुँच सुनिश्चित करने के लिए इसका प्रकाशन हिंदी, अंग्रेजी और स्पेनिश भाषाओं में किया गया है। पुस्तक की प्रस्तावना सुप्रसिद्ध राजदूत अशोक सज्जनहार द्वारा लिखी गई है। इसके साथ ही पुस्तक में देश-विदेश की कई जानी-मानी हस्तियों के विचार और दृष्टिकोण शामिल हैं, जिनमें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति




अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर, पूर्व राज्यपाल प्रो जगदीश मुखी, सुप्रसिद्ध समाजसेवी विनीत कुमार गुप्ता लोहिया, बीकानेरवाला के प्रबंध निदेशक श्याम सुंदर अग्रवाल और सिग्नेचर ग्लोबल के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल सहित कई राजदूत, प्रशासनिक अधिकारी और समाज के 70 से अधिक प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हैं। गौरतलब है कि लेखक अतुल सिंघल इससे पहले भी मोदी सरकार की नीतियों पर केंद्रित दो बेहद लोकप्रिय पुस्तकें नमो इंपैक्टः राष्ट्र प्रथम और वसुधैव कुटुंबकम प्रकाशित कर चुके हैं। ये पुस्तकें विदेश मंत्रालय के सहयोग से विश्व के अनेक देशों तक पहुँच चुकी हैं और स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अतुल सिंघल के इस लेखन कार्य की सराहना की है। इसी कड़ी में अब विकसित भारत 2047 पुस्तक देश के विकास पथ और वैश्विक पहचान को एक नए रूप में प्रस्तुत करने का काम करेगी। इस अवसर पर बवाना इंफ्रा के मनोज अग्रवाल, लेखक अतुल सिंघल ने यह भी साझा किया कि वे वर्तमान में अग्रदूत और अनंत भारत नाम से दो नई पुस्तकों पर कार्य कर रहे हैं, जो अगले वर्ष तक पाठकों के बीच उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर विकसित भारत के सारथियों प्रदीप अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण गोयल, श्याम सुंदर अग्रवाल , मनोज अग्रवाल को राष्ट्र शिल्पी सम्मान से सम्मानित भी किया गया।

# बागपत के युवाओं ने दुनिया को पढ़ाया सबक, "छोटी आदत, बड़ा असर"

## नेचर नीड्स यू अभियान से 18 देशों के 10 हजार+ लोग जुड़े, माई भारत की पहल बनी वैश्विक

**समाज जागरण**

बागपत। बड़े-बड़े सेमिनार और भाषणों से हटकर बागपत के युवाओं ने पर्यावरण का पाठ सड़क की जुबान में पढ़ाया। माई भारत केंद्र से जुड़े उड़ान यूथ क्लब ने "नेचर नीड्स यू" अभियान छेड़ा तो 18 देशों के 10,755 लोग एक साथ जुड़ गए। विश्व पर्यावरण दिवस पर चली इस मुहिम ने साबित कर दिया कि धरती बचानी है तो आदत बदलनी होगी। अभियान का फंडा सीधा था - बड़े मुद्दे बाद में, पहले खुद को सुधारो। आयोजकों ने लोगों को समझाया कि नल खुला छोड़ देना, प्लास्टिक बैग लेना, जरूरत से ज्यादा शॉपिंग करना, चलती चीज को "पुराना" कहकर बदल देना... ये छोटी हरकतें जब करोड़ों लोग रोज दोहराते हैं तो धरती तड़प उठती है। क्लाइमेट कार्डिनल्स युवाईसी आई इंडिया चैप्टर ने ऑनलाइन क्विज कराई। सवाल किताबी नहीं, जिंदगी के थे - "ब्रश करते समय नल बंद करते हो?", "कपड़े कितने दिन बाद बदलते हो?"। 100 में 100 लाने वालों को डिजिटल सर्टिफिकेट मिला। बेस्ट एंट्री भेजने वाले युवाओं को "नेचर नीड्स यू चैंपियंस ग्लोबल फोटो कोलाज" में जगह मिली। इंस्टा-फेसबुक पर पोस्टर और सर्टिफिकेट की बाढ़ आ गई। उड़ान यूथ क्लब अध्यक्ष और क्लाइमेट कार्डिनल्स कोऑर्डिनेटर अमन कुमार बोले, "हम प्लास्टिक बैन का इंतजार करते हैं, खुद एक थैला नहीं उठाते। अगर हर भारतीय रोज 1 लीटर पानी बचाए तो बांध भर जाएगा। यही मैसेज था।" अभियान में स्कूल-कॉलेज के टीचर, छात्र, एनएसएस- एनसीसी की टोलियां, इको क्लब और युवा संगठन कूद पड़े। बागपत की पहल अब ग्लोबल टॉक बन गई है। सबसे बड़ा संदेश मंच से यही गया - धरती को एसी नहीं चाहिए, आपकी आदत चाहिए।

# संस्कार शिविर में उड़ा ड्रोन, रोमांचित हुए आर्यवीर

**समाज जागरण बागपत।**

आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के द्वारा चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल बड़ौत में चल रहे आवासीय संस्कार शिविर के चौथे दिन आर्य वीरों को ड्रोन तकनीक के विषय में जानकारी दी गई। सभा मंत्री रवि शास्त्री ने कहा कि ड्रोन भविष्य के लिए प्रयोग होने वाली एक विशेष तकनीक है। जिसके द्वारा मानव जीवन को और सरल किया जा सकेगा एवं समय की बचत की जा सकेगी। ड्रोन के द्वारा किसान आधुनिक तरीके से खेती कर सकेंगे और अच्छी उपज




ले सकेंगे। भविष्य में वस्तुओं के डिलीवरी सिस्टम में भी ड्रोन का प्रयोग होने की संभावना है। सुरक्षा व्यवस्था में भी ड्रोन का प्रयोग किया जाता है। आने वाले समय में ड्रोन का महत्व व्यावसायिक रूप से भी बढ़ेगा। आज युद्ध में लड़ाकू विमान का स्थान ड्रोन ने ले लिया है, जो अभी पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में साबित हो गया है। ऑपरेशन सिंदूर इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। वर्तमान परिपेक्ष में जंग के मैदान के लिए भी ड्रोन का महत्व बढ़ता जा रहा है। इसलिए हम चाहते हैं हमारे बच्चे ड्रोन की ट्रेनिंग लेकर अपने भविष्य को सुनहरा बनाएं। शिविर मे सभा कोषाध्यक्ष कपिल आर्य ने आर्य वीरों के सामने ड्रोन को उड़ाकर प्रयोगात्मक, तकनीकी ज्ञान देने का प्रयास किया। इस अवसर पर डॉ मनीष तोमर, शिविर अध्यक्ष धर्मपाल त्यागी, आर्यन तोमर, प्रशिक्षक धर्मेंद्र आर्य, हरेंद्र आर्य, शिवकुमार, राजेंद्र पवार आदि उपस्थित रहे।

# वैश्विक स्तर पर रसोई गैस की कीमत भारत में सबसे कम

भारतीय गैस सिलेंडर पड़ोसी देशों के मुकाबले सबसे सस्ता है और अमे रिका , ऑस्ट्रेलिया तथा कनाडा जैसे विकसित देशों की तुलना में भी इसकी कीमत बहुत कम हैउज्ज्वला लाभार्थियों को हरेक वर्ष पहले चार रिफिल पर प्रति सिलेंडर ₹300 की छूट मिलेगी – यानि प्रति लाभार्थी वर्ष भर में ₹1,200 का लाभ; और एक गैर-पीएमयूवाई परिवार भी एलपीजी की बाजार कीमत से लगभग ₹700 कम का भुगतान कर रहा होगा एक सिलेंडर की आपूर्ति लागत बढ़कर ₹1,600 से अधिक हो गई है, जिसका अर्थ है कि प्रत्येक घरेलू सिलेंडर पर लगभग ₹700 का नुकसान हो रहा है। यह स्थिति फरवरी के बाद से एलपीजी के सऊदी सीपी में हुई लगभग 46% की वृद्धि के कारण है भारत उन चुनिंदा देशों में से एक था जिसने होर्मुज जलडमरूमध्य से अपने ऊर्जा कार्गो की आवाजाही जारी रखे हुए था; किसी भी पेट्रोलियम उत्पाद की कोई कमी नहीं हुई भारतीय परिवार आज भी किसी भी पड़ोसी देश के परिवार की तुलना में रसोई गैस (एलपीजी) कहीं सस्ती कीमत पर खरीद रहे हैं, और यह अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया तथा कनाडा जैसे विकसित अर्थव्यवस्था वाले देशों की कीमतों से काफी कम है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के एक लाभार्थी को 14.2-किलोग्राम के एक सिलेंडर के लिए प्रभावी रूप से ₹642 का भुगतान करना पड़ता है, जबकि दिल्ली में एक सामान्य उपभोक्ता ₹942 का चुकाता है। इसके विपरीत, वहीं, एक सिलेंडर की आपूर्ति लागत बढ़कर अब ₹1,600 से अधिक हो गई है।

तालिका का अंतिम कॉलम बतलाता है कि उज्ज्वला योजना के तहत ₹642 में मिलने वाला सिलेंडर, अलग-अलग देशों या बाजारों में उपलब्ध सिलेंडरों की कीमतों की तुलना में कितना सस्ता है। भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमतों से जुड़ी हुई हैं। हालांकि, सरकार घरेलू एलपीजी के लिए उपभोक्ता को मिलने वाली प्रभावी कीमत को नियंत्रित करना जारी रखे हुए है। कोई भी परिवार जितनी चाहे उतनी संख्या में सिलेंडर ₹942 की दर पर खरीद सकता है। वहीं, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना(पीएमयूवाई) के लाभार्थी को, हरेक वर्ष पहले चार रिफिल पर ₹300 प्रति सिलेंडर का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण(डीबीटी) मिलेगा– जो कि एक सामान्य उज्ज्वला परिवार की औसत वार्षिक खपत(लगभग चार रिफिल प्रति वर्ष) के बराबर है – और इस तरह वे उन रिफिल के लिए प्रभावी रूप से ₹642 का भुगतान करते हैं

# साइकिल की घंटी ने दबा दिया हॉर्न " - बागपत में 'संडेज ऑन साइकिल' का तूफान

## पीएम मोदी के नारे पर सड़क पर उतरा शहर, रेड क्रॉस ने बांटे ओआरएस

**समाज जागरण**

बागपत। रविवार की सुबह बागपत की सड़कें बोल उठीं - "पेट्रोल महंगा, साइकिल ही संगा"। पीएम मोदी के "ऊर्जा बचाओ, हर रविवार साइकिल चलाओ" आह्वान पर विश्व साइकिल दिवस के मौके पर 'संडेज ऑन साइकिल' रैली ने पूरे शहर को हिला दिया। राष्ट्रीय वंदना चौक पर जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अंजना शर्मा और रेड क्रॉस सचिव अभिमन्यु गुप्ता ने हरी झंडी दिखाते ही सैकड़ों साइकिलों का सैलाब कलेक्ट्रेट की ओर दौड़ पड़ा। आगे खेलो इंडिया के विकास शर्मा, पीछे छात्र, बुजुर्ग और महिलाएं। ढोल-नगाड़ों के बीच नारे गूंजे - "कार छोड़ो, साइकिल मोड़ो"। राहगीरों ने मोबाइल निकाल लिए, दुकानदारों ने बालकनी से तालियां बजाईं। रेड क्रॉस चेयरमैन



पंकज गुप्ता बोले, "1 घंटा साइकिल = 500 कैलोरी बर्न + 1 लीटर पेट्रोल की बचत। महंगाई और मोटापा दोनों का इलाज है ये।" आर्य समाज प्रधान सतीश आर्य ने कहा कि हमारे दादा 20 कोस साइकिल पर मार देते थे, अब हम 5 किलोमीटर से घबरा जाते हैं। आदत बदलो, सेहत बदलो। चिलचिलाती धूप में रेड क्रॉस ने हर प्रतिभागी को ओआरएस और फल दिए। मुंशीलाल हॉस्पिटल की टी-शर्ट पहनते ही युवाओं का जोश दोगुना। डॉ. मयंक गोयल ने कहा, "साइकिल सिर्फ सवारी नहीं, सेहत का पासपोर्ट है।" रैली कलेक्ट्रेट पर खत्म हुई, पर संदेश छोड़ गई - अगला रविवार फिर साइकिल वाला होगा। बागपत ने तय कर लिया, अब हफ्ते में एक दिन हॉर्न नहीं, घंटी बजेगी।

# बीजेपी की मासिक बैठक, 12 साल के "मोदी मॉडल" पर मंथन

## 5 जून से २१ जून तक चलेंगे कार्यक्रम, कार्यकताओं को जन- जन तक नीतियां पहुंचाने का मंत्र

**समाज जागरण**

चांदीनगर। रटौल नगर पंचायत कार्यालय पर रविवार को भाजपा कार्य कताओं की मासिक बैठक गरमाई। मंच से लेकर कुर्सी तक सिर्फ एक ही चर्चा - PM नरेंद्र मोदी के 12 साल के विकास कार्य और आने वाले 3 बड़े कार्यक्रम। बैठक की कमान संभालते हुए मंडल प्रभारी व जिला महामंत्री अजय शर्मा ने 12 साल के "मोदी मॉडल" का हिसाब रखा। उन्होंने कहा कि सड़क से शौचालय तक, जनधन से आयुष्मान तक - हर घर तक विकास पहुंचा है। अब बारी है इसे हर गली-नुक्कड़ तक पहुंचाने की। अजय शर्मा ने 5 जून से 21 जून तक चलने वाले पार्टी कार्यक्रम को विस्तार से समझाया। 21 जून को जिला व मंडल स्तर पर योग दिवस का बड़ा



आयोजन होगा। वहीं 14 से 16 जून तक खेकड़ा में लगने वाले कार्यक्रम में रटौल से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को पहुंचने का टारगेट दिया गया। "संख्या कम नहीं, असर ज्यादा चाहिए" - यही मंत्र दिया गया। मसूरी के प्रधान नवीन ने कार्यकर्ताओं को "पन्ना प्रमुख" स्टाइल में काम करने को कहा। बोले, "नीति फाइलों में नहीं, जनता की जुबान पर होनी चाहिए। बैठक में चेयरमैन हाजी मुंतजिर, नरेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष मजींत, दीपक शर्मा, सुनील दीक्षित, मोनू, वकील सभासद, मीनू त्यागी समेत दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे। चाय पर चर्चा यही रही - 12 साल का रिपोर्ट कार्ड अब जनता के दरवाजे तक जाएगा।

# "जहाँ रहेगी वहीं रौशनी लुटाएगी" - बागपत की बेटी गुलिस्ता ने गुरुग्राम में फिर जलाया सेवा का चराग

## पांची गांव की शिक्षिका ने खोला स्कूल, अब प्याऊ से बुझा रही प्यास

**समाज जागरण**

बागपत/गुरुग्राम। वसीम बरेलवी का शेर है - "जहाँ रहेगा वहीं रौशनी लुटाएगा, किसी चराग का अपना मकाँ नहीं होता"... और ये लाइनें पांची गांव की बेटी गुलिस्ता मुमताज पर बिल्कुल फिट बैठती हैं। गांव की मिट्टी से निकली गुलिस्ता ने शिक्षा की अलख जगाई। अपनी NGO के जरिए स्कूल खोला, जहां 40% बच्चों को मुफ्त तालीम मिली। बाकी से भी नाममात्र फीस। गांव की बेटियों को किताब से जोड़ने का काम किया। शादी के बाद 3 साल पहले गुरुग्राम चली गईं, तो लगा शायद सेवा का सिलसिला थम गया। पर चराग की आदत नहीं जाती। अब गुलिस्ता ने पति शकील अहमद के साथ मिलकर HAH वेलफेयर




फाउंडेशन के बैनर तले नई पारी शुरू की है। मकसद वही - समाजसेवा और परिवार का नाम रोशन करना। इसी कड़ी में भीषण गर्मी में गुरुग्राम के छोटू राम चौक, शीतला कॉलोनी में शरबत-शीतल जल की प्याऊ लगाई गई। रविवार को लगे इस प्याऊ पर रिक्शा चालक, डिलीवरी बॉय, मजदूर और राहगीरों की लाइन लग गई। ठंडा पानी और मीठा शरबत पीकर लोग दुआएं देते निकले। लोगों ने कहा, "ये है असली सेवा - बिना शोर, बिना दिखावा। इस सेवा यज्ञ को सफल बनाने में सोमबीर शर्मा, करमबीर वर्मा, रवि राजपूत, सुरेंद्र, लोकेश, प्रवीण, नवदीप ग्रेवाल, अजय शर्मा, रविंदर नंबरदार और राजू ने कंधे से कंधा मिलाया। फाउंडेशन संस्थापक शकील अहमद ने सभी सहयोगियों का आभार जताया। बोले, "सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जनता का विश्वास है तो प्याऊ ही नहीं, शिक्षा-स्वास्थ्य के काम भी आगे बढ़ेंगे। गुलिस्ता का इरादा साफ है - जहां रहेगी, रौशनी लुटाएगी। बागपत की बेटी ने साबित कर दिया, मकान बदल जाए तो बदल जाए, मिजाज नहीं बदलता।

# लोक सभाक्ष चंडीगढ़ में द्वितीय राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन II सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे अध्य

**इस सम्मेलन का विषय है- भविष्य की चुनौतियों से निपटने और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में जागरूक समाज और विधि-निमार्ताओं की भूमिका'**

**इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल; हरियाणा के मुख्य मंत्री; पीठासीन अधिकारी; केंद्रीय मंत्री; सांसद; विधायक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे**

लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला 08 जून, 2026 को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधान सभा में द्वितीय राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र जोन क्क उत्तर जोन सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। हरियाणा के मुख्य मंत्री, श्री नायब सिंह; राज्य सभा के उप सभापति, श्री हरिवंश; हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष, श्री हरविंदर कल्याण; हरियाणा राज्य सरकार में संसदीय कार्य मंत्री, श्री महिपाल ढांडा भी इस अवसर पर उपस्थित विशिष्टजनों को संबोधित करेंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान, प्रतिनिधि भविष्य की चुनौतियों से निपटने और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में जागरूक समाज और विधि-निमार्ताओं की भूमिका' विषय पर विचार-विमर्श करेंगे। इस सम्मेलन की समाप्ति 9 जून 2026 को हरियाणा के राज्यपाल, प्रो. असीम कुमार घोष के समापन भाषण के साथ होगी ।

लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; राज्य सभा के उप सभापति, श्री हरिवंश; हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष, श्री हरविंदर कल्याण और अन्य विशिष्टजन समापन सत्र में उपस्थित रहेंगे और गणमान्यजन को संबोधित करेंगे ।सम्मेलन में सीपीए भारत क्षेत्र जोन-॥ के पांच विधानमंडलों के सभापति, अध्यक्ष, उप सभापति और उपाध्यक्ष सहित पीठासीन अधिकारी, विधान सभा/विधान परिषद के सदस्य और केंद्रीय मंत्री, संसद सदस्य, हरियाणा विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष और उपाध्यक्ष शामिल होंगे।

# एपीडा ने यूनाइटेड किंगडम को झारखंड से ताजे आमों के पहले निर्यात को सुगम बनाया

## झारखंड में महिलाओं द्वारा संचालित एफपीसी से 1.5 मीट्रिक टन आम्रपाली आम यूनाइटेड किंगडम को निर्यात किए गए

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने झारखंड से कृषि निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में राज्य से यूनाइटेड किंगडम के लिए ताजे आमों की पहली वाणिज्यिक खेप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। झंडी दिखाकर रवाना करने का समारोह 4 जून 2026 को कोलकाता में आयोजित किया गया। इस खेप में झारखंड के सिमडेगा जिले के बानो ब्लॉक में स्थित महिला किसान उत्पादक कंपनी (एफपीसी) बेउरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से प्राप्त 1.5 मीट्रिक टन ताजे आम्रपाली आम है। इस खेप का निर्यात कोलकाता स्थित मैसर्स जेजीबी एग्रोफ्रेश प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लंदन, यूनाइटेड किंगडम को किया जा रहा है। यह निर्यात, सिमडेगा जिले के किसान उत्पादक कंपनियों (एफपीसी), किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और प्रगतिशील किसानों के लिए एपीडा द्वारा 5 मई, 2026 को आयोजित निर्यात-उन्मुख क्षमता विकास कार्यक्रम के बाद किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य निर्यात संबंधी आवश्यकताओं, गुणवत्ता मानकों और बाजार के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करना था।

इसके बाद, एपीडा ने जिले से निर्यात योग्य गुणवत्ता वाले आमों की खरीद के लिए बेउरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड और मैसर्स जेजीबी एग्रोफ्रेश प्राइवेट लिमिटेड के बीच संपर्क स्थापित करने में सहायता की। वर्तमान खेप इसी पहल का परिणाम है। इस साझेदारी से एफपीसी को निर्यात मूल्य श्रृंखला में प्रत्यक्ष भागीदारी मिली है और इसके सदस्य किसानों को बाजार तक पहुंच प्राप्त हुई है। एफपीसी से जुड़े किसानों को घरेलू बाजार में प्रचलित कीमतों की तुलना में अपनी उपज के लिए अधिक लाभ प्राप्त हुआ है। इस पहल से क्षेत्र के किसान समूहों के बीच गुणवत्तापूर्ण उत्पादन पद्धतियों को अपनाने, फसल कटाई के बाद बेहतर प्रबंधन करने और अंतर्राष्ट्रीय मानकों का अनुपालन करने को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। झारखंड में बागवानी के लिए अनुकूल कृषि-जलवायु परिस्थितियां मौजूद हैं। राज्य में उगाई जाने वाली आम की आम्रपाली किस्म अपनी गुणवत्ता और बाजार में स्वीकार्यता के लिए जानी जाती है। इस खेप के साथ, झारखंड ताजे फलों का अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में निर्यात करने वाले राज्यों की सूची में शामिल हो गया है। एपीडा बाजार विकास पहलों, क्षमता विकास कार्यक्रमों, गुणवत्ता सुधार उपायों, ट्रेसबिलिटी प्रणालियों और निर्यात प्रोत्साहन गतिविधियों के माध्यम से कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को सुगम बनाता है।

# धर्मान्तरण प्रकरण को लेकर हिंदू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने किया हंगामा प्रदर्शन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) हिंदू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने रविवार को शामली रेलवे स्टेशन पर धर्मांतरण के एक कथित प्रकरण को लेकर प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा किया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने मेडिकल व्यवसायी के पुत्र के धर्म परिवर्तन के मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। इस दौरान एक निजी चिकित्सक पर भी धर्मांतरण कराने में संलिप्त होने का आरोप लगाया गया। रविवार को हिन्दू रक्षा दल के उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने शामली रेलवे स्टेशन पर एकत्रित होकर जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने अर्द्धनग्न होकर विरोध जताया। उन्होंने शहर के भारत मेडिकल स्टोर के संचालक देवराज मलिक के पुत्र आयुष के कथित धर्मांतरण कराने के मामले में उचित जांच कर सख्त कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। हिंदू रक्षा दल के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह उर्फ दीपक ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय गृहमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा कि शामली में सामने आया यह मामला अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील है। एक हिंदू युवक द्वारा इस्लाम धर्म अपनाने और नमाज पढ़ने की सूचना के बाद क्षेत्र में विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई है। मांग की गई है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराई जाए तथा यह भी पता लगाया जाए कि कहीं युवक पर किसी प्रकार का मानसिक दबाव, प्रभाव या कथित ब्रेनवॉश तो नहीं किया गया। हिंदू रक्षा दल ने सरकार से व्यक्तिगत स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों का सम्मान करते हुए मामले में शीघ्र उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान उन्होने एक शहर के एक निजी चिकित्सक व कैराना सांसद के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों के हंगामे को देखते हुए भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। जिसके बाद हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी चेतावनी देकर लौट गए। इस अवसर पर सोनू चावला, संजय उपाध्याय, नितिन शर्मा, श्रद्धा राजपूत, संध्या राजपूत, सोनू शर्मा, हरिओम पाठक आदि मौजूद रहे। वही सुरक्षा की दृष्टि से सीओ जितेन्द्र कुमार, कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा, थाना आदर्शमंडी प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह सहित पुलिस बल तैनात रहा।

# कथित धर्मान्तरण मामले में पिता पुत्री गिरफ्तार, भेजे जेल

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काजीवाड़ा में एक युवक के कथित धर्मांतरण के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपियों पिता-पुत्री को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार युवक को प्रेमजाल में फंसाकर, ब्लैकमेल कर तथा दबाव बनाकर धर्म परिवर्तन कराने और परिवार को धमकाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं। एसपी एनपी सिंह ने बताया कि गत चार जून को विभिन्न माध्यमों से सूचना प्राप्त हुई थी कि मोहल्ला काजीवाड़ा निवासी कुछ लोगों द्वारा दयानंद नगर निवासी आयुष मलिक को अपने प्रभाव में लेकर उसका धर्म परिवर्तन कराया गया। आरोप है कि आरोपियों ने चार वर्ष पुराना कथित निकाहनामा दिखाकर युवक और उसके परिवार पर इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस संबंध में छह जून को आयुष मलिक के पिता देवराज मलिक की तहरीर पर कोतवाली शामली में नौ नामजद आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमे में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धाराएं भी शामिल की गई हैं। एसपी ने बताया कि रविवार को कोतवाली पुलिस ने मामले की मुख्य आरोपी चांदनी कुरैशी और उसके पिता इस्लाम कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपित काजीवाड़ा क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं।पुलिस ने पकडे गए पुत्री और पिता को जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं और उनकी तलाश जारी है।

# चौदह दिवसीय विशाल निशुल्क योग शिविर का शुभारंभ

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में अंतर राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के उपलक्ष्य में रविवार से 14 दिवसीय विशाल निशुल्क योग शिविर का शुभारंभ नगर पालिका की ऊपरी मंजिल पर किया गया। जो 20 जून तक प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 6:30 बजे तक संचालित होगा। शिविर का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, पदाधिकारियों, सदस्यों एवं योग साधकों ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद योगाभ्यास सत्र में अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए गए। प्रतिभागियों ने ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, पादह स्तासन, त्रिकोणासन, कटिच क्रासन , वक्रासन, भुजंगासन, शल भासन, मकरासन, उत्तानपादासन, अर्धह लासन, कपालभाति, शीतली प्राणा याम तथा अनुलोम-विलोम का अभ्यास किया। अंत में प्रार्थना एवं शांति पाठ के साथ सत्र का समापन हुआ। जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है और नियमित योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। उन्होंने उपस्थित योग साधकों से अपने आसपास के लोगों, मित्रों और परिचितों को भी योग शिविर में आमंत्रित करने का आह्वान किया, ताकि अधिक से अधिक लोग योग का लाभ उठाकर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो सकें। शिविर में रमेश बजाज, सर्वन संगल, रण कुमार शर्मा, ऋषिपाल गोयल, अजय शर्मा, जयपाल सिंह, अरविंद मलिक, सुभाष चंद्र शर्मा, रविंद्र सिंह, अशोक चावला, कविता गुप्ता, शिक्षा शर्मा, उषा सिंह, रेखा राणा, पूनम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पत्नी ने पति पर चाकू से किया हमला

**समाज जागरण**

कैराना। घरेलू विवाद के दौरान पत्नी ने पति पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। मोहल्ला सरावज्ञान निवासी शुभम गर्ग ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका विवाह करीब चार माह पूर्व जनपद गाजियाबाद के दादरी निवासी राशि के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही दोनों के बीच विवाद चलता रहा। शनिवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे भोजन को लेकर कहासुनी हो गई। इसी दौरान पत्नी रसोईघर से चाकू लेकर आई और उस पर कई वार कर दिए, जिससे वह घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर उसकी मां मौके पर पहुंची और बीच-बचाव कर उसे बचाया। घटना के बाद पत्नी ने उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हरियाणा के दो शातिर चोर गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग)नगर में दो दुकानों में चोरी की घटनाओं में पुलिस ने हरियाणा निवासी दो शातिर चोरों को नकदी व तमंचे के साथ गिरफ्तार किया।

नगर में सरार्फा बाजार में मई माह में दुकान का शटर उखाड़कर सामान चोरी किया गया था। आरोपी सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गए थे। इसके अलावा इसी माह तितरवाड़ा चुंगी के निकट स्थित दुकान में भी चोरी की घटना सामने आई थी। दोनों घटनाओं के संबंध में पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर लिए थे। रविवार को पुलिस ने दोनों घटनाओं में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 42600 रुपये की नकदी, पीड़ित का आधार कार्ड के अलावा अवैध तमंचा मय एक जिंदा कारतूस व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मोहित सिंह निवासी गांव जोरासी केवलगढ़ी थाना समालखा पानीपत हरियाणा व सुनील सैनी निवासी गांव मतरौली थाना समालखा पानीपत हरियाणा बताए। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है।

# सपा कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला कमेटी के गठन, बूथ कमेटी के गठन, वोटर लिस्ट का सत्यापन, समाजवादी आन्दोलन के बारे में चर्चा की गई। साथ ही महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर प्रदेश और केन्द्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाये गए। रविवार को शहर के करनाल रोड स्थित सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र ताना की अध्यक्षता में पहली मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिला कमेटी और बूथ कमेटी का जल्द से जल्द गठन किया जायेगा ताकि पार्टी पदाधिकारी वोटर लिस्ट का सत्यापन में कार्य कर सके। उन्होने समाजवादी पार्टी के आन्दोलनों को तेज करने के लिए पार्टी के सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आहवान किया। उन्होने भ्रष्टाचार और लगातार बढती महंगाई पर केन्द्र और प्रदेश सरकार को विफल बताया है। इसके साथ ही तीनों विधानसभाओं के बीएलए की समीक्षा की और शिक्षक स्नातक चुनाव की व्यावस्था को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर शेर सिंह राणा, दीपा पंवार, राशिद चौहान एडवोके, सुरेश प्रधान, वतन सिंह सैनी, प्रदीप सिंभालका, कलीम हसन, शमशाद बलवा, शमशेर जंग, अश्वनी गुर्जर, विपिन रोड, राहुल राणा, इमरान राणा, बबलू, सचिन सरोहा, सतीश चेयरमैन, प्रवीन प्रजापति, ममरेजे राणा आदि मौजूद रहे।

# स्कूटी में टक्कर लगने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर के गांधी चौक पर स्कूटी में टक्कर लगने के बाद हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई है। एक पक्ष ने धारदार हथियारों से हमला करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की। वही कोतवाली में शहर के दर्जनों दुकानदार भी एकत्रित हो गए जिन्होने दोनों पक्षों में फैसला करा दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी चंचल गोयल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार सुबह करीब नौ बजे वह स्कूटी से सब्जी लेने गया था। आरोप है कि गांधी चौक पहुंचने पर मनोज और उसके पुत्र शुभम ने उसकी स्कूटी में साइड मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गया। आरोप है कि विरोध करने पर दोनों ने अपने चार अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया और लाठी-डंडों तथा धारदार हथियारों से उस पर हमला कर दिया। हमले में उसे शरीर पर कई चोटें आईं। वही दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को तहरीर देकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। घटना की जानकारी पाकर शहर के दर्जनों दुकानदार विशाल गुप्ता, अमित गर्ग, राजेश बजाज, मोहित बंसल मौके पर पहुंचे गए और दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत किया, जिसके बाद दोनों पक्षों मे फैसला हो गया।

# विद्युत खंभा गिरने से ढाई घंटे सप्लाई रही बंद

**समाज जागरण**

कैराना। शामली रोड पर जर्जर विद्युत खंभा गिरने से नगर की विद्युत सप्लाई करीब ढाई घंटे बंद रही। इस दौरान लोगों को गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रविवार दोपहर करीब ढ़ाई बजे शामली रोड पर आईसीआईसीआई बैंक के निकट एक जर्जर विद्युत खंभा गिर गया, जिस कारण पूरे नगर की सप्लाई बाधित हो गई। सप्लाई बाधित होने से लोगों को गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाद में विद्युत कर्मचारियों ने नया खंभा लगाया तथा उस पर लाइन जोड़ी। करीब ढाई घंटे के बाद शाम पांच बजे विद्युत सप्लाई चालू की गई। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# गांधी चौक में सड़क निर्माण कार्य शुरू, रास्ता बंद राहगीर परेशान

**समाज जागरण**



शामली। (फुरकान जंग) नगर पालिका द्वारा शहर के गांधी चौक में सडक निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। इस दौरान सडक में गहरे गडढे होने और एक ओर का रास्ता पूरी तरह से बंद करने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। लोगों को मुरारी वाला कुआ रोड, नया बाजार रोड और शिवमूर्ति से होकर निकलना पडा।

नगर पालिका द्वारा शहर के गांधी चौक की सडक का निर्माण शुरू कर दिया है। जिसके लिए नगर पालिका ने सडक को पूरी तरह से तोड दिया है और जगह जगह गडढे बन गए है। सडक निर्माण के लिए नगर पालिका द्वारा एक ओर से सडक के रास्ते को भी बेरिकेटिंग करते हुए बंद कर दिया गया है। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। रविवार को सडक में बने गडढों के कारण कई छोटे बच्चे गडढो में फंसकर गिरकर चोटिल हो गए। यही नही बाजार में सामान खरीदने वाले ग्राहकों को भी दूसरे रास्तों से होकर गुजरना पडा। बाजार में बाईक सवार, ई-रिक्शा चालकों व अन्य वाहन चालकों को मुरारी वाला कुआ रोड, नया बाजार रोड और शिवमूर्ति से होकर निकलना पडा। जिससे काफी परेशानियों हुई है। दुकानदारों का कहना है कि नगर पालिका समय से रात्रि में सडक का निर्माण करे, ताकि व्यापार प्रभावित न हो सके।

# स्विमिंग पूल में विवाद, सभासद पति से मारपीट का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला खेल वार्ड नंबर-8 के सभासद पति ने तीन लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। रविवार को कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी हारुन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह कस्बे के एक स्विमिंग पूल में नहाने के लिए गया था। आरोप है कि वहां मौजूद तीन व्यक्ति कुछ बच्चों के साथ मारपीट कर रहे थे। जब उसने इसका विरोध करते हुए उन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी।पीड़ित के अनुसार शोर-शराबा होने पर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। रविवार को पीड़ित सभासद पति ने थाने पर पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# महिला ने लगाया ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न एवं घर से निकालने का आरोप

**समाज जागरण शामली।**

पति की मृत्यु के बाद ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न और घर से निकालने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि उसके साथ मारपीट की गई और उसे अपनी दो बेटियों सहित घर छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। बागपत जनपद के गांव शबगा निवासी सोनिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2017 में मोहल्ला पंसारियान निवासी विकल पुत्र रोहताश के साथ हुई थी। आरोप है कि पांच अप्रैल 2026 को उसके पति का सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद 10 अप्रैल को निधन हो गया था। पीड़िता का कहना है कि पति की मृत्यु के बाद उसकी सास, ससुर, देवर तथा ननद छोटी-छोटी बातों को लेकर उसके साथ विवाद करने लगे। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उसे और उसकी दोनों बेटियों को घर में रखने से इनकार करते हुए वहां से चले जाने का दबाव बना रहे थे। महिला ने आरोप लगाया कि रविवार सुबह ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से मारपीट की। इसके बाद उसे धक्का देकर घर से बाहर निकाल दिया गया। इस दौरान उसका मोबाइल फोन भी छीनकर तोड़ दिया गया। पीडिता ने मामले में जांच कर न्याय की गुहार लगाई है।

# ईद पर बहन से मिलने गए युवक व उसकी मां पर हमला

**समाज जागरण**

कैराना। ईद-उल-अजहा के अवसर पर बहन के घर मिलने गए युवक और उसकी मां के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहल्ला पीरजादगान निवासी खुर्रम खान ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह ईद–उल–अजहा के मौके पर 30 मई को अपनी मां के साथ बड़ी बहन सोबिया से मिलने मोहल्ला अफगानान गया था। आरोप है कि दोपहर में वापस लौटते समय बहनोई अब्दुल्ला, अब्दुल बारी, जनित और मोबीना ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान अब्दुल बारी ने धारदार हथियार से उसके हाथ पर वार कर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची बहन सोबिया के साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित ने बताया कि उसकी बहन सात माह की गर्भवती है। आरोप है कि हमलावरों ने घर का दरवाजा बंद कर उन्हें बंधक बनाने तथा जान से मारने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बाहर निकाला। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि दो दिन पूर्व अब्दुल्ला ने भी सोबिया की मां और भाई समेत पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

# ऑपरेशन सवेरा के तहत चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 400 ग्राम अवैध चरस तथा तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कार्यालय भेज दिया है।सहारनपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक के




निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी, नशे के अवैध कारोबार तथा प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा : नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह, निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गाव गढ़ी दौलत निवासी संजय पुत्र श्यामलाल को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 400 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। साथ ही चरस की तस्करी में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल कब्जे में ली गई बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# बेटी की शादी के लिए रखे जेवरात व अनाज पर चोरों ने किया हाथ साफ

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के ईदगाह नई बस्ती निवासी एक व्यक्ति ने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के आभूषण, अनाज और नकदी चोरी किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने एक युवक और उसके तीन साथियों को नामजद करते हुए घटना की निष्पक्ष जांच कर चोरी गया सामान बरामद कराने की गुहार लगाई है।रविवार को कस्बे के मोहल्ला ईदगाह नई बस्ती, देहात निवासी मुनव्वर पुत्र जाज हसन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने उपचार के लिए पंजाब गया हुआ था। आरोप है कि उसकी गैरमौजूदगी में विगत तीन जून की रात रिजवान उर्फ अंजली पुत्र नफीस तथा उसके तीन साथियों ने उसके मकान का ताला तोड़कर घर में प्रवेश कर लिया और वहां रखा कीमती सामान चोरी कर लिया। पीड़ित का कहना है कि आरोपी पहले भी उसके घर से लैपटॉप चोरी कर चुका है।पीड़ित के अनुसार चोर घर में रखे करीब 10 तोला चांदी के छागल, 14 तोला चांदी की पाजेब, 12 तोला चांदी का जस्तबंद, 10 तोला चांदी के तोड़े तथा 2.5 ग्राम सोने की नथली समेत अन्य सामान ले गए। इसके अलावा छह क्विंटल अनाज और पांच हजार रुपये की नकदी भी चोरी कर ली गए ।पीड़ित ने बताया कि उक्त आभूषण उसने अपनी बेटी के भविष्य और शादी के लिए बनवाकर सुरक्षित रखे थे।बताया कि जब वह वापस घर लौटा तो मकान के ताले टूटे मिले और घर का सामान बिखरा पड़ा था। आरोप है कि चोरों ने मुख्य गेट और वाशिंग मशीन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि सूचना संदिग्ध लग रही है पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन का बैनामा कर भुगतान न देने का आरोप, कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी व्यक्ति ने गांव जिड़ाना और अम्बेहटा के चार लोगों पर धोखाधड़ी कर उसकी पत्नी के नाम दर्ज करीब साढ़े चार बीघा जमीन का बैनामा कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। रविवार को थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी गय्यूर का आरोप है कि आरोपियों ने उसकी पत्नी सन्नो को बहला-फुसलाकर जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया। बैनामे के दौरान आरोपियों ने चेक के माध्यम से निर्धारित समय में पूरी धनराशि का भुगतान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी कोई रकम अदा नहीं की गई।पीड़ित का कहना है कि जब उसने आरोपियों से भुगतान की मांग की तो पहले उसे टालते रहे और अब रुपये देने से साफ इन्कार कर रहे हैं। पीड़ित



व्यक्ति ने इसे सुनियोजित धोखाधड़ी बताते हुए आरोप लगाया कि उसकी पत्नी को झांसा देकर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है।पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा नेता बताकर दबंगई का आरोप,ग्रामीणों ने दी तहरीर

--रुपये हड़पने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने की शिकायत, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी दो ग्रामीणों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने, गाली-गलौज करने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने के आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी साहरोज पुत्र महमूद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विगत एक जून को गांव में जमीन के डोल को लेकर खलील पुत्र इनाम से विवाद हो गया था। आरोप है कि मारपीट में घायल होने के बाद उसे उपचार के लिए पहले शामली और बाद में मेरठ रेफर किया गया। पीड़ित का कहना है कि उसी दिन गांव निवासी एक व्यक्ति मेरठ अस्पताल पहुंचा और उसने बताया कि आरोपित पक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा मामले में धाराएं बढ़वाने के लिए गंगेरू चौकी के एक दरोगा द्वारा 16 हजार रुपये की मांग की जा रही है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने उसकी बातों में फंसकर उससे रुपये ले लिए और बाद में कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित का कहना है कि रुपये वापस मांगने पर आरोपित टालमटोल कर रहा है। दूसरी और गांव निवासी विजयपाल ने भी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपित ने उससे गाय खरीदी थी आरोप है कि कुल रकम में से केवल 2200 रुपये दिए गए, जबकि 5800 रुपये अभी भी बकाया हैं। रुपये मांगने पर आरोपित गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाता है तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है।दोनों शिकायतकताओं का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति स्वयं को भाजपा नेता बताकर दबंगई दिखाता है तथा आए दिन ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करता है। साथ ही झूठी सूचनाएं देकर पुलिस को भी गुमराह करने का प्रयास करता है। पीड़ितों ने मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# सरकारी प्रतिभूतियों में विदेशी भागीदारी बढ़ाने के लिए सुधार

**बॉन्ड मार्केट को मजबूत करना, विदेशी निवेश आकर्षित करना**

वैश्विक निवेश के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए सरकार निरंतर सुधार कर रही है। पूंजी बाजार को सुदृढ़ करने के लिए, सरकार ने सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) की भागीदारी बढ़ाने के लिए सुधारों की श्रृंखला पेश की है। प्रमुख उपायों में ब्याज आय, दीर्घकालिक पूंजी लाभ (एल टीसीजी) और अल्पकालिक पूंजी लाभ (एसटीसीजी) पर टैक्स में छूट, पूरी तरह से सुलभ मार्ग ( एफएआर) के तहत निर्दिष्ट प्रति भूतियों का विस्तार और निवेश नियमों का सरलीकरण शामिल हैं। इन सुधारों का लक्ष्य स्थिर दीर्घकालिक विदेशी पूंजी को आकर्षित करने, जी-सेक बाजार को सुदृढ़ करने और निवेशक आधार का विस्तार और विविधीकरण करके भारत के ऋण बाजार को मजबूत करना है। विदेशी भागीदारी बढ़ने से अवसंरचना, निर्माण, शहरी विकास, जलवायु पहलों और अन्य राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के लिए अतिरिक्त वित्त पोषण का स्रोत प्राप्त होगा।

# सीबीआई ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू फाइनेंस धोखाधड़ी मामले में छह परिसरों पर मारे छापे

**रघुनंदन पराशर जैतो/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

नई दिल्ली,7 जून : सीबीआई ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू फाइनेंस धोखाधड़ी मामले में छह परिसरों पर छापे मारे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने कल आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू फाइनेंस धोखाधड़ी मामले की जांच के सिलसिले में चंडीगढ़, पंचकुला और दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में छह परिसरों पर छापे मारे। यह मामला हरियाणा सरकार के आठ विभागों और चंडीगढ़ नगर निगम तथा चंडीगढ़ रिन्यूएबल एनर्जी, साइंस एंड टेक्नोलॉजी प्रमोशन सोसाइटी- क्रेस्ट के दो विभागों में 661 करोड़ रुपये के गबन और सरकारी धन की हेराफेरी से संबंधित है। सीबीआई ने कहा कि अनियमितताओं और अपराध की आय प्राप्त करने के संबंध में हरियाणा कैडर के वरिष्ठ लोक सेवकों और एक निजी सलाहकार फर्म और उसके निदेशक के आवासीय परिसरों पर छापे मारे गए। जांच के दौरान ऐसे सबूत सामने आए हैं जिनसे पता चलता है कि लोक सेवकों ने बैंक अधिकारियों के साथ मिलीभगत की थी और खाते खोलने, धन हस्तांतरण और बाद में उसके गबन में सहायता की थी। सीबीआई ने पहले ही इस मामले में दो विभागों के लोक सेवकों की भूमिका का विवरण देते हुए पहली चार्जशीट दाखिल कर दी है।




# रेलवे स्टेशन पर फोर्ट्रेस चैक के विशेष टिकट जांच अभियान में 4.64 लाख जूमार्ना वसूला

**(पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,7 जून : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल द्वारा आज लुधियाना रेलवे स्टेशन पर बिना टिकट यात्रा एवं अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से फोर्ट्रेस चेक के अंतर्गत विशेष सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया, जिसमें टिकट जांच स्टाफ तथा रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने व्यापक जांच की। अभियान के दौरान कुल 993 बिना टिकट एवं अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे लगभग ₹4.64 लाख का रेल राजस्व वसूला गया।रेलवे द्वारा चलाया जाने वाला फोर्ट्रेस चैक एक विशेष सघन जांच अभियान होता है, जिसके तहत किसी स्टेशन, ट्रेन अथवा रेलखंड में बिना पूर्व सूचना व्यापक टिकट जांच की जाती है। इस दौरान यात्रियों के टिकट, पहचान पत्र तथा रेलवे नियमों के अनुपालन की गहन जांच की जाती है। अभियान का मुख्य उद्देश्य बिना टिकट यात्रा पर प्रभावी रोक लगाना तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री बसंत कुमार ने यात्रियों से अपील की है कि वे सदैव वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा रेलवे नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के विशेष जांच अभियान लगातार जारी रहेंगे।उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल का टिकट चैकिंग स्टाफ यात्री का टिकट चैक करते हुए।



# धूमधमाम से मां काली मंदिर में मूर्ति स्थापना दिवस हवन यज्ञ कर लगाया भंड़ारा

**समाज जागरण**

कालांवाली 7 जून 2026 (सुरेश जोरासिया) कालांवाली मंड़ी रोडी. रोड़ सुखचैन मोड़ स्थित मां काली मंदिर मे मूति स्थापना दिवस को लेकर कई भगतजनों में बहुत उत्साह था। मां कालरात्रि के मंदिर को जगमग रौशनी के साथ परिसार को सजाया गया। यह धार्मिक समारोह महामाई सेवा समिति कालांवाली के द्वारा किया जा रहा है। समिति के मुख्य प्रवयक्ता राजपाल धालिवाल ने बताया कि। रात्री को माता का पूजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगरपालिका कालांवाली अध्यक्ष महेश झोहड, समिति के प्रधान राजपाल धलीवाल, उपप्रधान सिंकदर वाहिया, बाबा गोरखपुरी पवन बांसल, तरसेम पक्के वाले,याता प्रभारी भूप सिंह, राधेश्याम, सुखराज सेवक मिस्त्री, मंगत नागर, जसवंत मिस्त्री, विरेन्द्र सोनी आनंद ढ़ाबा, विशेष तौर पर पंहुचे। माता का भजन कीर्तिन कर गुणगान किया गया। सुबह से ही भगतजन मां की पूजा अर्चना व आशिर्वाद लेने के लिए मंदिर में पहुंच रहे है। पुरोहित पवन शर्मा व राधे जी के द्वारा मंत्रोंच्चारण कर हवन यज्ञ पूजा अर्चना कर माता कि आरती कि गई। माता को भोग लगाकर भंड़ारा लगाया गया। भंड़ारे में साधु संत महा पुरूष पंहुचे और प्रसाद ग्रहण किया गया और सुविधा अनुसार मानसम्मान किया गया। शहरवासीयों ने बड़ी श्रद्धा भावना के साथ प्रसाद ग्रहण किया। समिति के मुख्यसेवादार राजपाल धालीवाने ने कहा कि यह इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्रवासीयों का अहम सहयोग रहा है। उनके सहयोग से ही समाजिक व धार्मिक कार्यक्रम किए जाते है। इस मौके पर राजपाल सिंह धालीवाल, साहिल, पवन बांसल राधे श्याम, सेवक मिस्त्री सुखराज सिंह, मंदर सिंह, कुदर सिंह मिस्त्री, हरमेश जीवन सिंह, अवतार रमन जटना आदि मौजूद रहे।



# रेल मंडल प्रबंधक संजीव कुमार ने अधिक से अधिक साइकिल चलाने पर दिया बल,फिट इंडिया के तहत फिरोजपुर मंडल में साइकिल रैली का आयोजन

**(पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,7 जून : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा एतवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि फिरोजपुर मंडल में फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत आज दिनांक 07 जून, 2026 को एक विशेष साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेल अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य/फ्रेट प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी, मंडल यांत्रिक अभियंता श्री अचरज गुप्ता, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी श्री सुनील कैट तथा मंडल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस साइकलिंग रैली का आयोजन मंडल कार्यालय से झोक रोड तक किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य "संडे ऑन साइकिल" संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया। प्रतिभागियों ने सुबह की ताजगी भरी हवा में साइकिल चलाते हुए स्वस्थ शरीर, स्वस्थ भारत का संदेश दिया। इसके माध्यम से फिट इंडिया मिशन को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को भी दोहराया।

मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने फिट इंडिया मिशन के महत्व पर बल देते हुए कहा कि फिट रहने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोग साइकिल चलाए। इससे हमारे स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण पर भी अच्छा प्रभाव पड़ेगा।



# प्रधानमंत्री ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम को एसएएफएफ महिला चैंपियनशिप 2026 जीतने पर बधाई दी

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

नई दिल्ली,7 जून : प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम को आज एसएएफएफ महिला चैंपियनशिप 2026 जीतने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीम ने पूरे टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया है।श्री मोदी ने कहा कि इससे आने वाले समय में और अधिक युवाओं को फुटबॉल खेलने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। प्रधानमंत्री ने टीम को उनके भावी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी।प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया भारतीय महिला फुटबॉल टीम को एसएएफएफ महिला चैंपियनशिप 2026 जीतने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने पूरे टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। इससे आने वाले समय में और अधिक युवाओं को फुटबॉल खेलने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। टीम को उनके भावी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।



## एस.सी. कमीशन ने दो दलित युवकों को रस्सी से बांधकर खेतों में घसीटने के मामले में स्वतः संज्ञान लिया

**समाज जागरण चंडीगढ़ जैतो रघुनंदन पराशर**

चंडीगढ़, 7 जून : पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने श्री मुक्तसर साहिब के गांव झोरड़ में दो दलित युवकों को रस्सी से बांधकर खेतों में घसीटने के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। इस बारे में जानकारी देते हुए पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने कहा कि यह मामला अखबार में छपी एक खबर के जरिए उनके ध्यान में आया है, जिस पर आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है और 9 जून, 2026 को एसपी हेडक्वार्टर श्री मुक्तसर साहिब के जरिए जिला पुलिस कप्तान श्री मुक्तसर साहिब से रिपोर्ट तलब की है।



# थाना शहर पुलिस भिवानी ने बाजार में महिला के बैग से रुपये चोरी करने के मामले में दो महिलाओं को किया गिरफ्तार, 5,800/- रुपये बरामद।

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी।**

पुलिस अधीक्षक भिवानी श्री सुमित कुमार के द्वारा जिला पुलिस को जिले में चोरी की वारदातों में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निदेर्शों की पालना करते हुए थाना शहर पुलिस भिवानी ने बाजार में महिला के बैग से रुपये चोरी करने के मामले में दो आरोपित महिलाओं को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शिकायतकर्ता सुमन निवासी शक्ति नगर भिवानी ने थाना शहर भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि दिनांक 06 जून 2026 को वह बाजार में सामान खरीदने के लिए आई थी। शाम के समय जब वह फूलों वाला चौक से पैदल जा रही थी, तभी भीड़ में दो महिलाएं उसके बिल्कुल साथ-साथ चल रही थीं। शिकायतकर्ता को शक होने पर उसने अपना बैग संभाला तो बैग की चेन खुली हुई थी तथा बैग से 5,800/- रुपये गायब मिले। शिकायतकर्ता द्वारा पीछे मुड़कर देखने पर दोनों महिलाएं मौके से भागने लगीं, जिन्हें मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। शिकायत के आधार पर थाना शहर भिवानी में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया था। मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए दिनांक 06.06.2026 को थाना शहर भिवानी के एएसआई सुरेश कुमार ने बाजार में बैग से रुपये चोरी करने के मामले में दो आरोपित महिलाओं को फूलों वाला चौक भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपित महिलाओं की पहचान कुसुम पत्नी पिंटू निवासी बलियाली तथा मोहिनी पत्नी कंवर उर्फ गट्टू निवासी बलियाली के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपित महिलाओं से चोरी किए गए 5,800/- रुपये बरामद किए गए हैं। आरोपित मोहिनी के विरुद्ध पहले भी वर्ष 2024 में थाना शहर भिवानी में चोरी का एक अभियोग दर्ज है। दोनों आरोपित महिलाओं को पेश माननीय न्यायालय किया गया, जहां से उन्हें जिला कारागार भेजने के आदेश दिए गए हैं।

# *एंटी नारकोटिक्स सैल भिवानी की टीम ने हांसी से मादक पदार्थ लेकर आ रहे एक आरोपी को किया गिरफ्तार, 10.58 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद।

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी।**

भिवानी । पुलिस अधीक्षक भिवानी श्री सुमित कुमार के द्वारा जिला पुलिस को जिले में मादक पदार्थ तस्करी में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निदेर्शों की पालना करते हुए एंटी नारकोटिक्स सैल भिवानी की टीम ने थाना तोशाम क्षेत्र में एक व्यक्ति को मादक पदार्थ हेरोइन सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

दिनांक 05.06.2026 को एंटी नारकोटिक्स सैल भिवानी के उप निरीक्षक अमरजीत सिंह अपनी टीम के साथ गश्त व पड़ताल ड्यूटी के दौरान हांसी रोड तोशाम क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अपनी बोलेरो गाड़ी में हांसी से तोशाम की तरफ आ रहा है, जिसके पास मादक पदार्थ हेरोइन है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर सूचना के आधार पर एक बोलेरो गाड़ी को रुकवाया। गाड़ी चालक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 10.58 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनील पुत्र सजन निवासी गांव मांकावास जिला चरखी दादरी के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के विरुद्ध थाना तोशाम में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई गई। आरोपी सुनील को पेश माननीय न्यायालय कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था।

रिमांड अवधि के दौरान आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह मादक पदार्थ हांसी से खरीदकर लाया था। मामले में आगामी कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मादक पदार्थ सप्लाई करने के मामले में दिनांक 06 .06.2026 को आरोपी अजय पुत्र दिलबाग निवासी राजथल हांसी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी अजय को पेश माननीय न्यायालय किया गया, जहां से न्यायालय ने आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जाएगी।

वहीं आरोपी सुनील को रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद पेश माननीय न्यायालय किया गया, जहां से उसे जिला कारागार भेजने के आदेश दिए गए हैं।



# नेपाल के लिए वॉयस फर्स्ट भाषा अनुवाद मंच हेतु राष्ट्रीय डिजिटल अवसंरचना के सह -निर्माण के लिए डिजिटल इंडिया भाषिणी और काठमांडू यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग (डीआईबीडी) ने भारत तथा नेपाल में भाषा एआई, बहुभाषी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और समावेशी डिजिटल पारितंत्रों को आगे बढ़ाने के लिए एक सहयोगात्मक ढांचा स्थापित करने हेतु नेपाल की काठमांडू यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (डीपीआई-एआई) के साथ एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए हैं।

एमओयू पर डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री अमिताभ नाग और काठमांडू यूनिवर्सिटी के एसोसिएट डीन, प्रोफेसर बाल कृष्ण बाल ने हस्ताक्षर किए। एमओयू का आदान-प्रदान नई दिल्ली में हुई द्विपक्षीय बैठकों के दौरान भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और नेपाल के विदेश मंत्री श्री शिशिर खनाल की उपस्थिति में किया गया। यह अवसर उभरती प्रौद्योगिकियों, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तथा समावेशी डिजिटल रूपांतरण के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने के प्रति भारत और नेपाल की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह साझेदारी समावेशी विकास, सामाजिक सशक्तीकरण और क्षेत्रीय सहयोग के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग को लेकर भारत और नेपाल के साझा विजन को प्रतिबिंबित करती है। यह एमओयू केवल तकनीकी सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे लोगों के बीच संपर्क को सुदृढ़ करने, भाषाई विरासत के संरक्षण को बढ़ावा देने और भाषा, साक्षरता तथा डिजिटल बाधाओं को दूर कर, पूरे क्षेत्र में अवसरों तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की एक पहल के रूप में परिकल्पित किया गया है।

एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थान उच्च-स्तरीय नेपाली भाषा डेटासेट, वाक कॉर्पस तथा वाक-से-पाठ, पाठ-से-वाक, मशीन अनुवाद और बहुभाषी संवादात्मक एआई क्षमताओं सहित बहुभाषी एआई संसाधनों के विकास में सहयोग करेंगे। यह साझेदारी भारत-नेपाल क्षेत्र की अल्प-संसाधनयुक्त और कम प्रतिनिधित्व वाली भाषाओं की भाषाई एवं साहित्यिक विरासत के संरक्षण और डिजिटलीकरण को भी समर्थन प्रदान करेगी, जिससे उन समुदायों को अपनी मातृ-भाषा में एआई-सक्षम उपकरणों तथा सेवाओं तक पहुंच मिल सके, जिनकी भाषाएं डिजिटल विलुप्ति के जोखिम का सामना कर रही हैं। भाषिणी के खुले और अंतर-संचालनीय भाषा प्रौद्योगिकी पारितंत्र के माध्यम से यह सहयोग नेपाल सरकार को नागरिकों तक डिजिटल सार्वजनिक सेवाओं का विस्तार उनकी पसंदीदा भाषाओं में करने में सहायता प्रदान करेगा, जिससे अंतिम छोर तक भाषा, साक्षरता और डिजिटल पहुंच संबंधी बाधाओं को कम किया जा सकेगा। यह एमओयू प्राकृतिक भाषा संसाधन ( एनएलपी), बहुभाषी एआई तथा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान, क्षमता विकास, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और प्रायोगिक परियोजनाओं की भी परिकल्पना करता है, जिसके अंतर्गत दोनों देशों के विश्वविद्यालयों, शोधकताओं, भाषा विशेषज्ञों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों को एक साथ लाया जाएगा। इस साझेदारी से नेपाल के नागरिकों, विद्यार्थियों, उद्यमियों और पेशेवरों के लिए शिक्षा, कौशल विकास, डिजिटल वाणिज्य तथा सार्वजनिक सेवाओं तक बहुभाषी पहुंच को सक्षम बनाकर, नेपाल के भीतर तथा क्षेत्रीय और वैश्विक बाजारों में नए आर्थिक और सामाजिक अवसरों का सृजन करने की भी अपेक्षा की जाती है।

डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री अमिताभ नाग ने कहा, काठमांडू यूनिवर्सिटी के साथ यह साझेदारी क्षेत्र के लिए समावेशी भाषा प्रौद्योगिकी के विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भाषिणी का खुला डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना मॉडल दक्षिण एशिया के लाखों नागरिकों के लिए डिजिटल पहुंच में परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है। यह सहयोग हमें भारत की सीमाओं से परे इस विजन का विस्तार करने में सहायता प्रदान करेगा, साथ ही हमारी साझा भाषाई और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करते हुए वैश्विक दक्षिण के लिए बहुभाषी एआई की अगली पीढ़ी के विकास को भी आगे बढ़ाएगा। काठमांडू यूनिवर्सिटी के एसोसिएट डीन, प्रोफेसर बाल कृष्ण बाल ने कहा, ह्लयह एमओयू भाषाई समावेशन और सामाजिक प्रभाव के लिए एआई की क्षमता के उपयोग को लेकर नेपाल और भारत की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है। काठमांडू यूनिवर्सिटी के डीपीआई-एआई सेंटर और भाषिणी के बीच सहयोग के माध्यम से हम बहुभाषी एआई के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और क्षमता विकास को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे हमारी समृद्ध भाषाई विरासत डिजिटल भविष्य में सहभागिता के लिए बाधा नहीं, बल्कि एक प्रेरक शक्ति बन सके।ह्व

डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग (डीआईबीडी) के बारे में: डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन (डीआईसी), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग (डीआईबीडी), एआई-संचालित बहुभाषी डिजिटल समावेशन और भाषा प्रौद्योगिकी के लिए भारत की राष्ट्रीय पहल है। नेशनल हब फॉर लैंग्वेज टेक्नोलॉजी (एनएचएलटी) के माध्यम से भाषिणी शासन, सार्वजनिक मंचों और संस्थानों के लिए भारतीय भाषाओं में विस्तार-योग्य वाक तथा पाठ-आधारित एआई सेवाएं उपलब्ध कराता है। यह मंच 800 से अधिक सरकारी वेबसाइटों को समर्थन देता है, प्रतिदिन 1.5 करोड़ से अधिक इन्फरेंस को प्रोसैस करता है तथा 36 भारतीय पाठ भाषाओं, 23 भारतीय वाक भाषाओं और 35 अंतरराष्ट्रीय भाषाओं को समर्थन प्रदान करता है। डीआईबीडी मुक्त-स्रोत नवाचार, बहुभाषी एआई अनुसंधान, डेटासेट निर्माण, स्टार्टअप संवर्धन

और शैक्षणिक सहयोग को भी बढ़ावा देता है, जिससे भारत के डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना पारितंत्र को सुदृढ़ किया जा सके।



## केंद्रीय मंत्री श्री जयंत चौधरी ने कौशल भवन में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के कर्मचारियों के बच्चों के लिए शिशु सदन सुविधा का उद्घाटन किया , यह समावेशी कार्यस्थल के प्रति सरकार के दृष्टिकोण को दशार्ता है

श्री जयंत चौधरी, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार ने अधिक समावेशी, करुणामय और जन-केंद्रित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के मुख्यालय- कौशल भवन में कर्मचारियों के बच्चों के लिए एक नई शिशु सदन सुविधा का उद्घाटन किया। लगभग 600 वर्ग मीटर में फैला यह नया शिशु सदन बच्चों के लिए एक स्वागतपूर्ण, सुरक्षित और शैक्षिक वातावरण प्रदान करता है। यहाँ बच्चे सीख सकते हैं, खेल सकते हैं, आराम कर सकते हैं और विकसित हो सकते हैं। इस शिशु सदन में आरामदायक सोने और आराम करने के लिए स्थान, बच्चों के लिए आकर्षक खेल और गतिविधि क्षेत्र, उनकी उम्र के अनुसार सीखने के संसाधन, बच्चों के अनुकूल फर्नीचर, स्वच्छ शौचालय और शिशुओं और छोटे बच्चों के आराम और स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए भोजन और डायपर बदलने के कमरे हैं। प्रशिक्षित देखभालकताओं और सहायक कर्मचारियों द्वारा संचालित इस शिशु सदन को 6 महीने से 6 साल तक के बच्चों की विकास और देखभाल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सोच-समझकर डिजाइन किया गया है। नवनिर्मित शिशु सदन केवल बुनियादी ढांचे तक ही सीमित नहीं है—यह एक ऐसी संस्कृति का प्रतीक है जो देखभाल को महत्व देती है, बचपन को बढ़ावा देता है और कर्मचारियों को पेशेवर प्रतिबद्धताओं और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने में सक्षम बनाता है। कार्यस्थल के पास गुणवत्तापूर्ण शिशु सदन की पहल कामकाजी माता-पिता के लिए सहायक है और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के अधिक समावेशी, परिवार-अनुकूल और जन-केंद्रित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस अवसर पर श्रीमती देबाश्री मुखर्जी, सचिव, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय; श्री दिलीप कुमार, महानिदेशक (प्रशिक्षण), प्रशिक्षण महानिदेशालय; प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार गाबा, कार्यकारी सदस्य, एनसीवीईटी; श्री निरंजन कुमार सुधांशु, अपर सचिव, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय; श्रीमती मनीषा सेनशर्मा, वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय; श्रीमती हिना उस्मान, संयुक्त सचिव, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय; श्रीमती अर्चना मायाराम, आर्थिक सलाहकार, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय; श्रीमती मानसी सहाय ठाकुर, संयुक्त सचिव, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय; श्री एम. सुब्रमणियन, संयुक्त सचिव, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय और मंत्रालय, प्रशिक्षण महानिदेशालय, एनसीवीईटी और एनएसडीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। भारत के भविष्य के लिए तैयार और समावेशी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ने के साथ, इस तरह की पहलें प्रगतिशील, जन -केंद्रित और आधुनिक कार्यबल की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील संस्थानों के निर्माण पर सरकार के ध्यान को मजबूत करती हैं।



# आयर स्वास्थ्य शिविर में 200 मरीजो को नि:शुल्क जाँच कर दी गई दवाईया।

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी विकासखंड हरहुआ स्थित आयर ग्राम सभा के पंचायत भवन में रविवार को प्रधान सूर्यप्रकाश मौर्य के पहल पर सैस हॉस्पिटल हरहुआ द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर निःशुल्क जांच व दवाइयां वितरित की गई।

शिविर में हाइड्रोसील, बवासीर, पथरी, हर्निया, न्यूरो, यूरो, प्लास्टिक सर्जरी, स्किन, ऑर्थो सर्जरी और जनरल मेडिसिन से संबंधित रोगियों की जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को उनकी बीमारियों के अनुसार उचित परामर्श और उपचार संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की।

शिविर में डॉ. अनीश पांडेय, डॉ. यश पांडेय और डॉ. सचिन ने अपनी चिकित्सा सेवाएं दीं। सूरज कुमार और पुष्कर ने सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि जी.डी. नगर ने मरीजों के समन्वय का कार्य संभाला।

कार्यक्रम के संचालन विजय कुमार और गौरव मिश्रा ने किया। प्रधान आयर ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं, क्योंकि इनसे उन्हें घर के नजदीक ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह और उपचार की सुविधा मिल रही है।इस तरह के कैंप पहले भी ग्रामीणों के लिए आयोजित किए जाते रहे हैं। उन्होंने आगे भी ग्राम सभा में मेडिकल कैंप के माध्यम से ग्रामीणों को उपचार सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रखने की बात कही। चिकित्सक टीम को बुके भेंटकर सम्मान किया।

# युवती व बालिका को भगाकर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने भेजा जेल

**समाज जागरण**




मीरजापुर /ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते तीन जून की रात शौच के लिए घर से बाहर गई 19 वषीर्या युवती व 13 वषीर्या बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने वाले गांव निवासी युवक को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इस संबंध में युवती के पिता ने बेटी व गांव निवासी बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का गांव निवासी युवक पर आरोप लगाते हुए बीते चार जून को मुकदमा दर्ज कराया था।दी गई तहरीर में युवती के पिता ने आरोप लगाया था कि बीते तीन जून की रात 11 बजे के करीब बेटी गांव निवासी बालिका के साथ शौच के लिए घर से बाहर गई थी उसी दौरान शादी करने के उद्देश्य से युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। युवती के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित युवक की तलाश में जुटी हुई थी। रविवार को एसआइ रमेश यादव, कांस्टेबल दीपक कुमार, महिला कांस्टेबल ज्योति ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ऊंटी गांव स्थित गड़बड़ा पुल से श्रीराम उर्फ शिवा निवासी मलीपुर नौगवां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ड्रमडगंज भारत सुमन ने बताया कि युवती व बालिका को भगाकर ले जाने वाले आरोपित युवक श्रीराम उर्फ शिवा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# दो बाइको की आमने सामने भिड़ंत बाइक सवार किशोर की हुई मौत तीन गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण**




मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग बरी गांव में रविवार को करीब आठ बजे के आसपास बाइको की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार किशोर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दोनों बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस सेवा से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है किशोर के शव को पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव निवासी 16 वर्षीय सत्य प्रकाश बाइक से अपने रिश्तेदार दिघिया गांव निवासी 17 वर्षीय गोलू के साथ हलिया बाजार से वापस घर लौट रहा था की जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग बरी गांव में पहुंचा की सामने से आ रहे बाइक सवार लालगंज थाना क्षेत्र धोबहा देवघटा गांव निवासी 50 वर्षीय पवन पटेल व 30 वर्षीय रणजीत की बाइक से आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार सत्य प्रकाश की घटना स्थल पर ही मौत हो गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव एसआई घनश्याम सिंह, महेंद्र प्रताप यादव ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक सत्य प्रकाश को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया जबकि घायल पवन पटेल, रणजीत, गोलू की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है मृत सत्य प्रकाश दो भाइयों मे छोटा था मौके पर पहुँचे मृत किशोर के स्वजन रोने बिलखने लगे इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की दो बाइको की आमने सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार किशोर की मौत हो गई है दोनों बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए है

# समृद्धि प्रेरणा महिला संकुल समिति भगवानपुर की वार्षिक आम सभा का बैठक हुआ सम्पन्न

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समृद्धि प्रेरणा महिला संकुल समिति भगवानपुर की वार्षिक आम सभा रविवार को भगवानपुर संकुल समिति कार्यालय के बगल में 2025 -26 का किया गया ।

वार्षिक आम सभा का शुभारंभ ग्राम पंचायत घमहापुर प्रधान पवन कुमार सिंह,जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह, कृष्ण मोहन मिश्रा ,एवं ब्लॉक से ब्लॉक मिशन प्रबंधक ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला व उत्कर्ष राव के द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया।

जिला मिशन प्रबंधक एस0 के0 सिंह ने कहा कि लोन मुख्य रूप से महिलाओं की आजीविका को बढ़ाने का सरल एवं सहज तरीके से उपयोगी है जिससे दीदी अपना आजीविका संवर्धन हेतु अनेक योजना का लाभ लेते हुए कार्य कर सकती हैं ।साथ ही सीसीएल आर एफ सी आई एफ के लोन से भी कार्य कर सकती हैं और अपने आजीविका को बढ़ा सकती हैं। साथ ही स्वयं सहायता समूहों के द्वारा नए-नए उत्पादों को तैयार कर हमारे 32 सी एल एफ के प्रेरणा मार्ट के माध्यम से अपने उत्पादों को बेच सकती हैं।

बीएमएम ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला ने स्वच्छता की शपथ दिलाई साथ ही एक पेड़ मां के नाम पर 200 औषधि पौधे समूहों की महिलाओं को दिए गए। समूह की महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सशक्त करने एवं वार्षिक आमसभा की रिपोर्ट पर चर्चा कर एनआरएलएम योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उत्कृष्ट कार्य कर रही समूहों को मोमेंट्स और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नए पदाधिकारी का चुनाव किया गया।

आजीविका सखी राजकुमारी द्वारा सब्जियों के बीजों का विभाग के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवा कर निःशुल्क लेने की जानकारी दी गई।।

कार्यक्रम में विशेष रूप से सहभागिता सभी सीएलएफ की पदाधिकारी व समूह सखी, आजीविका सखी,बैंक सखी, के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक मिशन प्रबंधक ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला, उत्कर्ष राव,अध्यक्ष राधिका, सचिव निशा कोषाध्यक्ष महिमा ,लेखपाल लीलावती देवी, समूह सखी, राधा मौर्या , नीतू देवी , प्रमिला देवी, चंचल देवी मालती देवी आजीविका सखी राजकुमारी बैंक सखी निशा, व समूहों की अन्य सदस्य सुशीला ,मालती देवी , मनोरमा देवी , व सीएलएफ के सदस्य का पूर्ण योगदान रहा।

अंत में अध्यक्ष राधिका दीदी के द्वारा सभी का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सबका साथ-सबका विकास का सपना साकार कर रही योगी सरकार

**- सीएम-युवा' योजना का लाभ उठाकर अभी तक जनपद के 2867 युवा बन चुके हैं आत्मनिर्भर**
**- रोजगार के लिए सऊदी अरब जाने की बनाई थी योजना, अब आधुनिक हेयर सैलून खोलकर कर रहे अच्छी कमाई**

**समाज जागरण**



मीरजापुर/ उत्तर प्रदेश का आत्मनिर्भर युवा आत्मनिर्भर भारत का आधार बने इसी मूलमंत्र के साथ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) योजना युवाओं के सपनों को उड़ान देने में मील का पत्थर साबित हो रही है। योजना की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले महफूज रोजगार के लिए कभी सऊदी अरब जाने की सोच रहे थे। लेकिन 'सीएम-युवा' योजना से लाभान्वित होकर वे अब आधुनिक सैलून का संचालन कर रहे हैं। महफूज ने प्रतिमाह मोटा मुनाफा कमाने के साथ ही 3 युवाओं को रोजगार भी दे रखा है।

सदर तहसील क्षेत्र के खजुरी गांव निवासी महफूज अंसारी बताते हैं कि रोजगार के लिए उनके गांव के आधा दर्जन से अधिक लोग सऊदी अरब गए हैं और वहां पर नाई का काम कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। इसलिए उन्होंने भी स्नातक तक शिक्षा ग्रहण करने के बाद सऊदी अरब जाने की चाह के चलते गांव के पास में ही हेयर कटिंग का काम सीखा। इसी बीच उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सीएम-युवा योजना के बारे में पता चला। जिसके बाद उन्होंने जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र में आवेदन किया और सरकार की मदद से उन्हें 5 लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध हो सका। जिसके बाद उन्होंने पक्का पोखरा इलाके में किराए पर दुकान ली व दुकान में आधुनिक साज-सज्जा के साथ सैलून चेयर, हेयर शैम्पू चेयर इत्यादि वाराणसी से मंगाकर स्थापित की। महफूज बताते हैं कि दुकान खोलने के बाद उन्हें बहुत अच्छा मुनाफा हो रहा है। सभी खर्च निकालने के बाद उन्हें 30 हजार रुपये प्रतिमाह की आमदनी हो रही है जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण अच्छे से कर पा रहे हैं। उन्होंने अपनी दुकान में तीन अन्य लोगों को रोजगार भी दे रखा है जो प्रतिमाह 15 हजार रुपये तक कमाते हैं। मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए महफूज कहते हैं कि यह योजना उन युवाओं के लिए बहुत मददगार है जो जीवन में कुछ करना चाहते हैं। मैंने मेहनत की और सरकार की मदद से मैं आत्मनिर्भर बना हूं। लेकिन मुझे यहीं नहीं रुकना है। जल्द ही जिले में कई अन्य स्थानों पर सैलून खोलने की योजना है।

**ब्याजमुक्त ऋण से सपनों की राह होती आसान**

जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र (डीआईसी) के उपायुक्त संदीप कुमार ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को बिना गारंटी और 100 फीसदी ब्याज मुक्त ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाना है। बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में 764 लाभार्थी युवाओं को 263.63 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया। इसी तरह वर्ष 25-26 में 2027 युवाओं को 8 करोड़ 98 लाख 66 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया। वर्ष 26-27 में 66 युवाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए 35 लाख 84 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया। इस योजना के तहत अभी तक 11 करोड़ 98 लाख 13 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कुल 2867 लाभार्थियों में 2007 पुरुष लाभार्थी व 860 महिला लाभार्थी हैं।

# कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलने पर शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ माध्यमिक ने शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।संघ के माध्यम से शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उनके प्रति आभार जताया है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ माध्यमिक के वाराणसी मंडल के मंडल अध्यक्ष प्रणय कुमार सिंह ने इंस्टीट्यूट आफ फाइन आर्ट्स घमहापुर,गंगापुर में कहा कि मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों के स्वस्थ स्वास्थ्य के लिए बेहतर उपाय किया है।अब शिक्षक और उनके परिवार के लोग निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना पर अमल होना शुरू हो गया है। शीघ्र ही शिक्षकों के हेल्थ कार्ड बनेंगे और वे निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। इस मौके पर उपस्थित शिक्षक संजीव सिंह गौतम, राकेश सिंह, संजय सिंह, अवधेश यादव, ब्रह्म शेखर राय दिनेश राय, वाहिद खान, मोहित यादव, सर्वेश यादव, ज्ञान शंकर पटेल ने भी इस योजना से आच्छादित होने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।इन लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर उन्हें धन्यवाद भी दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की हुई मौत।

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के सिकटा गांव के अतरी मजरे में शनिवार को दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की अचानक तवियत बिगडने पर परिजन प्रयागराज के कोराव एक निजी अस्पताल में ले गये जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया जिसे लेकर घर आये मौत की सूचना पर पहुंचे माइके के लोग भी पहुँच गये अचानक इस घटना से कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के सिकटा अतरी गांव निवासी नीरज की 21 वर्षीय पत्नी सविता की संदिग्ध परिस्थितियों में तबीयत बिगड़ गई जिसको लेकर परिजन प्रयागराज के कोराव एक निजी अस्पताल में दवा इलाज करने गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। पड़ोसी की सूचना पर मृतक लड़की के पिता थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव निवासी दिनेश वर्मा व उनकी पत्नी सीमा मौके पर पहुंची मृत अवस्था में लड़की को देखकर दहाड़ मार कर रोने लगे अचानक पुत्री की मौत से मां सीमा का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। लड़की के पिता दिनेश वर्मा ने बताया कि पुत्री की शादी एक वर्ष एक महीने पूर्व की थी अचानक पुत्री की मौत होने से कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# 30 जून तक होगा प्रधानमंत्री आवासों का सत्यापन

**समाज जागरण**

मीरजापुर/ हलिया विकासखंड के अंतर्गतप्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास प्लस सर्वे-2024 में शामिल परिवारों की स्थायी पात्रता सूची तैयार करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर विकास खंड क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में खुली बैठक आयोजित कर आवासों का सत्यापन कराया जाएगा। सहायक विकास अधिकारी कृषि नरेंद्र कानापुरिया ने बताया कि ग्राम पंचायत वार निर्धारित रोस्टर के अनुसार 30 जून तक सत्यापन कार्य पूरा किया जाएगा। विकास खंड हलिया में 8 जून से 27 जून के बीच सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। सत्यापन के दौरान पात्र परिवारों की स्थिति की जांच कर अंतिम सूची तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि सत्यापन कार्य पूरा होने के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों की स्थायी पात्रता सूची तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। इससे वास्तविक पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाने में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत कर्मियों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

# बंदर ने महिला को काटा पीएचसी में भर्ती

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा में रविवार की दोपहर घर में घुसे बंदर ने महिला को काट लिया जिससे महिला घायल हो गई महिला के परिजनों द्वारा महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया जंहा पर उपचार चल रहा है थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी 50 वर्षीय नचकी देवी घर में कार्य कर रही थी की घर में घुसे बंदर ने महिला को काट लिया महिला की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुँचे महिला के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा महिला को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया है बंदर हलिया बाजार में कई घरों में घुसकर उत्पात मचाया है जिसमें फैज, अब्दुल रहमान, अनुज सिंह के गुमटी का सामान गिराकर

## बिहार

# पटना के बेउर जेल रोड पर जलजमाव बना मुसीबत

## संक्रामक बीमारियों और हादसों का बढ़ा खतरा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बेउर मोड़ से बेउर जेल जाने वाली मुख्य सड़क इन दिनों जलजमाव की गंभीर समस्या से जूझ रही है। सड़क किनारे नालों के गलत निर्माण और अतिक्रमण के कारण यहाँ का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि स्थिति तालाब जैसी बन गई है, जिससे न केवल आवागमन में बाधा आ रही है, बल्कि बीमारियों और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मुख्य सड़क के किनारे नाला तो बनाया गया है, लेकिन उसका ढाल और स्तर सही नहीं है। इस कारण नाले का पानी पाइपों के जरिए बाहर निकलने के बजाय खाली प्लॉटों और रिहायशी इलाकों में जमा हो रहा है। पाटलिपुत्र सेंट्रल स्कूल के उत्तर स्थित खाली जमीन पर वार्ड संख्या-11 का गंदा पानी जमा हो रहा है, जो अब एक बड़ी समस्या बन चुका है। यहाँ फैली गंदगी, दुर्गंध और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। निवासियों का आरोप है कि बेउर मोड़ से जेल तक नालों पर अवैध रूप से फल, सब्जी और मांस-मछली की दुकानें सज गई हैं। इन दुकानों से निकलने वाला कचरा सीधे जलजमाव वाले क्षेत्रों में फेंका जा रहा है, जिससे जल निकासी का रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। नगर निगम प्रशासन को कई बार लिखित शिकायत दी गई, लेकिन समाधान के नाम पर खानापूर्ति ही हुई है। बरसात में स्थिति और भयावह हो जाती है। पिछले वर्ष इसी जलजमाव के कारण एक मोटरसाइकिल सवार गहरे गड्ढे में गिरकर घायल हो गया था। तब प्रशासन ने निर्माण एजेंसी पर 10 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया था, लेकिन उसके बाद भी धरातल पर स्थिति नहीं सुधरी। स्थानीय लोगों ने अब नगर निगम से नाले की तकनीकी जांच, अतिक्रमण हटाने और स्थायी जल निकासी की अविलंब व्यवस्था करने की मांग की है।



# लोजपा (आर) ने पटना के पालीगंज में फूंका चुनावी बिगुल, संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पालीगंज विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक रविवार को स्थानीय मंडप मैरेज हॉल में आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनौतियों के मद्देनजर पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना और एनडीए की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालीगंज प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार राम ने की। बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए लोजपा (आर) के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व पालीगंज विधानसभा एनडीए प्रत्याशी सुनील कुमार यादव ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में बेहद कम अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने इसका मुख्य कारण टिकट वितरण में हुई देरी को बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि, "हमारी पार्टी का स्ट्राइक रेट वर्तमान में सबसे बेहतर है, लेकिन हमें इसे और अधिक बेहतर बनाने के लिए एकजुट होकर काम करना है। हमें अपनी गलतियों से सीखकर संगठन को इतनी मजबूती देनी है कि अगली जीत सुनिश्चित हो।" सुनील कुमार यादव ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे केंद्र और बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेकर गाँव-गाँव और गली-गली तक जाएँ। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का प्राथमिक कर्तव्य है कि वे आम लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, जिससे न केवल एनडीए बल्कि लोजपा (आर) का जनाधार भी व्यापक हो सके। पटना जिलाध्यक्ष चंदन यादव ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिस तरह बिना रीढ़ के इंसान का कोई अस्तित्व नहीं होता, उसी तरह बिना निष्ठावान कार्यकर्ताओं के पार्टी भी कमजोर रहती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुटता के साथ पार्टी की विचारधारा को विस्तार देने का आह्वान किया। इस बैठक में प्रमुख रूप से दुल्हिन बाजार प्रखंड अध्यक्ष राहुल पासवान, प्रदेश सचिव (महिला प्रकोष्ठ) प्रभा देवी, जिला प्रधान महासचिव डॉ. उमाकांत, शिवजन्म पासवान, शिवपूजन पासवान, मीडिया प्रभारी अंजनी शर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष चंदन पासवान, मेघनाथ पासवान और कुणाल पासवान सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के माध्यम से आगामी चुनावों के लिए लोजपा (आर) ने पालीगंज में अपनी सक्रियता का बड़ा संदेश दिया है।

# नबीनगर रोड रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) सोननगर-बरवाडीह रेलखंड पर रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। नबीनगर रेलवे स्टेशन के समीप पिपरा गांव के पास रेलवे ट्रैक के समीप से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। प्रथम दृष्टि में मामला ट्रेन से गिरकर मौत का लग रहा है।स्थानीय लोगों ने सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे एक व्यक्ति को मृत अवस्था में पड़ा देखा। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी नबीनगर थाना पुलिस को दी।सूचना पर नबीनगर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आसपास के इलाके में मृतक की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी।उसके पास से कोई पहचान पत्र या मोबाइल बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। प्रथम दृष्टि में ऐसा लग रहा है कि युवक चलती ट्रेन से गिर गया होगा।इस संबंध में नबीनगर थाना में यूडी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# खान सर की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस सक्रिय, 5 सदस्यीय टीम गठित



पटना। चर्चित शिक्षक एवं यूट्यूबर फैजल खान उर्फ खान सर के खिलाफ दर्ज मामले में पटना पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पटना एसएसपी ने पांच सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया है। टीम में टाउन डीएसपी-1, टाउन डीएसपी-2, कदमकुआं थाना प्रभारी, पीरबहोर थाना प्रभारी तथा गांधी मैदान थाना प्रभारी को शामिल किया गया है।

यह मामला 2 जून को पटना स्थित खान ग्लोबल स्टडीज संस्थान के बाहर हुई हिंसा, तोड़फोड़ और कथित फायरिंग की घटना से जुड़ा है। घटना के बाद पुलिस ने खान सर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी और मामले की जांच जारी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, खान सर के वकील अग्रिम जमानत (एंटिसिपेटरी बेल) के लिए अदालत का रुख करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके अधिवक्ता ने कहा है कि खान सर आत्मसमर्पण नहीं करेंगे और पहले कानूनी राहत प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में उपलब्ध साक्ष्यों और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच जारी है और अदालत में लंबित कानूनी प्रक्रिया के परिणाम पर सभी की नजरें टिकी हैं।

# विश्व साइकिल दिवस पर अमलाई में भव्य साइकिल रैली का आयोजन

**समाज जागरण**



अनूपपुर। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा क्रीड़ा भारती जिला अनूपपुर के संयुक्त तत्वावधान में 7 जून (रविवार) को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन क्रीड़ा केंद्र अमलाई द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्रीड़ा प्रभारी (जनजातीय कार्य विभाग, अनूपपुर) शेख खलील कुरैशी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को साइकिल चलाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को प्रतिदिन साइकिल चलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डीजल और पेट्रोल की बढ़ती समस्या को देखते हुए साइकिल एक प्रभावी, सस्ता और पर्यावरण हितैषी विकल्प है। उन्होंने यह भी कहा कि साइकिल चलाने की परंपरा को आज के समय में पुनः अपनाने की आवश्यकता है। क्रीड़ा केंद्र अमलाई के प्रमुख प्रशिक्षक एवं क्रीड़ा भारती जिला मंत्री किशोर साकेत ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रैली संडे ऑन साइकिल अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागियों ने प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट साइकिल चलाने की प्रतिज्ञा ली। साथ ही उन्होंने हर रविवार को सामूहिक रूप से साइकिल चलाकर अन्य नागरिकों को जागरूक करने का आह्वान किया। रैली अमलाई नगर की विभिन्न कॉलोनियों से होते हुए दुर्गा मंदिर क्षेत्र एवं मुख्य बाजार से गुजरी और अंत में अमलाई कोलियरी स्टेडियम में इसका समापन किया गया। कार्यक्रम का समापन सम्मान समारोह के साथ किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। साथ ही सबसे कम उम्र के खिलाड़ी दशम को मोमेंटो प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक गुरदीप सिंह, निधि कुशवाहा, सूरज गुप्ता, श्लोक मिश्रा, शिफात आदिल, अगमदीप सिंह, रोहित सिंह सहित अनेक खिलाड़ी, उनके परिजन एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर साइकिलिंग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

# गोंड समाज महासभा जिला कमेटी दमोह की जिलास्तरीय महत्वपूर्ण बैठक हुई

## सामाजिक विभिन्न ज्वलंत मुद्दों के लेकर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक जाएगी गोंड समाज महासभा :- सुनील शाह ऐडाली

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



दमोह तेजगढ़:- प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील शाह ऐडाली ने बताया है कि गोंड समाज महासभा प्रदेश नेतृत्व में दमोह जिले में गोंड समाज महासभा जिला कमेटी की बैठक जिलास्तरीय महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन ग्राम हर्रई सिंगौरगढ़ बड़ादेव ठाना पर सम्पन्न हुई। जिसमें समाज में फैली कुरीतियों बुराइयों को समाप्त कर समाज को सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने हेतु जन जागरूकता लाने एवं अपनी धर्म संस्कृति परम्पराओं रीति रिवाजों को बेहतर तरीके से बनाए रखने जल जंगल जमीन संरक्षण करने के लिए बात कही गई, प्रदेश सह सचिव कौशल विकास पोर्ते ने कहा कि महासभा से समाज के प्रत्येक सक्रिय व्यक्ति को जोड़ना मुख्य उद्देश है जिससे समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।
प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील शाह ऐडाली ने कहा कि समाज के युवाओं को अपने समय की पहचान कर अपने मूल्य को समझते हुए समाज को साकार दिशा देने का प्रयास करते हुए समाज को नशा मुक्त बनाना है। युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष तिरु अनरत सिंह ऐडाली ने बताया है कि समाज के नव युवाओं को स्वरोजगार हेतु शिविर आयोजित कर जनजागृति के द्वारा स्वयलंबी बनाना है। जिला सचिव महेंद्र सिंह मरकाम ने कहा कि समाज के वीर वीरांगनाओं शहीदों की जीवन गाथा से समाज को प्रेरित करते हुए सही दिशा देना होगा। जिला अध्यक्ष तिरु धीरज सिंह सरूता जी ने समाज को एकजुट होकर समाज के उद्धार हेतु मिलकर प्रयत्न करना चाहिए इसे अपील की है। बैठक का सफल संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील शाह ऐडाली उपसरपंच ने किया। इस अवसर पर बैठक में शामिल प्रदेश सहसचिव तिरु कौशल सिंह पोर्ते, विधि प्रकोष्ठ सहसचिव सीताराम कुलस्ते, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील शाह ऐडाली, संभागीय कार्यकारणी अध्यक्ष तिरु लखन मरकाम, जिला अध्यक्ष तिरु धीरज सिंह सरूता, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष तिरु अनरत सिंह ऐडाली, सचिव महेंद्र सिंह मरकाम, जबेरा ब्लॉक अध्यक्ष तिरु महराज सिंह फौजी, संरक्षक शिवलाल धुर्वे सरपंच, जग्गन पहलवान, पटेरा ब्लॉक अध्यक्ष तिरु मानसिंह ठाकुर, भगवानदास सिंह धुर्वे पूर्व सरपंच जोगीडाबर, जाहर सिंह पंद्रे, दास सिंह कुलस्ते, धर्मेंद्र सिंह कुलस्ते, नारायण सिंह एरकिरा, शंकर सिंह ठाकुर, भज्जू सिंह ऐडाली, चंद्रभान सिंह , महेश सिंह करपेती, दशरथ पंद्रे पूर्व सरपंच हर्रई सिंगौरगढ़ आदि के साथ सैकड़ों सगा समाज महासभा के पदाधिकारी गण मौजूद रहे। अंत में बैठक का आभार जिला अध्यक्ष तिरु धीरज सिंह सरूता ने वक्त किया।

# सीमा पार से रेत तस्करी पर खनिज विभाग का शिकंजा , बिना नंबर की डग्गी जब्त

## छत्तीसगढ़ से अवैध रेत लाने की मिल रही थीं शिकायतें, कार्रवाई में खुली पोल

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

अनूपपुर /जिले में अवैध रेत कारो बार के खिलाफ खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बिना नंबर की डग्गी वाहन को जब्त किया है। लंबे समय से मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा से लगे क्षेत्रों में अवैध रेत परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों के बाद खनिज विभाग ने विशेष जांच अभियान चलाया, जिसमें एक संदिग्ध डग्गी वाहन रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा गया।
शनिवार रात रामनगर क्षेत्र में चलाए गए सघन जांच अभियान के दौरान खनिज निरीक्षक ईशा वर्मा ने बिना नंबर की डग्गी वाहन को रोककर जांच की। पूछताछ में चालक ने वाहन मालिक का नाम अमन पांडे, निवासी डोला बताया, लेकिन वाहन से संबंधित वैध दस्तावेज और ई-ट्रांजिट पास (ईटीपी) प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में रेत परिवहन पूरी तरह अवैध पाए जाने पर खनिज अमले ने तत्काल वाहन को जब्त कर रामनगर थाना की अभिरक्षा में सौंप दिया। बिना नंबर की गाड़ी ने खड़े किए कई सवाल कार्रवाई के दौरान सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि वाहन पर नंबर प्लेट तक नहीं लगी थी। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर बिना नंबर का वाहन सड़कों पर कैसे दौड़ रहा था? स्थानीय लोगों का कहना है कि नंबर प्लेट का न होना यह संकेत देता है कि वाहन लंबे समय से अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल किया जा रहा होगा और पहचान छिपाने के उद्देश्य से नंबर नहीं लगाया गया होगा। क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि सीमावर्ती इलाकों से रेत का अवैध परिवहन कोई नई बात नहीं है। यदि खनिज विभाग की कार्रवाई में एक वाहन पकड़ा गया है तो यह केवल एक कड़ी हो सकती है। सवाल यह भी है कि क्या इस अवैध कारोबार के पीछे कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है, जिसकी जांच की आवश्यकता है।
खनिज विभाग की जीरो टॉलरेंस नीति उप संचालक खनिज श्रीमती आशालता वैद्य ने बताया कि कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देश पर जिलेभर में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जब्त वाहन के खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज (अवैध परिवहन) नियमों के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।
उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनिज परिवहन, ओवरलोडिंग और राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाली गति विधियों के विरुद्ध प्रशासन की "जीरो टॉलरेंस" नीति जारी रहेगी और भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।
अब जांच बड़े नेटवर्क तक पहुंचेगी या नहीं? खनिज विभाग की इस कार्रवाई ने एक बार फिर सीमावर्ती क्षेत्रों में संचालित अवैध रेत कारोबार की ओर ध्यान खींचा है। जनता की नजर अब इस बात पर टिकी है कि क्या जांच केवल वाहन जब्ती तक सीमित रहेगी या फिर अवैध रेत परिवहन के पूरे नेटवर्क और उसके संरक्षकों तक भी पहुंचेगी।

फिलहाल, बिना नंबर की डग्गी पर हुई कार्रवाई ने यह जरूर साबित कर दिया है कि सीमा पार से अवैध रेत परिवहन की शिकायतें निराधार नहीं थीं, बल्कि जमीनी हकीकत अब सरकारी कार्रवाई में भी सामने आने लगी है।

# अमलाई में साइकिल रैली विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर क्रीड़ा भारती

**समाज जागरण**

अनूपपुर के आवाहन पर अमलाई में साइकिल चालन को प्रेरित करने के



उद्देश्य से एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। साइकिल रैली शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमलाई से प्रारंभ होकर विभिन्न कॉलोनी में भ्रमण करती हुई अमलाई स्टेडियम में समाप्त हुई। साइकिल रैली के अवसर पर क्रीड़ा भारती अनूपपुर संजय जी जोगी , जिला खेल अधिकारी शेख खलील कुरेशी, किशोर साकेत, अजय पाल सिंह आदि उपस्थित रहे

# खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**समाज जागरण**

अनूपपुर। जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 6 जून शनिवार को तहसील कोतमा अंतर्गत ग्राम लोहसरा-बिजुरी में अवैध रूप से भंडारित खनिज रेत पर कार्रवाई करते हुए उसे जब्त किया गया। जब्त की गई रेत को सुरक्षित रूप से उपतहसील कार्यालय परिसर बिजुरी में रखवाया गया है। खनिज विभाग के निरीक्षक ईशा वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया




कि कलेक्टर एवं उपसंचालक खनिज के निदेर्शानुसार जिलेभर में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध सघन जांच अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। विभागीय टीम द्वारा नियमित निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है, ताकि अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खनिज नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।
अधिकारियों ने आमजन से भी अपील की है कि अवैध खनिज गतिविधियों की जानकारी प्रशासन को दें, जिससे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं राजस्व हानि को रोका जा सके। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनिज कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है।

# जिला चिकित्सालय अनूपपुर के डाक्टरों ने पेश की मानवता की मिशाल

## राणे की मेहनत लाई रंग लावारिस महिला का हुआ बेहतर उपचार परिजनों को किया सुपुर्द

### लावारिस,पीड़ित महिला के लिए सफाई कर्मी बना " मनमोहन"

**समाज जागरण**

अनूपपर/सेवा परमो धर्मः मानव एक ऐसी प्रजाति है अगर उसमें कुछ करने की इच्छा है तो उसे हर जाति,धर्म,वर्ग, विशेष पशु,पक्षी, सभी की सेवा किए जाने का अवसर प्राप्त होता है, लेकिन तब, जब अंदर से "सेवा भावना " की इच्छा जागृत हो वैसे प्रत्येक व्यक्ति अगर अपने दायित्व का कार्य ईमानदारी पूर्वक करे तो दुनिया के हर जीव के कष्ट को दूर किया जा सकता है, लोगों के मुताबिक सेवा भाव के साथ अपने जिम्मेदारी का निर्वहन किए जाने के बाद अपने आप में एक अलग सा आनंद महसूस होता है, जो अनूपपुर जिला चिकित्सालय में काम कर रहे सफाई कर्मी मनमोहन राने पर देखा जा सकता है ,इसी तारतम्य में जिला चिकित्सालय अनूपपुर में देखा गया कि एक विक्षिप्त लावारिस महिला कई दिनों से अत्यंत पीड़ा के साथ तड़प रही थी, मिली जानकारी के मुताबिक उस महिला को ट्रेन से उतार कर कोई अज्ञात व्यक्ति जिला चिकित्सालय में छोड़कर चला गया था ,महिला गैंगरीन नामक बीमारी से ग्रसित थी महिला के शरीर से घाव में सड़न होने के कारण इतना दुर्गंध आ रहा था कि लोगों को सांस लेना मुश्किल पड़ रहा था ।

घाव इतने गहरे थे कि उसका इलाज होना यहां मुश्किल दिख रहा था लोगों द्वारा उक्त लावारिस महिला को मेडिकल कॉलेज रेफर कर



इलाज के लिए भेजे जाने की योजना बनाई जा रही थी, उसी समय जिला चिकित्सालय में सफाई कर्मी का काम कर रहे मनमोहन राने ने देखा और गुजारिश की कि मेडिकल कॉलेज पहुंचने तक महिला की स्थिति अत्यंत खराब हो जाएगी उन्होंने हिम्मत जुटाई और मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर प्रवीण शर्मा से इलाज के लिए चर्चा करते हुए पहले महिला को डिटॉल एवं साबुन से बेहतर नहाने की व्यवस्था बनाई।
ऐसा लग रहा था कि उपरोक्त महिला इस भीषण गर्मी के दिन में कई महीना से स्नान नहीं कि थी ,मनमोहन राने की मदद से जब महिला को पूरी तरह से नहला धुलाकर साफ किया गया उस वक्त पीड़ित महिला का पीड़ा कुछ हल्का हुआ इसके बाद जिला चिकित्सालय में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर प्रवीण शर्मा, एवं सर्जिकल आफिसर अनूपपुर जिले के स्वास्थ्य विभाग की आत्मा माने जाने वाले डॉ साकेत कौशिक,सफाई कर्मी मनमोहन राणे के साथ अन्य स्टाफ के लोगों द्वारा बड़ी मशक्कत के बाद मानवता का मिशाल पेश करते हुए महिला का इलाज शुरू किया, इलाज शुरू होने के बाद जब कुछ ऐसा प्रतीत हुआ कि महिला अपने बारे में कुछ बता सकती है,भरसक प्रयास के बाद महिला द्वारा दी गई जानकारी में संपर्क किए जाने का प्रयास किया गया जिसमें पता चला कि महिला का नाम मंजू देवी,पति राधे,ससुर नंदीलाल बिहार निवासी चितावा,गांव बृजपुर जिला सोनभद्र बिहार के बारे में होने की जानकारी मिली सोनभद्र पुलिस की मदद से ग्राम प्रधान के द्वारा परिजनों को जानकारी दी गई तब तक लगातार उपचार के दौरान महिला के स्वास्थ्य में सुधार होता गया।

पूरे मामले में जिला चिकित्सालय अनूपपुर में सफाई कर्मी का कार्य कर रहे मनमोहन राने के द्वारा उपरोक्त लावारिस महिला के खाने रहने दवाई आदि की समुचित व्यवस्था करते हुए बहुत बड़े मानवता की मिसाल को पेश किया जो नगर भर में चर्चा का विषय बना हुआ है उपरोक्त महिला के स्वास्थ्य में सुधार कराए जाने एवं परिजनों से मुलाकात कराए जाने में मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर प्रवीण शर्मा, डॉ साकेत कौशिक के साथ सफाई कर्मी मनमोहन की भूमिका सराहनी रही।

# खाकी पर गाड़ी चढ़ाने वाले अंतर्राज्यीय शराब माफिया का घिनौना गठजोड़ बेनकाबः मैनेजर मृत्युंजय जायसवाल समेत 2 गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**समाज जागरण रामानुजगंज**

कानून की धज्जियां उड़ाने वाले और वर्दी को कुचलने का दुस्साहस करने वाले अंतर्राज्यीय शराब तस्करों के पूरे सिंडिकेट को पुलिस ने उखाड़ फेंका है। मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ में अवैध शराब की खेप खपाने वाले और ड्यूटी पर तैनात जवानों की जान लेने की कोशिश करने वाले दो शातिर अपराधियों को आखिरकार पुलिस ने दबोचकर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। इस पूरे काले धंधे के तार एमपी के रसूखदार शराब ठेकेदारों और उनके गुर्गों से जुड़े हुए हैं। दहशत का वो दिनः जवानों को कुचलने की कोशिश और बैरियर थ्रू यह सनसनीखेज मामला 22 अप्रैल 2026 का है। मध्य प्रदेश के बैढ़न से अवैध शराब की भारी खेप लेकर आ रही एक बोलेरो (CG 15 A 6984) ने तुगवा बैरियर पर जो खूनी खेल खेलने की कोशिश की, उसने कानून व्यवस्था को चुनौती दी थी। पुलिस जवानों ने जब गाड़ी रोकने का इशारा किया, तो तस्कर ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। जवानों को जान से मारने की नीयत से उन पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया और बैरियर को तोड़ते हुए तस्कर फरार हो गए। पुलिस की चौतरफा घेराबंदी देखकर आरोपी रघुनाथनगर के पास गाड़ी छोड़कर दुम दबाकर भाग निकले थे।

**कचनी शराब दुकान के रसूखदार सिंडिकेट का भंडाफोड़**



गिरफ्तार आरोपियों में सबसे बड़ा नाम मृत्युंजय जायसवाल (29 वर्ष) का है, जो झारखंड के साहिबगंज का रहने वाला है। यह आरोपी कचनी खुटार (बैढ़न, MP) स्थित संजीव केशरी की शराब दुकान का मैनेजर है। जांच में सामने आया है कि इस दुकान को संजीव केशरी और गौरव सिंह पार्टनरशिप में चलाते हैं। इसी दुकान से ₹94,000 की अवैध शराब लोड कराई गई थी, जिसे सूरजपुर के रेवटी निवासी रवि गुप्ता के पास खपाया जाना था। मुख्य तस्कर देवनंदन कुशवाहा (25 वर्ष) को पुलिस ने झारखंड के गढ़वा में उसके ससुराल से दबोचा, जिसने इस पूरे सिंडिकेट का पदार्फाश किया।
तस्करी पर सवाल उठाने वाले जनप्रतिनिधि को दी थी धमकी, रजमिलान में हुआ था खूनी संघर्ष
इस पूरे अवैध कारोबार की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस शराब तस्करी के खिलाफ जब जनपद सदस्य हर्षित सिंह उर्फ रिशू ने आवाज उठाई और सवाल खड़े किए, तो शराब माफिया तिलमिला उठा। * फोन पर गाली-गलौज और विवादः अवैध शराब की बिक्री पर सवाल उठाने से नाराज होकर शराब दुकान के पार्टनर गौरव सिंह ने हर्षित सिंह रिशू को फोन पर सीधा धमकाया और तीखा विवाद हुआ।
* खूनी झड़पः रसूख के नशे में चूर इस सिंडिकेट की वजह से अगले ही दिन रजमिलान इलाके में दोनों पक्षों के बीच हिंसक मारपीट हुई, जिस पर पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी पड़ी थी। कानून का डंडाः 45 दिन की फरारी कटी, अब जेल में कटेगी रातें शराब माफिया खुद को कानून से ऊपर समझ रहा था, लेकिन पुलिस अधीक्षक वैभव वेंकट और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के कड़े रुख ने तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। रघुनाथनगर पुलिस, बलंगी चौकी और साइबर सेल की टीम ने 45 दिनों तक बिल्ली-चूहे के खेल का अंत करते हुए दोनों आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

# शासन के ट्रांसफर आदेशों की कथित नाफरमानी: पद पर बनी रहने की जिद में पूजा बुनकर?

## क्या उच्चाधिकारियों के संरक्षण में पनप रहा है कथित भ्रष्टाचार ? पूजा बुनकर के मामले में उठे गंभीर सवाल

### पीएमओ और लोकायुक्त में शिकायत के बाद भी पूजा बुनकर को अहम कुर्सीः मूलभूत सुविधाएं राम भरोसे

इंट्रो। दागी अतीत और जांच एजेंसियों में लंबित गंभीर शिकायतों के बीच एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा तबादला आदेशों की नाफरमानी सिस्टम की खस्ताहाली को बयां करती है। ठेकेदारों से कथित याराना और फाइलों पर अघोषित कब्जा जताकर प्रशासन को चुनौती दी जा रही है।
ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर किन शक्तियों के दबाव में इस पूरी कथित अनियमितता पर पर्दा डालने का प्रयास किया जा रहा है।

**समाज जागरण**

शहडोल। क्या मध्य प्रदेश शासन के तबादला आदेश केवल दिखावे के लिए रह गए हैं? नगरीय विकास विभाग ने ३ जून को सीएमओ का तबादला बनगवां कर दिया। बावजूद इसके, शिकायतों के अनुसार, वे कथित तौर पर पद से हटने को तैयार नहीं हैं। उनका दफ्तर से गायब रहना और जनहित की महत्वपूर्ण फाइलों को कथित तौर पर अपने पास रखना प्रशासन के सख्त रवैये पर एक बड़ा तमाचा है।
रसूखदारों का संरक्षण और सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट नियमों की अनदेखी
नियम कानून क्या सिर्फ आम आदमी के लिए हैं? दस्तावेजों के अनुसार, शिकायतकताओं ने सुप्रीम कोर्ट के नियमों की कथित अनदेखी का आरोप लगाते हुए पूछा है कि दागी और भ्रष्ट आचरण की जांच का सामना कर रहे अधिकारियों को फील्ड पोस्टिंग देकर क्या साबित किया जा रहा है? क्या जबलपुर संभाग के आला अधिकारी इस कथित तानाशाही को ऐसे ही अपना संरक्षण देते रहेंगे?
जबलपुर की फर्म 'वर्चुअल क्रिस्टल' पर विशेष कृपा और गठजोड़ के आरोप अहम फाइलों के गायब होने के पीछे ठेकेदार से यारी की चर्चा भी जोरों पर है। शिकायतों के हवाले से यह बात सामने आई है कि जबलपुर की फर्म 'वर्चुअल क्रिस्टल' को कथित रूप से अनुचित लाभ दिया जा रहा है। अधिकारी और इस चहेती फर्म का कथित तालमेल इतना पक्का बताया जाता है कि यह ठेकेदार हर नई पदस्थापना पर अधिकारी से पहले ही वहां नजर आने लगता है।
जेम पोर्टल का कथित दुरुपयोग और सिवनी-करेली के पुराने विवादित पन्ने इनके कार्यकाल के पुराने पन्ने भी विवादों से भरे पड़े हैं। जांच प्रतिवेदनों के अनुसार, सिवनी और करेली में जेम पोर्टल से की गई मनमानी और बाजार दर से महंगी खरीदी के गंभीर आरोप हैं। जब ईओ डब्ल्यू, लोकायुक्त और प्रधानमंत्री कार्यालय तक ये विस्तृत शिकायतें पहुंच चुकी हैं, तो यह बात समझ से परे है कि इन्हें बार-बार महत्वपूर्ण और मलाईदार पदों पर किस आधार पर पदस्थ किया जाता है।

# रामा इण्डस्ट्रीज सीमेंट कंपनी ने सामाजिक दायित्वों के प्रति बढाये कदम

## ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर --- पाली विकास खंड में मरवा टोला में खुल रही कोयला खदान जो की रामा इण्डस्ट्रीज सीमेंट कंपनी के व्दारा संचालित की जानी हैं जिसकी खदान खुलने की संभावना वर्ष 2027 तक है, लेकिन सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में अभी से लगी हुई है, और इस कड़ी में मरवा कोल खदान के प्रभावशील ग्रामों में उनकी प्रतिबद्धता देखने को मिल रही है। इस दायित्व के साथ रामा इण्डस्ट्रीज सीमेंट कंपनी ने गांवों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विदित होवे की आज औढेरा गाँव में आज एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, इसके पहले दिवस आमगार में स्वास्थ्य शिविर किया गया। इस संबंध में रामा इण्डस्ट्रीज सीमेंट कंपनी के महाप्रबंधक अजीत सिंह सोडा ने बतलाया की अगला शिविर




मालाचुआ में तय है, साथ ही सभी गांवों में भी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। मालुम होवे की इसी तरह महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से चार सौ महिलाओं को नेट का वितरण किया गया था। ध्यान देने योग्य है की यह पूरा क्षेत्र महुआ के पेड़ों से समृद्ध शाली है और यहाँ की यह मुख्य फसलों में से एक है। यह नेट महुआ के वृक्षों में लगा दिया जाता है, जो महुआ गिरता है वह नेट में संकलित होता रहता है और किसानों को महुआ शुद्ध, स्वच्छ, बिना किसी नुकसान के और कम मेहनत में प्राप्त हो जाता है। स्वस्थ शिविर में गाँव की महिलायें, बुर्जुग, बच्चों के उपचार के लिए रामा इण्डस्ट्रीज सीमेंट कंपनी के व्दारा कुशल और बिषय विशेषज्ञ चिकित्सकों को ला कर विधिवत जांचोपरांत चिकित्सकों के मार्गदर्शन में औषधियों का विवरण किया गया। आज के शिविर में चिकित्सक, उनका स्टाफ, के साथ ही रामा इण्डस्ट्रीज सीमेंट कंपनी के महाप्रबंधक अजीत सोडा

जी उनके मातहत अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस कार्यक्रम का आयोजन के के सपूत मेमोरियल समिति के व्दारा किया गया।

# सीएक्यूएम ने एनसीआर में लागू नियमों की समीक्षा की; 11 से 29 मई के बीच 245 निरीक्षण किए

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और आस-पास के इलाकों में 11.05.2026 से 29.05.2026 की अवधि के दौरान प्रवर्तन कार्रवाई, निरीक्षण और नियमों के पालन की स्थिति की समीक्षा के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ( सीए क्यूएम) के प्रवर्तन कार्य बल (ईटी एफ) की 132वीं बैठक 05.0 6.2026 को हुई। सीएक्यूएम के फ्लाइंग स्क्वॉड ने 19 दिन की इस अवधि के दौरान, कुल 245 निरीक्षण किए - इनमें निर्माण और तोड़-फोड़ (सीऔरडी) स्थानों पर 31, औद्योगिक क्षेत्र में 74 और डीजल जेनरेटर (डीजी) सेट से जुड़े 140 निरीक्षण शामिल थे। कुल 87 उल्लंघन पाए गए, जिनमें सीऔरडी स्थानों से 21, औद्योगिक क्षेत्र से 25 और डीजी सेट से जुड़े 41 मामले शामिल थे। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर, 11 इकाइयों/ परियोजनाओं को बंद करने, 33 डीजी सेट को सील करने, नियमों के पालन के लिए 19 निर्देश/आदेश जारी करने और 13 मामलों में पर्यावरण मुआवजा (ईसी) लगाने का प्रस्ताव दिया गया है। प्रवर्तन कार्य बल (ईटीएफ) ने 131वीं ईटीएफ बैठक के बाद की गई कार्रवाई की समीक्षा की

# जिलाधिकारी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा के लिए तैयारियां पूरी**

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 के सफल, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण आयोजन हेतु जिला धिकारी चर्चित गौड़ ने जनपद के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों का विस्तृत निरीक्षण किया। जनपद में 08, 09 एवं 10 जून को दो-दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए



छह परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**मूलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर**

जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों, स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम तथा परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए उन्हें सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, टेंट व्यवस्था एवं फ्रिस्किंग स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही परीक्षा अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा एम्बुलेंस तथा सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।

**समयपालन एवं अनुशासन में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं**

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कक्ष निरीक्षकों के ब्रीफिंग सत्र में जिलाधिकारी ने समयपालन को अनिवार्य बताते हुए सीटिंग प्लान एवं अन्य तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं निष्पक्षता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता अक्षम्य होगी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह पुलिस क्षेत्रा धिकारी रणधीर मिश्रा सहित और संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सलखन में आयोजित जन आरोग्य शिविर में 37 मरीजों का हुआ निःशुल्क इलाज

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज विकास खंड के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलखन में रविवार को आयोजित साप्ताहिक मुख्यमंत्री जन आरोग्य शिविर में 37 महिला,पुरुष और बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।शिविर में आए सभी मरीजों की जांच के बाद उन्हें मुफ्त दवाएं भी वितरित की गई।इस शिविर का उद्देश्य था ग्रामीण और पहाड़ी सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए गरीब और जरूरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना।कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की भी जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक दवाएं और चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। जांच के दौरान मरीजों का एचबी, ब्लड शुगर, एचआईवी, टाइफॉइड, मलेरिया आदि का



परीक्षण किया गया। अधिकांश मरीज मलेरिया, टाइफॉइड, सर्दी-जुकाम और खांसी जैसी मौसमी बीमारियों से पीड़ित पाए गए।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार ऐसे शिविरों से मरीजों को समय पर इलाज और सही परामर्श मिल रहा है,जिससे वे झोलाछाप और नीम-हकीम डॉक्टरों के शोषण से बच पा रहे हैं।स्थानीय जन प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की खुले दिल से सराहना की।उन्होंने कहा कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं न केवल सुलभ हुई हैं, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर तबके को भी बड़ी राहत मिल रही है।शिविर में फार्मासिस्ट राकेश सिंह राणा, लैब टेक्नीशियन मनीष राय, एएनएम सुनीता विश्व कर्मा एवं सितारा देवी, स्वास्थ्यकर्मी राजेश कुमार तथा दाई सोमरी देवी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सहभागिता सराहनीय रही।

# दुद्धी NH-39 पर बोलेरो बिजली पोल से टकराई, बाइक को बचाने में हुआ हादसा

**समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। दुद्धी नेशनल हाईवे-39 पर काली जी मंदिर की ओर जा रही एक बोलेरो अनियंत्रित होकर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के सामने बिजली के पोल से टकरा गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल कुछ देर के लिए बना रहा । बोलेरो चालक ने बताया कि अचानक सामने आए एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में वाहन का संतुलन



बिगड़ गया, जिससे यह दुर्घटना हुई। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ। दुर्घटना के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे आवागमन प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही कस्बा प्रभारी अमित कुमार सिंह और कांस्टेबल सर्वेश सिंह मौके पर पहुंचे और बोलेरो को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। वहीं इस हादसे में बिजली का पोल क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री की बड़ी लापरवाही बाड़ी कोल बस्ती में फटी मुख्य पाइपलाइन, बना 10 फीट गहरा गड्ढा, टला बड़ा हादसा

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र।औद्योगिक क्षेत्र ओबरा के बाड़ी गांव स्थित कोल बस्ती में पिछले कई दिनों से एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। सोन नदी से अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री को पानी सप्लाई करने वाली मुख्य पाइपलाइन अचानक फट गई, जिसके बाद लाखों लीटर पानी बहकर बर्बाद हो गया। इस भीषण गर्मी में जहाँ ग्रामीण पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं, वहीं कंपनी प्रबंधन की इस घोर लापरवाही ने गरीब आदिवासियों और झोपड़ी वासियों के आशियानों को संकट में डाल दिया था। पाइपलाइन फटने के कारण पानी का दबाव इतना तेज था कि घनी आबादी और बच्चों की मौजूदगी वाली इस कोल बस्ती के बीचों-बीच देखते ही देखते लगभग 10 फीट गहरा और चौड़ा गड्ढा बन गया। पानी लगातार बहने से मिट्टी धंस रही थी और यह गहरा गड्ढा किसी बड़े हादसे को खुली दावत दे रहा था। स्थानीय ग्रामीण और कोल बस्ती के लोग इस स्थिति को देखकर पिछले कई दिनों से बेहद भयभीत और परेशान थे, लेकिन औद्योगिक प्रबंधन इस गंभीर समस्या पर पूरी तरह आंखें मूंदे बैठा था। रविवार को जैसे ही इस संवेदनशील मामले की सूचना स्थानीय पत्रकार को मिली, उन्होंने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए बिना समय गंवाए सीधे ग्राउंड जीरो (बाड़ी कोल बस्ती) का रुख किया। मौके पर पहुंचकर जब उन्होंने बदतर हालात देखे, तो तत्काल



तत्परता दिखाते हुए अल्ट्राटेक कंपनी प्रबंधन और संबंधित ज़िम्मेदार अधिकारियों से संपर्क साधा। पत्रकार के कड़े रुख और त्वरित हस्तक्षेप के बाद प्रबंधन हरकत में आया और पानी की इस सप्लाई को तुरंत बंद करवाया गया, जिसके बाद जाकर डरे-सहमे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। मामले को शांत कराने के बाद पत्रकार ने स्थानीय लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए कंपनी प्रबंधन के समक्ष एक बेहद व्यावहारिक और न्यायसंगत मांग रखी है। उन्होंने कहा एक तरफ जहाँ कंपनी की लापरवाही से हजारों-लाखों लीटर कीमती पानी बहकर नाले और गड्ढों में बेकार चला गया, वहीं दूसरी तरफ इस बस्ती के गरीब ग्रामीण पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन को चाहिए कि इस लीकेज को ठीक करने के साथ-साथ सामाजिक सरोकार (CSR) के तहत इस पूरी कोल बस्ती के लिए एक टोटी (नल) की स्थायी व्यवस्था करे। अगर इस फटी हुई पाइपलाइन की जगह कंपनी एक टोटी लगा देती है, तो भीषण गर्मी की मार झेल रहे इन गरीब ग्रामीणों को पीने का साफ पानी मिल सकेगा और उन्हें इस संकट से बड़ी राहत मिलेगी। अब क्षेत्र की जनता और पीड़ित ग्रामीणों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन इस बड़ी लापरवाही से क्या सबक लेता है। कंपनी इस खतरनाक पाइपलाइन की मुकम्मल मरम्मत कब तक कराती है और कोल बस्ती के गरीबों के लिए पानी की टोटी लगाने की इस जायज व मानवीय मांग को कितनी गंभीरता से लेती है, यह देखने वाली बात होगी।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। पन्नूगंज थाना क्षेत्र के सोनवट पेट्रोल पंप के समीप रविवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने पहले पन्नूगंज थाने पर प्रदर्शन किया और बाद में रामगढ़ कस्बे में चक्का जाम कर आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग की। जानकारी के अनुसार पन्नूगंज गांव निवासी सत्यम उर्फ राहुल सोनी (24) पुत्र नंदलाल सोनी किसी आवश्यक कार्य से खंड्डई गांव गए हुए थे। रविवार दोपहर करीब 1:15 बजे कार्य समाप्त कर बाइक से घर लौटते समय सोनवट पेट्रोल पंप के आगे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर का पहिया राहुल के सिर पर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही



मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। हालांकि परिजनों का आरोप है कि उन्हें घटना की सूचना दिए बिना ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, जबकि मृतक का घर घटनास्थल से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। परिजनों का कहना है कि जब तक वे मौके पर पहुंचे, तब तक शव रवाना किया जा चुका था। इस बात से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने पहले पन्नूगंज थाने के सामने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद दोपहर करीब 3 बजे रामगढ़ कस्बे में नहर के पास चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी चालक की

तत्काल गिरफ्तारी , ट्रैक्टर की बरामदगी और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

चक्का जाम की सूचना पर क्षेत्रा धिकारी राज सोनकर सहित रामपुर बरकोनिया और रायपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। मृतक राहुल सोनी दो भाइयों में बड़े थे। परिवार में एक बहन, पत्नी और करीब एक-दो माह का मासूम पुत्र है। उनके पिता नंदलाल सोनी रामगढ़ बाजार में "राहुल ज्वेलर्स" नाम से आभूषण की दुकान संचालित करते हैं। घटना के समय वह उत्तराखंड गए हुए थे और हादसे की सूचना मिलने के बाद तत्काल घर के लिए रवाना हो गए। पन्नूगंज प्रभारी निरीक्षक माधव सिंह ने बताया कि मृतक के चाचा सुनील सोनी की तहरीर पर ट्रैक्टर मालिक एवं चालक भोला अग्रवाल निवासी पन्नूगंज के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं घटना को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार ने बताया आज सुबह लगभग 12 से 12:30 के आसपास पन्नूगंज निवासी सत्यम सोनी की एक ट्रैक्टर से टक्कर हो जाने के फलस्वरुप उनकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में थाना पन्नूगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए ट्रैक्टर को बरामद कर लिया गया है तथा अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। परिजनों द्वारा आक्रोश में आकर कुछ समय के लिए रोड को जाम किया गया था परिजनों को समझा बुझाकर रोड खाली करवा दिया गया है। मौके पर कानून संबंधित कोई समस्या नहीं है अभियोग में अन्य विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

# घोरावल विधायक डॉ अनिल मौर्या ने किया बारात घर का लोकार्पण

**समाज जागरण**

घोरावल/ सोनभद्र। रविवार को आदर्श नगर पंचायत घोरावल के वार्ड न. 10 मे घोरावल विधायक डा. अनिल मौर्य ने 1करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से बने बारात घर का लोकार्पण किया.इसके अलावा 58.3 लाख लागत के मंडी गेट से रोडवेज उत्तरी गेट तक सीसी रोड का चौडीकरण और शेष भाग मे सीसी का निर्माण तथा 97 लाख लागत से घोरावल रोडवेज से शमशान होते हुए मीरजापुर रोड तक सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास व भूमि पूजन किया. बारात घर के लोकार्पण के अवसर पर विधायक ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र पर विश्वास करती है और आज बारात घर का उद्घाटन इसका प्रमाण है। नगर पंचायत घोरावल मे इस प्रकार के भवन की बहुत आवश्यकता थी जो आज जाकर पूरी हुई जिससे आम जनमानस लाभा न्वित होगा.तो वही जिला पंचायत



सदस्य (मूर्तियां) नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि नगर के सर्वांगिण विकास के लिए विधायक जी के प्रयास की जितनी प्रशंसा की जाए कम है. बारात घर को मूर्त रूप देने के लिए नगर विकास मंत्री का तहे दिल से आभार है। बताते चले कि 8000 वर्ग फीट मे बने इस बारात घर मे 2500 वर्ग फीट मे एक बडा हॉल, पंचायत कक्ष, रसोई घर और सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था है.बारात घर के लोकार्पण के अवसर पर मंडल अध्यक्ष सीमा गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र मौर्य,कैलाश सिंह, सुभाष सिंह, श्रवण सिंह, आनंद पटेल, सभासद दीपक ऊमर, केपी मौर्य, दीपक यादव, लवकुश केशरी, राजेन्द्र शर्मा, संतोष वैसवार, संतोष मौर्य, अशोक अग्रहरि, बच्चा कनौजिया, मोहम्मद हनीफ, रेहाना बेगम, सुमन देवी, अमर देवी, बाबू लाल भारती, इमरान शेख, मुमताज अली, जयनाथ कुशवाहा तथा नगर के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश उमर ने किया।

# पेड़ से फंदा लगाकर अधेड़ ने की आत्महत्या, सात बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के सलखन चौकी अंतर्गत बैरीहवा टोला में रविवार सुबह एक अधेड़ द्वारा पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैरीहवा टोला निवासी धर्मेंद्र उर्फ पौड़ी (45 वर्ष) पुत्र देवीदयाल रविवार सुबह लगभग 9 बजे गांव के मुख्य संपर्क मार्ग के समीप सागर के घर के पीछे स्थित बबूल के पेड़ पर लुंगी का फंदा बनाकर लटक गए। स्थानीय



लोगों ने जब उनका शव पेड़ से लटका देखा तो इसकी सूचना परिजनों एवं पुलिस को दी।

घटना की जानकारी मिलते ही चोपन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मौजूदगी में शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

मृतक अपने पीछे पांच पुत्र एवं दो पुत्रियों सहित सात बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल व्याप्त है।

पुलिस के अनुसार आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। चोपन थाना क्षेत्र के बैरीहवा टोला की इस घटना से पूरे गांव में शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# वृंदावन से आए कलाकारों की रासलीला का श्रद्धालुओं ने लिया आनंद

**251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से दी गई आहुति**

**नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन जयकारे से गुंजायमान रहा यज्ञ स्थल**

**प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण**

**रामगढ़ कसारी स्थित रामसरोवर पर मंदिर परिसर में चल रहा है आयोजन**

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। रामगढ़ कसारी स्थित रामसरोवर पर मंदिर प्रांगण में रविवार को तीसरे दिन नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ में प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री



से आहुति दी गई। आरती पूजन के दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारों से गुंजायमान हो गया।प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।वहीं वृंदावन से आए कलाकारों की रात्रि में रासलीला का श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। कार्यक्रम के संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज के तीसरे दिन आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी व अमरेश तिवारी द्वारा नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ में पूजन व आरती कराया गया।प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। इस दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारे से गुंजायमान हो गया। यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।वहीं रात्रि में वृंदावन से आए कलाकारों ने रासलीला का मंचन किया,जिसका श्रद्धालुओं ने खूब आनंद लिया। भिखारी बाबा ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है।

कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार, चिंता मौर्य, शुभराम महाराज, राजेंद्र महाराज, मुन्ना बाबा, रामखेलावन, परमानंद, रमेश कुमार, कालो देवी, विमला देवी, शशि देवी आदि मौजूद रही।

# पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में 9 आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। म्योरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर हमला, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने और सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण में म्योरपुर पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 6 जून की रात एक पीड़िता को सुरक्षार्थ उसके घर ग्राम पड़री कमरीडाड़ पहुंचाकर उसकी माता के सुपुर्द करने के बाद पुलिस टीम वापस लौट रही थी। इसी दौरान विपक्षी पक्ष के लोगों और उनके साथियों ने पुलिस टीम पर लाठी-डंडे, बांस, लोहे की रॉड और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए तथा सरकारी वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। आरोपियों ने राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए लोक सेवकों के साथ मारपीट की। मामले में थाना म्योरपुर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एयरपोर्ट रोड स्थित कर्बला, म्योरपुर के पास से नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में जितेन्द्र कुमार, राहुल शर्मा, धनेश्वर, राम सुशील, रोहित शर्मा, गुलाब शर्मा, रेखा, उर्मिला और संजू शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। मामले की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

# भारत के युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत हैं और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में उनकी प्रमुख भूमिका है : युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ . मनसुख मांडविया ने माय भारत युवा सम्मेलन को संबोधित किया

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक विकसित भारत की परिकल्पना की है, जो युवा भारतीयों के विचारों, नवाचार और आकांक्षाओं से आकार लेगा, डॉ. मांडविया**

**दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि भारत के युवा अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं**

**माय भारत युवा सम्मेलन में 6,000 से अधिक युवाओं ने भाग लिया और देश भर में युवाओं को शामिल करने के लिए शुरू की गई प्रमुख पहलों को प्रदर्शित किया**

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ आज राष्ट्रीय राजधानी के त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित 'विकसित भारत के लिए युवाः माय भारत युवा सम्मेलन' को संबोधित किया।

इस सम्मेलन में देश भर से 6,000 से अधिक युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो छात्रों, युवा पेशेवरों, युवा महिलाओं, उद्यमियों, कंटेंट क्रिएटर्स, नवाचारों, उभरते दिग्गजों और उपलब्धि हासिल करने वालों सहित विविध पृष्ठभूमि वाले युवाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

इसमें राष्ट्र निर्माण में युवाओं की परिवर्तनकारी भूमिका और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा को दशार्या गया है। विधायक और गायिका श्रीमती मैथिली ठाकुर, अभिनेता श्री विक्रांत मैसी, उद्यमी श्री अमन गुप्ता और भारतीय क्रिकेटर श्री जितेश शर्मा सहित कई प्रख्यात हस्तियों ने माय भारत एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ बातचीत की और अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को उत्कृष्टता प्राप्त करने और राष्ट्रीय विकास में सार्थक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

युवा सम्मेलन में 6,000 से अधिक युवाओं ने भाग लिया और इसमें देश भर में शुरू की गई प्रमुख युवा सहभागिता पहलों को प्रदर्शित किया गया। डॉ. मांडविया ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि भारत के युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत हैं और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। उन्होंने साथ ही भारत के जनसांख्यिकीय लाभ पर भी बल दिया, जिसमें देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। उन्होंने कहा, ह्लयुवा हमारी शक्ति, हमारा गौरव, हमारा संकल्प और हमारा भविष्य हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, युवा भारतीयों को नवाचार करने, उत्कृष्टता हासिल करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के अभूतपूर्व अवसर मिले हैं। चाहे स्टार्टअप हो, खेल हो, सार्वजनिक सेवा हो, उद्यमिता हो या रचनात्मक क्षेत्र, युवा भारतीय अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं और देश की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ा रहे हैं। डॉ. मांडविया ने राष्ट्र निर्माण की दिशा में युवाओं की क्षमता को बढ़ाने और उसे सही दिशा देने के लिए 'माय भारत' की पहलों का भी उल्लेख किया।

उन्होंने माय भारत की हालिया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड उपलब्धि की भी सराहना की और युवाओं से इस मंच के कार्यक्रमों, स्वयंसेवी अवसरों और राष्ट्र निर्माण की पहलों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। डॉ. मांडविया ने युवाओं से अपनी क्षमता को पहचानने और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने का आह्वान करते हुए कहा "यह समय युवाओं का है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने एक विकसित भारत की परिकल्पना की है जो युवा भारतीयों के विचारों, नवाचार और आकांक्षाओं से आकार लेता है। हमें मिलकर एक प्रतिस्पर्धी, आत्म विश्वासी और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना होगा जो 140 करोड़ नागरिकों के सपनों को साकार करे।"

दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के युवा अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के माध्यम से देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए, कहा कि भारत के युवा मेहनती, दूरदर्शी, रचनात्मक और साहसी हैं, और एक युवा भारतीय द्वारा हासिल की गई हर उपलब्धि देश को विकसित भारत की ओर बढ़ने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता किसी भी क्षेत्र में दृढ़ता, अनुशासन और समर्पण पर आधारित होती है, और उन्होंने खेल, उद्यमिता, कंटेंट क्रिएशन, कला और सार्व जनिक सेवा के क्षेत्र में युवा भारतीयों की उपलब्धियों की सराहना की। युवा सम्मेलन के दौरान, अभिनेता विक्रांत मैसी ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था की उल्लेखनीय वृद्धि का उल्लेख किया

# आयुर्वेद के मुताबिक एक साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें

**आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.**





आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.









विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और

तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना





चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.







तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक



# पौधारोपण एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर भाजपा ने बनाई रणनीति

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



7 जून। भारतीय जनता पार्टी के किशनगंज ग्रामीण मंडल की मासिक बैठक रविवार को चकला पंचायत के फुलवारी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पांडव महतो ने की, जबकि मंडल प्रभारी सुबोध माहेश्वरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी सुबोध माहेश्वरी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंडल क्षेत्र की सभी पंचायतों एवं बूथों पर व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं से पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवधि में सभी शक्ति केंद्रों पर बैठकें आयोजित कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का अभियान चलाया जाएगा।

बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा बूथ स्तर पर कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकताओं से आगामी अभियानों को सफल बनाने के लिए समन्वय और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नेता मो. अमानुल्लाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण चौहान, मंडल महामंत्री अजय सिंह, संजय राम, रामलाल महतो, बलराम हरिजन, पिंगल शर्मा, संजय यादव, टिंकू साहनी, शक्ति केंद्र प्रमुख शिवानंद महतो, रामलला यादव, अशर्फी साहनी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तीन वर्ष में ही जर्जर हुई रूईधासा सड़क, गड्ढों में तब्दील हुआ मार्ग

**मरम्मत के अभाव में बढ़ी राहगीरों और वाहन चालकों की परेशानी, निर्माण गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल**

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



7 जून। जिला मुख्यालय के व्यस्ततम मार्गों में शामिल रूईधासा स्थित कारगिल पार्क से प्रेम पुल तक जाने वाली सड़क बदहाली की मिसाल बन चुकी है। करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित यह सड़क महज तीन वर्षों के भीतर ही जर्जर हो गई है। सड़क की ऊपरी परत कई स्थानों पर उखड़ चुकी है, जबकि जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क निर्माण के कुछ ही समय बाद इसकी परत उखड़ने लगी थी। समय बीतने के साथ सड़क की स्थिति लगातार खराब होती गई, लेकिन अब तक इसकी समुचित मरम्मत नहीं कराई गई। नतीजतन यह महत्वपूर्ण मार्ग आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

### बारिश में और विकराल हो जाती है समस्या

सड़क पर बने गड्ढों में बारिश के दौरान पानी भर जाने से वाहन चालकों को उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल हो रहे हैं। कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे यातायात भी प्रभावित हो रहा है।

### निर्माण गुणवत्ता पर उठ रहे हैं सवाल

आसपास के दुकानदारों और स्थानीय निवासियों का आरोप है कि सड़क निर्माण के एक माह के भीतर ही गिट्टियां उखड़ने लगी थीं। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हुआ होता तो सड़क इतनी कम अवधि में क्षतिग्रस्त नहीं होती। सड़क की वर्तमान स्थिति निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रही है।

### तीन वर्षों में नहीं हुई व्यापक मरम्मत

स्थानीय नागरिकों के अनुसार सड़क का निर्माण करीब तीन वर्ष पूर्व हुआ था, लेकिन अब तक इसकी व्यापक मरम्मत या पुनर्निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

### लोगों में बढ़ रहा आक्रोश

कारगिल पार्क से प्रेम पुल तक का यह मार्ग शहर के प्रमुख संपर्क मार्गों में शामिल है। इसके बावजूद सड़क की बदहाल स्थिति से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### जांच और जवाबदेही तय करने की मांग

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने, दोषी अधिकारियों एवं संवेदकों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा सड़क की शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि आम जनता की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाना आवश्यक है।

# गुमशुदा किशोरी मामले में बड़ी कार्रवाई, प्रभारी थानाध्यक्ष लाइन क्लोज, अनुसंधानकर्ता निलंबित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

7 जून। गुमशुदा किशोरी मेनका कुमारी (13 वर्ष) के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में विलंब तथा अनुसंधान में लापरवाही बरतने के आरोप में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत किशनगंज थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष को लाइन क्लोज कर दिया गया है, जबकि मामले के अनुसंधानकर्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश के अनुसार, किशनगंज थाना कांड संख्या 574/26, जो 13 वर्षीय किशोरी मेनका कुमारी की गुमशुदगी से संबंधित है, की समीक्षा के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच में पाया गया कि किशोरी के परिजन द्वारा आवेदन दिए जाने के बावजूद प्राथमिकी समय पर दर्ज नहीं की गई। आरोप है कि थाना स्तर पर आवेदन में बदलाव भी कराया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 को विस्तृत जांच का निर्देश दिया था। जांच प्रतिवेदन में पाया गया कि तत्कालीन प्रभारी थानाध्यक्ष, पुलिस निरीक्षक नेसार अहमद ने प्राथमिकी दर्ज करने में अनावश्यक विलंब किया, जो उनके कर्तव्य के विपरीत एवं घोर लापरवाही का परिचायक है। इसके आधार पर उन्हें तत्काल प्रभाव से लाइन क्लोज करते हुए सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है।

वहीं, मामले के अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक सुधीर कुशवाहा पर भी गंभीर आरोप सिद्ध पाए गए। जांच में सामने आया कि उन्होंने किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए अपेक्षित प्रयास नहीं किए तथा परिजनों के साथ दुर्व्यवहार किया। इसके अलावा घटनास्थल से मिले महत्वपूर्ण साक्ष्यों को समय पर जब्त नहीं किया गया और अनुसंधान में केवल औपचारिकता निभाई गई। इन आरोपों के आधार पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

उल्लेखनीय है कि 4 जून को किशनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रमजान नदी स्थित शिवगंगा छठ घाट के समीप किशोरी का शव बरामद हुआ था। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की गहन समीक्षा की थी।

किशनगंज पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कर्तव्य निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता, अनुशासनहीनता अथवा संदिग्ध आचरण के प्रति विभाग की 'शून्य सहिष्णुता' (Zero Tolerance) की नीति है। दोषी पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मी के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पटना के दुल्हिन बाजार में जनवितरण विक्रेताओं का महासम्मेलन

## नौ सूत्री मांगों को लेकर आर-पार की तैयारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना जिला जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान और अपनी मांगों को सरकार तक मजबूती से पहुँचाने के उद्देश्य से सोमवार को दुल्हिन बाजार में एक भव्य जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 'बिहार फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन' के बैनर तले आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय सम्मेलन को लेकर दुकानदारों में भारी उत्साह और एकजुटता देखी जा रही है। सम्मेलन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए रविवार शाम स्थानीय अतिथिशाला में अनुमंडल स्तरीय दुकानदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। संघ के प्रदेश महामंत्री वरुण कुमार सिंह ने बताया कि सम्मेलन पूरी तरह से विक्रेताओं के हितों के संरक्षण पर केंद्रित रहेगा।महामंत्री वरुण कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य शासन-प्रशासन का ध्यान दुकानदारों की गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित करना है। सम्मेलन में प्रमुख रूप से नौ सूत्री मांगों को उठाया जाएगा, जिनमें खाद्यान्न का समयबद्ध उठाव सुनिश्चित करना, मार्जिन मनी का ससमय भुगतान, माप-तौल रिन्यूअल की प्रक्रिया को सरल बनाना, और दुकानदारों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं को सुदृढ़ करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन मांगों के पूरा होने तक संघ अपना संघर्ष जारी रखेगा। इस कार्यक्रम में 'फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन' के प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ-साथ जिला स्तर के शीर्ष नेतृत्व की भागीदारी सुनिश्चित है। रविवार की तैयारी बैठक में नंद कुमार वर्मा, उपेन्द्र कुमार शर्मा, राम अयोध्या प्रसाद, मणिकांत यादव, हरिकांत उपाध्याय, पिंटू कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिंह, अमित कुमार, अभय कुमार सिंह और राजनंदन यादव सहित जिले के कई प्रमुख दुकानदार मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

# किशनगंज पुलिस ने मेनका कुमारी मौत मामले का किया खुलासा, डूबने से हुई थी मृत्यु

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

07 जून। किशनगंज थाना क्षेत्र के शिवगंगा घाट, डुमरिया भट्ठा स्थित नदी में किशोरी मेनका कुमारी (13 वर्ष) का शव मिलने के मामले का किशनगंज पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया है। पुलिस जांच, वैज्ञानिक साक्ष्यों, तकनीकी विश्लेषण और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ है कि किशोरी की मृत्यु नदी में डूबने से हुई थी।

पुलिस के अनुसार, 28 मई 2026 को मेनका कुमारी अपने मामा के घर से शाम करीब चार बजे घूमने के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। इसके बाद उसके मामा लक्ष्मण साह ने किशनगंज थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में किशनगंज थाना कांड संख्या 574/26 दर्ज कर पुलिस द्वारा खोजबीन और अनुसंधान शुरू किया गया।

जांच के दौरान 1 जून 2026 को शिवगंगा घाट, डुमरिया भट्ठा के समीप पानी से किशोरी का शव बरामद किया गया। शव का एफएसएल टीम द्वारा परीक्षण कराया गया तथा विधिवत पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए। रिपोर्ट के अनुसार श्वासनली, फेफड़े और पेट में रेत एवं मिट्टी के कण मिले, जिससे मृत्यु का कारण पानी में डूबना बताया गया।

पुलिस ने घटनास्थल की वैज्ञानिक तरीके से जांच कराई। एफएसएल टीम, डॉग स्क्वॉड और गोताखोरों की सहायता ली गई। नदी की गहराई का आकलन करने पर कई स्थानों पर 10 से 30 फीट तक गहराई पाई गई। साथ ही, घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज का भी विश्लेषण किया गया।



जांच में यह तथ्य सामने आया कि घटना के समय मेनका अपने दो मौसेरे भाइयों आयुष (10 वर्ष) और प्रिंस (15 वर्ष) के साथ नदी किनारे गई थी। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों लड़के लगातार अपने बयान बदल रहे थे। बाद में तकनीकी साक्ष्यों और परिजनों की मौजूदगी में की गई गहन पूछताछ में दोनों ने बताया कि तीनों नदी में स्नान करने गए थे। इस दौरान मेनका नदी किनारे बने बांध से पानी में छलांग लगा रही थी। एक बार वह गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। दोनों लड़कों ने पहले इसे सामान्य समझा, लेकिन जब स्थिति गंभीर हुई तो उन्होंने बचाने का प्रयास किया। पानी अधिक गहरा होने के कारण वे सफल नहीं हो सके।

दोनों किशोरों ने बताया कि घटना के बाद वे घबरा गए और परिजनों के डर से मेनका के डूबने की बात छिपा ली। उन्होंने घर लौटकर बताया कि वह शौच के लिए वापस चली गई थी। बाद में दोनों ने घटनास्थल पर पूरी घटना का विवरण दिया, जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। दोनों ने न्यायालय में भी अपना-अपना बयान दर्ज कराया।

किशनगंज पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी विश्लेषण और साक्षियों के बयानों के आधार पर मामले का सफलतापूर्वक पटाक्षेप कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा है कि प्राथमिकी दर्ज करने और प्रारंभिक अनुसंधान में किसी प्रकार की लापरवाही हुई या नहीं, इसकी अलग से जांच कराई जा रही है। साथ ही, अफवाह फैलाने अथवा पुलिस जांच में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और जांच में सहयोग करें।

# डुमरिया भट्ठा में कचरे का अंबार, वार्डवासी त्रस्त; जनप्रतिनिधि और नगर परिषद बेखबर

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 29 स्थित डुमरिया भट्ठा की पुराना भाजपा कार्यालय गली इन दिनों बदहाल स्थिति में है। गली में जगह-जगह कचरे का अंबार लगा हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। आरोप है कि नगर परिषद की लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण समस्या दिनोंदिन गंभीर होती जा रही है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार क्षेत्र में नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं कराई जा रही है। कई दिनों से कचरा नहीं उठाए जाने के कारण गली में गंदगी का बड़ा ढेर जमा हो गया है। तेज धूप और उमस के कारण कचरा सड़ने लगा है, जिससे उठने वाली दुर्गंध ने आसपास के लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को नाक और मुंह ढंककर घरों से निकलना पड़ रहा है।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि गली धीरे-धीरे अस्थायी डंपिंग जोन में तब्दील होती जा रही है। गंदगी के कारण मच्छरों और मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। बावजूद इसके न तो वार्ड पार्षद ने समस्या की सुध ली है और न ही नगर परिषद प्रशासन ने कोई ठोस पहल की है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सफाई व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है। वार्ड में नियमित कचरा उठाव और सफाई के दावों की जमीनी हकीकत डुमरिया भट्ठा की यह गली बयां कर रही है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

वार्डवासियों ने नगर परिषद प्रशासन से तत्काल कचरे का उठाव कराने, नियमित सफाई व्यवस्था बहाल करने और क्षेत्र को गंदगी से मुक्त कराने की मांग की है।

# टेऊसा में स्मैक का जहर: नशे की गिरफ्त में फंस रही युवा पीढ़ी

**नरसिंह डागा फार्म हाउस बना नशेड़ियों का अड्डा, ग्रामीणों में दहशत, प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग**

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



किशनगंज के टेऊसा पंचायत में स्मैक का बढ़ता प्रचलन समाज के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। गांव और आसपास के क्षेत्रों में नशे का जाल इस कदर फैल रहा है कि युवा पीढ़ी तेजी से इसकी चपेट में आती दिखाई दे रही है। स्मैक का यह जहर न केवल युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा है, बल्कि परिवारों की खुशियां और समाज की शांति भी छीन रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार टेऊसा पंचायत स्थित नरसिंह डागा फार्म हाउस और आसपास के इलाकों में नशेड़ियों का जमावड़ा आम बात हो गई है। सुबह से देर रात तक संदिग्ध गतिविधियां देखी जाती हैं। इससे क्षेत्र का माहौल लगातार खराब होता जा रहा है और आम लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है।

### युवाओं का भविष्य अंधकार में

ग्रामीणों का कहना है कि कई युवक स्मैक की लत का शिकार हो चुके हैं। नशे की लत ने अनेक परिवारों को आर्थिक संकट, मानसिक तनाव और सामाजिक परेशानियों में धकेल दिया है। अभिभावकों की चिंता बढ़ती जा रही है क्योंकि जिस उम्र में युवाओं को शिक्षा, रोजगार और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ना चाहिए, उस उम्र में वे नशे की गिरफ्त में फंसते जा रहे हैं।

### समाज को खोखला कर रहा है नशा

स्मैक जैसे घातक नशीले पदार्थ केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करते हैं। नशे की लत अपराध, हिंसा, पारिवारिक कलह और सामाजिक विघटन को जन्म देती है। विशेषज्ञों का मानना है कि स्मैक का लगातार सेवन युवाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है तथा उन्हें धीरे-धीरे विनाश की ओर ले जाता है।

### महिलाओं और बच्चों में बढ़ी चिंता

ग्रामीणों का कहना है कि नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों से महिलाओं और बच्चों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। शाम ढलते ही कई स्थानों पर संदिग्ध लोगों का जमावड़ा लगने से स्थानीय लोग खुद को असहज और असुरक्षित महसूस करते हैं।

### प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर स्मैक और अन्य मादक पदार्थों के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि नशे के अड्डों की पहचान कर वहां नियमित निगरानी, छापेमारी और कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि युवाओं को इस दलदल में जाने से बचाया जा सके।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निर्णायक कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं तथा एक पूरी पीढ़ी नशे की भेंट चढ़ सकती है।

स्मैक कोई नशा नहीं, बल्कि समाज को भीतर से खोखला करने वाला धीमा जहर है। यह युवाओं के सपनों, परिवारों की खुशियों और क्षेत्र के भविष्य को निगल रहा है। टेऊसा सहित पूरे इलाके को इस अभिशाप से मुक्त करने के लिए प्रशासनिक कार्रवाई और सामाजिक जागरूकता दोनों की आवश्यकता है।

# 10 सर्कुलर रोड छोड़ेंगी राबड़ी देवी ? कौटिल्य नगर पहुंचने से तेज हुई राजनीतिक चर्चा

**समाज जागरण, पटना।**



बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी एक बार फिर राजनीतिक चचाओं के केंद्र में हैं। 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने के निर्देश के बीच सोमवार को उनका कौटिल्य नगर स्थित निजी आवास पर पहुंचना कई तरह की अटकलों को जन्म दे रहा है।

जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा सरकारी बंगला खाली करने के निर्देश के बाद राबड़ी देवी ने कौटिल्य नगर स्थित आवास का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके इस दौरे को संभावित आवास परिवर्तन से जोड़कर देखा जा रहा है। इधर, सरकारी बंगला खाली कराने के मुद्दे के साथ-साथ लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव की सुरक्षा व्यवस्था में कटौती का मामला भी राजनीतिक बहस का विषय बना हुआ है। इस निर्णय के विरोध में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कई नेताओं ने अपनी सरकारी सुरक्षा वापस कर दी है। सूत्रों का कहना है कि यदि सरकारी स्तर पर दबाव बढ़ता है और बंगला खाली कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ती है, तो राबड़ी देवी अपने परिवार के साथ कौटिल्य नगर स्थित आवास में शिफ्ट हो सकती हैं। हालांकि इस संबंध में अभी तक परिवार या पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# एएनटीएफ की बड़ी कार्रवाई, 88.23 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

07 जून। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नवगठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक कथित तस्कर को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने उसके कब्जे से 88.23 ग्राम स्मैक, 11,670 नकद, 10 मोबाइल फोन तथा दो डिजिटल तराजू बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देशन में मिली गुप्त सूचना के आधार पर 6 जून को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 के नेतृत्व में एएनटीएफ और बहादुरगंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बहादुरगंज थाना क्षेत्र के लोहागाड़ा इस्मत टोला में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 34 वर्षीय सद्दाम अंसारी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी अपने घर में अवैध मादक पदार्थ का भंडारण कर उसकी खरीद-बिक्री करता था। तलाशी के दौरान उसके पास से 88.23 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 18 लाख रुपये आंकी गई है।

इस संबंध में बहादुरगंज थाना कांड संख्या 362/26 दर्ज कर एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8(सी)/21(बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की पहचान, मादक पदार्थ के स्रोत तथा वितरण नेटवर्क की जांच में जुटी है। साथ ही तस्करी से अर्जित कथित अवैध संपत्ति का पता लगाकर उसे जब्त करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले को नशामुक्त बनाने के लिए मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री या तस्करी से संबंधित कोई भी सूचना एएनटीएफ हेल्पलाइन नंबर 9031816150 पर दें। सूचनादाता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1, एएनटीएफ प्रभारी, जिला आसूचना इकाई के अधिकारियों तथा बहादुरगंज थाना के पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# पटना में ब्लिंकिट डिलीवरी कर्मियों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी, ऑनलाइन सेवा ठप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ वेतन वृद्धि, इंसेंटिव की बहाली और शोषण के खिलाफ पटना के अनीसाबाद स्थित ब्लिंकिट सुपर स्टोर के बाहर डिलीवरी कर्मियों का प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। सैकड़ों की संख्या में जुटे डिलीवरी पार्टनरों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जमकर नारेबाजी की। इस हड़ताल के चलते राजधानी के कई इलाकों में ऑनलाइन किराना और अन्य आवश्यक सामानों की होम डिलीवरी सेवा पूरी तरह से ठप हो गई है। प्रदर्शनकारी कर्मियों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी और वाहन के रखरखाव, टायर एवं इंजन ऑयल के बढ़ते खर्च ने उनकी कमर तोड़ दी है। इसके बावजूद, कंपनी प्रबंधन उनकी आय में कोई इजाफा नहीं कर रहा है। कर्मियों ने बताया कि एक डिलीवरी पार्टनर को प्रतिदिन 15 से 16 घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है, लेकिन मिलने वाला पारिश्रमिक उस अनुपात में बेहद कम है। पूर्व में मिलने वाले इंसेंटिव को भी मनमाने तरीके से कम या बंद कर दिया गया है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। आंदोलनरत कर्मियों ने कंपनी प्रबंधन पर दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाया है। कर्मियों का कहना है कि जैसे ही उन्होंने अपनी मांगों के लिए आवाज उठाई, कई डिलीवरी पार्टनरों की आईडी बिना किसी पूर्व सूचना के ब्लॉक कर दी गई। वहीं, कई अन्य को नौकरी से हटाने की धमकी दी जा रही है। इस रवैये ने कर्मियों के आक्रोश को और बढ़ा दिया है। धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों ने साफ कर दिया है कि जब तक उनकी आईडी बहाल नहीं की जाती और डिलीवरी शुल्क व इंसेंटिव में उचित बढ़ोतरी का ठोस आश्वासन नहीं मिलता, तब तक वे काम पर नहीं लौटेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अपनी समस्याओं को लेकर अब उच्च अधिकारियों और श्रम विभाग का दरवाजा खटखटाएंगे। फिलहाल, इस हड़ताल से उपभोक्ताओं को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



# पटना में गोपालपुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडिन युक्त कफ सिरप की खेप के साथ दो अंतरजिला तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद नशे की खेप की कीमत बाजार में लाखों में आंकी जा रही है। गोपालपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के रास्ते नशीली दवाओं की एक बड़ी खेप कहीं और पहुंचाई जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई और संदिग्ध स्थानों पर जाल बिछाया गया। तलाशी के दौरान एक ऑटो की जांच की गई, जिसमें से प्रतिबंधित कफ सिरप के 20 कार्टन बरामद हुए। पुलिस ने मौके से 600 बोतल कोडिन युक्त नशीली कफ सिरप जब्त की है। इसके अतिरिक्त तस्करों के पास से एक मोटरसाइकिल, एक ऑटो, दो मोबाइल फोन और 7,500 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं।